किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853

दैनिक

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

समाज जागरण

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्ष: 4 अंक: 326 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) शुक्रवार 04 सितम्बर 2026 http://samajjagran.in पृष्ठ - 12 मूल्य 05 रुपया

बैड लोन में बांग्लादेश की हालत खराब हर 100 टका में करीब 33 टका कर्ज फंसा

ढाका। बांग्लादेश की बैंकिंग व्यवस्था गंभीर संकट से जूझ रही है। देश में बढ़ते डूबे हुए कर्ज यानी बैड लोन ने अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ा दिया है। उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, बांग्लादेशी बैंकों द्वारा दिए गए हर 100 टका के कर्ज में करीब 33 टका अब फंसा हुआ है।

बैंकिंग क्षेत्र में बढ़ते संकट ने देश की आर्थिक स्थिति पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। राजनीतिक अस्थिरता और कमजोर आर्थिक परिस्थितियों के बीच बैंकों की वित्तीय स्थिति लगातार चुनौतीपूर्ण बनी हुई है। बढ़ते डूबे कर्ज से बैंकों की ऋण देने की क्षमता और अर्थव्यवस्था में निवेश पर भी असर पड़ने की आशंका है।

बांग्लादेश में आर्थिक संकट के बीच चीन से बढ़ते आर्थिक सहयोग और निवेश की उम्मीदों के बावजूद बैंकिंग क्षेत्र की समस्याएं कम नहीं हुई हैं। हालांकि, बैड लोन के मामले में दुनिया में बांग्लादेश के पहले स्थान पर होने के दावे की पुष्टि के लिए संबंधित अंतरराष्ट्रीय आंकड़ों और स्रोतों का स्वतंत्र सत्यापन जरूरी है।

हवाला के जरिये आतंकियों तक पहुंच रहा पैसा

नई दिल्ली। दुनिया में हवाला, भूमिगत बैंकिंग और अनौपचारिक धन हस्तांतरण नेटवर्क का इस्तेमाल केवल अवैध धन के लेन-देन तक सीमित नहीं है। वित्तीय कार्रवाई कार्यबल (एफएटीएफ) की हालिया रिपोर्ट के अनुसार, इन नेटवर्क के जरिये आतंकवादी संगठनों तक भी धन पहुंचाया जा रहा है।

चीनी के दाम घटे, फिर भी राहत अधूरी!

एक सप्ताह में महज 3.85 प्रतिशत गिरावट, खुदरा कीमत 62.57 रुपये किलो; पिछले महीने के मुकाबले अब भी करीब 27 फीसदी महंगी, कई जगह 70 रुपये किलो तक बिक्री

समाज जागरण

नई दिल्ली। देश में चीनी की कीमतों को लेकर सरकार के हस्तक्षेप का असर बाजार में दिखाई तो देने लगा है, लेकिन आम उपभोक्ता को अभी पूरी राहत मिलती नजर नहीं आ रही। सरकार की ओर से चीनी के आयात की अनुमति देने और थोक उपभोक्ताओं तथा कारोबारियों के लिए भंडारण संबंधी नियम सख्त किए जाने के बाद एक सप्ताह में चीनी की औसत खुदरा कीमत 3.85 प्रतिशत घटकर 62.57 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई है। इससे पहले यह कीमत 65.08 रुपये प्रति किलोग्राम थी। हालांकि, कीमतों में यह कमी उस तेज बढ़ोतरी के मुकाबले बेहद मामूली है, जिसने घरेलू बजट को प्रभावित किया है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, चीनी का औसत थोक मूल्य भी दो सितंबर को घटकर 57.62 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया, जबकि एक सप्ताह पहले यह 60.39 रुपये प्रति किलोग्राम था। यानी थोक बाजार में भी करीब 2.77 रुपये प्रति किलोग्राम की कमी आई है। इसके बावजूद खुदरा बाजार में इसका पूरा लाभ उपभोक्ताओं तक नहीं पहुंचा है।

पुराना महंगा स्टॉक भी बना वजह

सूत्रों के मुताबिक थोक कीमतों में गिरावट का असर खुदरा बाजार में तत्काल दिखाई नहीं देता। खुदरा विक्रेताओं ने पहले ऊंची कीमत पर चीनी का स्टॉक खरीदा था। ऐसे में वे पुराने स्टॉक को नुकसान में बेचने के बजाय ऊंची खरीद कीमत के आधार पर ही बिक्री करते हैं।

आमतौर पर एक खुदरा विक्रेता के पास चीनी की 50-50 किलोग्राम की 10 से 15 बोरियां तक होती हैं। नया स्टॉक कम कीमत पर खरीदे जाने के बाद ही खुदरा कीमतों में कमी का असर स्पष्ट रूप से दिखाई देने की संभावना रहती है।

उद्योग से जुड़े एक सूत्र के मुताबिक थोक कीमत में गिरावट का असर खुदरा कीमतों में दिखाई देने में कम से कम 10 दिन लग सकते हैं।

सरकार ने उठाए कई कदम

चीनी की कीमतों में अचानक हुई बढ़ोतरी पर अंकुश लगाने के लिए केंद्र सरकार ने कई कदम उठाए हैं। सरकार ने 10 लाख टन चीनी के आयात की अनुमति दी है। इसके साथ ही थोक उपभोक्ताओं और कारोबारियों के लिए चीनी का स्टॉक रखने संबंधी नियमों को भी सख्त किया गया है। केंद्र सरकार ने चीनी मिलों पर कीमतें बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि देश में पर्याप्त मात्रा में चीनी उपलब्ध है। हालांकि, वर्ष 2025-26 के लिए चीनी उत्पादन का अनुमान पहले के 343 लाख टन से घटा कर 306 लाख टन किया जा चुका है।

मांग से ज्यादा उत्पादन, फिर भी कीमतों पर दबाव

देश में सालाना चीनी की मांग करीब 280-285 लाख टन रहने का अनुमान है। इसके मुकाबले 306 लाख टन उत्पादन का अनुमान लगाया गया है। आंकड़ों के स्तर पर यह मांग से अधिक उत्पादन है। ऐसे में बाजार में कीमतों में इतनी तेज वृद्धि और उसके बाद अचानक गिरावट का सवाल और महत्वपूर्ण हो जाता है।

आम आदमी की रसोई में राहत कब?

सरकारी आंकड़ों में कीमतों में गिरावट भले ही दर्ज हो रही हो, लेकिन उपभोक्ता के लिए वास्तविक राहत तभी मानी जाएगी जब बाजार में चीनी पुराने ऊंचे भाव से निकलकर लगातार कम कीमत पर उपलब्ध हो। एक सप्ताह में 3.85 प्रतिशत की कमी निश्चित रूप से गिरावट का संकेत है, लेकिन पिछले महीने की तुलना में कीमत अब भी करीब 27 प्रतिशत अधिक है।

ऐसे में सरकार के सामने दोहरी चुनौती है–एक ओर पर्याप्त स्टॉक होने के दावे को बाजार में वास्तविक उपलब्धता के रूप में साबित करना और दूसरी ओर यह सुनिश्चित करना कि थोक बाजार में आई गिरावट का लाभ जल्द से जल्द खुदरा उपभोक्ता तक पहुंचे। (इनपुट- पीटीआई)

सवाल यह कि पर्याप्त स्टॉक के बावजूद इतनी तेजी क्यों?

चीनी की कीमतों को लेकर सबसे बड़ा सवाल यही है कि जब केंद्र सरकार देश में चीनी का पर्याप्त भंडार होने की बात कह रही है, तो कीमतों में इतनी तेज वृद्धि आखिर क्यों हुई? पिछले महीने चीनी का औसत खुदरा मूल्य करीब 49.33 रुपये प्रति किलोग्राम था, जो अब 62.57 रुपये तक पहुंचने के बाद घटा है। यानी एक महीने के दौरान कीमत अभी भी करीब 27 प्रतिशत अधिक है।

बाजार के कई हिस्सों में उपभोक्ताओं को इससे भी अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। कई स्थानों पर चीनी 70 रुपये प्रति किलोग्राम तक बिकने की शिकायतें सामने आ रही हैं। ऐसे में सरकारी औसत कीमत और स्थानीय बाजार में उपभोक्ता द्वारा चुकाई जा रही कीमत के बीच का अंतर भी सवाल खड़ा करता है।

उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन आज चंडीगढ़ में

समाज जागरण

चंडीगढ़। उपराष्ट्रपति एवं पंजाब विश्वविद्यालय के पदेन कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन शुक्रवार को चंडीगढ़ स्थित पंजाब विश्वविद्यालय का दौरा करेंगे। उपराष्ट्रपति बनने के बाद यह उनका पहला चंडीगढ़ दौरा होगा। इस दौरान वे उन्नत उपकरण सुविधा तथा तकनीकी नवाचार मंच का उद्घाटन करेंगे। इनसे विश्वविद्यालय में अनुसंधान, नवाचार और स्टार्टअप गतिविधियों को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।

भारत की आर्थिक प्रगति दुनिया के लिए विश्वास का स्रोत : मोदी

समाज जागरण

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और बेल्जियम के प्रधानमंत्री बार्ट डी वेवर के बीच गुरुवार को हुई वार्ता में दोनों देशों ने व्यापार, रक्षा, महत्वपूर्ण खनिज, स्वच्छ ऊर्जा और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर सहमति जताई। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत की अर्थव्यवस्था मजबूती से आगे बढ़ रही है। पिछली तिमाही में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर दर्ज की गई है और भारत की आर्थिक प्रगति दुनिया के लिए विश्वास तथा नए अवसरों का स्रोत बन रही है। दोनों देशों ने रक्षा सहयोग, सैन्य प्रशिक्षण, रक्षा उपकरणों के सह-विकास और सह-उत्पादन को बढ़ावा देने पर भी सहमति जताई। इसके अलावा स्टार्टअप, विश्वविद्यालयों, अनुसंधान, समुद्री क्षेत्र और प्रतिभाओं की आवाजाही को सुगम बनाने पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री ने स्वच्छ ऊर्जा और महत्वपूर्ण खनिजों की विश्वसनीय आपूर्ति श्रृंखला को साझा प्राथमिकता बताया। दोनों देशों ने महत्वपूर्ण खनिजों के प्रसंस्करण एवं पुनर्चक्रण तथा सेमीकंडक्टर क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने का निर्णय लिया।

मोदी ने यूक्रेन और पश्चिम एशिया के संघर्षों का समाधान संवाद एवं कूटनीति से किए जाने की वकालत करते हुए कहा कि भारत और बेल्जियम आतंकवाद के हर रूप को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

आयुष्मान योजना में बड़ा फर्जीवाड़ा, मुर्दे को जीवित दिखाकर कराया इलाज

समाज जागरण

भोपाल। आयुष्मान भारत योजना के तहत निजी अस्पतालों में फर्जीवाड़े का बड़ा मामला सामने आया है। जनवरी 2026 से अब तक हुई जांच में मरीजों के अभिलेख, उपचार संबंधी दस्तावेज और बीमा दावों की जांच के दौरान गंभीर अनियमितताएं पकड़ी गई हैं।

जांच में एक अस्पताल ने मृत व्यक्ति को जीवित दिखाकर उसका इलाज किया और योजना के तहत भुगतान का दावा कर दिया। वहीं, दूसरे अस्पताल ने भोपाल से करीब 700 किलोमीटर दूर रहने वाले मरीजों को अस्पताल में भर्ती दिखाकर उपचार का अभिलेख तैयार कर दिया।

जांच एजेंसी ने फर्जी भर्ती, फर्जी उपचार और संदिग्ध दावों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अस्पतालों के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। मामले ने गरीबों के मुफ्त इलाज के लिए संचालित योजना की निगरानी व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

गरीबों का पैसा खा रहे नेता-कर्मचारी, भाजपा विधायक जयंत मलैया का वीडियो वायरल

समाज जागरण

भोपाल। मध्य प्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री और भाजपा विधायक जयंत मलैया इन दिनों एक वीडियो को लेकर चर्चा में हैं। वायरल वीडियो में वह प्रशासनिक व्यवस्था और भ्रष्टाचार को लेकर नाराजगी जताते नजर आ रहे हैं। मलैया ने आरोप लगाया कि नेता और कर्मचारी गरीबों से पैसे ले रहे हैं। उन्होंने नगर पालिका के पार्षदों और कर्मचारियों पर भी गरीबों से पैसे लेने की बात कही। मलैया ने स्पष्ट किया कि यह किसी एक राजनीतिक दल का मामला नहीं है। उनके बयान के बाद प्रदेश की राजनीतिक और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर बहस तेज हो गई है।

कौन हैं जयंत मलैया?

जयंत मलैया दमोह से भाजपा के वरिष्ठ नेता और विधायक हैं। वह मध्य प्रदेश सरकार में वित्त मंत्री समेत कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाल चुके हैं। बुंदेलखंड की राजनीति में उनकी गिनती भाजपा के प्रमुख नेताओं में होती है।

स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास, मिताली राज का विश्व कीर्तिमान पीछे छोड़ा

समाज जागरण

नई दिल्ली। भारतीय महिला क्रिकेट की स्टार बल्लेबाज स्मृति मंधाना ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में नया विश्व कीर्तिमान स्थापित कर दिया है। महिला एशिया कप में हांगकांग के खिलाफ मुकाबले में मंधाना ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए पूर्व भारतीय कप्तान मिताली राज का सर्वाधिक रन बनाने का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

मिताली राज के नाम 10,868 अंतरराष्ट्रीय रन थे। इस रिकॉर्ड को तोड़ने के लिए मंधाना को 113 रन की जरूरत थी, जिसे उन्होंने महज 60 गेंदों में पूरा कर इतिहास रच दिया। मंधाना के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अब 10,869 रन हो गए हैं। इसके साथ ही वह महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज बन गई हैं। मंधाना ने न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स, इंग्लैंड की शार्लट एडवर्ड्स और वेस्टइंडीज की स्टेफनी टेलर जैसी दिग्गज खिलाड़ियों को भी पीछे छोड़ दिया है। उनकी इस उपलब्धि ने उन्हें महिला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट की नई शीर्ष बल्लेबाज बना दिया है।

गंगा का जलस्तर रिकॉर्ड स्तर पर, पुनपुन का रिंग बांध टूटा

पटना। बिहार में गंगा समेत कई नदियों का जलस्तर लगातार बढ़ने से बाढ़ का खतरा गहरा गया है। पटना में पुनपुन नदी का रिंग बांध टूटने के बाद प्रशासन बचाव कार्य में जुटा है। टूटे बांध को बचाने के लिए बालू की बोरियों और बांस का सहारा लिया जा रहा है। पटना सिटी में गंगा किनारे कई मकानों में पानी घुसने लगा है। जेपी गंगा पथ के समीप सर्विस रोड जलमग्न होने के कारण उसे बंद कर दिया गया है। भद्र घाट पर भी कमर से अधिक पानी जमा है। भागलपुर सहित कई जिलों में तटबंधों पर बढ़ते जलदबाव से स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। हालात ने 1975, 2016 और 2019 की भीषण बाढ़ की यादें ताजा कर दी हैं।



राम मंदिर न्यास में नए नेतृत्व से नई उम्मीदें

महेन्द्र तिवारी

अयोध्या स्थित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर आज केवल एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, राष्ट्रीय अस्मिता और करोड़ों लोगों की अटूट आस्था का सबसे बड़ा प्रतीक बन चुका है। सदियों के संघर्ष, न्यायिक प्रक्रिया और भव्य निर्माण के बाद अब यह मंदिर एक ऐसे चरण में प्रवेश कर चुका है जहां सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न उसके स्थायी, पारदर्शी और जनोन्मुखी संचालन का है। मंदिर का निर्माण इतिहास का एक गौरवपूर्ण अध्याय था, लेकिन उसका सफल प्रबंधन भविष्य की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। इसी संदर्भ में श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास द्वारा जितेंद्र मिश्र को नया मुख्य कार्यकारी अधिकारी नियुक्त किया जाना अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह निर्णय केवल एक प्रशासनिक नियुक्ति नहीं, बल्कि उस नई सोच का परिचायक है जिसमें आस्था के साथ सुशासन, परंपरा के साथ आधुनिक व्यवस्था और संस्कृति के साथ जवाबदेही को समान महत्व दिया जा रहा है।

भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की सबसे बड़ी शक्ति यह है कि यहां प्रतिभा किसी महानगर, संपन्न परिवार या विशेष पृष्ठभूमि की मोहताज नहीं होती। बिहार के सीमावर्ती ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर देश के सबसे प्रतिष्ठित धार्मिक न्यास की सर्वोच्च प्रशासनिक जिम्मेदारी तक पहुंचना इसी विश्वास को मजबूत करता है। यह यात्रा उन लाखों युवाओं के लिए प्रेरणा है जो छोटे गांवों और सीमित संसाधनों के बीच रहते हुए भी बड़े सपने देखने का साहस रखते हैं। यह संदेश स्पष्ट है कि आज का भारत नेतृत्व की पहचान व्यक्ति के जन्मस्थान से नहीं, बल्कि उसकी योग्यता, ईमानदारी और समर्पण से करता है।

बिहार और अयोध्या का संबंध भारतीय संस्कृति में अत्यंत गहरा और पवित्र रहा है। मिथिला माता सीता की जन्मभूमि है और अवध भगवान राम की जन्मभूमि। राम और सीता का विवाह केवल दो व्यक्तियों का मिलन नहीं था, बल्कि दो महान सांस्कृतिक क्षेत्रों का शाश्वत संबंध था। यही कारण है कि रामायण की परंपरा में मिथिला और अयोध्या सदैव एक दूसरे के पूरक रहे हैं। आज जब राम मंदिर के सर्वोच्च प्रशासनिक पद पर बिहार से जुड़े व्यक्ति की नियुक्ति होती है तो अनेक लोगों को उसमें उसी सांस्कृतिक एकात्मता की आधुनिक अभिव्यक्ति दिखाई देती है। यह नियुक्ति इस विचार को और मजबूत करती है कि राम मंदिर किसी एक प्रदेश का नहीं, बल्कि संपूर्ण भारत की साझा विरासत है।

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर का स्वरूप आज विश्व के प्रमुख आध्यात्मिक केंद्रों में शामिल हो चुका है। प्रतिदिन हजारों और विशेष अवसरों पर लाखों श्रद्धालु यहां दर्शन के लिए पहुंचते हैं। इतनी विशाल संख्या में आने वाले लोगों की सुरक्षा, दर्शन व्यवस्था, स्वच्छता, चिकित्सा सहायता, यातायात समन्वय और मूलभूत सुविधाओं का संचालन अत्यंत जटिल कार्य है। इसके साथ ही मंदिर को प्राप्त होने वाली दानराशि का पारदर्शी उपयोग, निमार्णाधीन परियोजनाओं का संचालन और भविष्य की विकास योजनाओं का क्रियान्वयन भी समान रूप से महत्वपूर्ण है। इसलिए नए नेतृत्व के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वह धार्मिक भावनाओं को सर्वोच्च सम्मान देते हुए एक ऐसी प्रशासनिक व्यवस्था विकसित करे जो विश्वस्तरीय मानकों पर खरी उतर सके।

आधुनिक समय में किसी भी बड़े धार्मिक संस्थान की सफलता केवल उसकी भव्यता से नहीं, बल्कि उसकी व्यवस्थाओं से मापी जाती है। श्रद्धालु आज सुविधा, पारदर्शिता और सम्मान तीनों की अपेक्षा रखते हैं। दर्शन के लिए लंबी प्रतीक्षा, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छ पेयजल, विश्राम स्थल, वृद्ध और दिव्यांग श्रद्धालुओं के लिए विशेष सुविधाएं तथा महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा जैसे विषय अब मंदिर प्रशासन के केंद्र में हैं। इन आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए आधुनिक तकनीक का विवेकपूर्ण उपयोग अनिवार्य हो गया है। डिजिटल व्यवस्था, पारदर्शी सूचना प्रणाली और सुव्यवस्थित सेवा प्रबंधन मंदिर को भविष्य के अनुरूप बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होंगे।

इस नियुक्ति का एक सामाजिक संदेश भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। लंबे समय तक यह धारणा बनी रही कि बड़े संस्थानों का नेतृत्व केवल विशेष वर्गों या प्रभावशाली पृष्ठभूमि के लोगों तक सीमित रहता है। ग्रामीण भारत से आए व्यक्ति का इतनी बड़ी जिम्मेदारी तक पहुंचना उस सोच को चुनौती देता है। यह निर्णय बताता है कि अवसरों का विस्तार ही सशक्त राष्ट्र निर्माण का आधार है। जब गांव का युवा यह देखता है कि उसकी तरह साधारण परिवेश से निकला व्यक्ति देश के सर्वोच्च संस्थानों में नेतृत्व कर सकता है, तब उसके भीतर भी आत्मविश्वास और आशा का संचार होता है।

भगवान राम का जीवन सामाजिक समरसता का सर्वोत्तम उदाहरण है। उन्होंने कभी समाज को ऊंच और नीच के आधार पर नहीं बांटा। शबरी के प्रेम से अर्पित बेर स्वीकार करना, निषादराज को मित्र बनाना और वनवास के दौरान समाज के प्रत्येक वर्ग के साथ आत्मीय संबंध स्थापित करना यही बताता है कि राम का आदर्श समावेशी समाज का आदर्श है। इसलिए राम मंदिर का प्रशासन भी तभी अपने उद्देश्य को पूर्ण करेगा जब वहां हर श्रद्धालु को समान सम्मान मिले। चाहे कोई धनवान हो या गरीब, ग्रामीण हो या महानगरीय, देश का हो या विदेश का, मंदिर के द्वार और उसकी व्यवस्था सभी के लिए समान रूप से सहज और आत्मीय होनी चाहिए।

अयोध्या का विकास आज केवल धार्मिक पर्यटन तक सीमित नहीं है। इसे वैश्विक आध्यात्मिक राजधानी के रूप में विकसित करने की व्यापक योजना पर कार्य हो रहा है। नए परिवहन मार्ग, विस्तृत सड़कें, आधुनिक रेलवे सुविधाएं, हवाई संपर्क और नगर सौंदर्यीकरण के साथ अब पर्यावरण संरक्षण भी उतना ही आवश्यक विषय बन गया है। सरयू नदी की स्वच्छता, हरित क्षेत्र का विस्तार, कचरा प्रबंधन और टिकाऊ विकास की योजनाएं अयोध्या के भविष्य को निर्धारित करेंगी। मंदिर प्रशासन को स्थानीय प्रशासन और विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर ऐसा विकास मॉडल तैयार करना होगा जिसमें श्रद्धालुओं की सुविधा और प्रकृति दोनों का संतुलन बना रहे।

स्थानीय अर्थव्यवस्था भी राम मंदिर से गहराई से जुड़ी हुई है।

लाखों श्रद्धालुओं के आगमन से छोटे व्यापारियों, हस्तशिल्प कलाकारों, फूल विक्रेताओं, प्रसाद निमार्ताओं, परिवहन सेवाओं और स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर पैदा हुए हैं। यदि इन अवसरों को योजनाबद्ध ढंग से विकसित किया जाए तो अयोध्या केवल आस्था का केंद्र ही नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर स्थानीय अर्थव्यवस्था का भी उदाहरण बन सकती है। नए नेतृत्व से यह अपेक्षा स्वाभाविक है कि वह विकास का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की दिशा में भी गंभीर पहल करेगा।

न्यास की भूमिका केवल मंदिर परिसर तक सीमित नहीं है। शिक्षा, स्वास्थ्य, अन्न सेवा, सांस्कृतिक संरक्षण और धार्मिक अध्ययन जैसे अनेक क्षेत्रों में भी इसकी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां हैं। भविष्य में बड़े अस्पताल, शोध संस्थान, पुस्तकालय और भारतीय संस्कृति के अध्ययन केंद्र जैसी योजनाएं समाज को व्यापक लाभ पहुंचा सकती हैं। इन परियोजनाओं के लिए वित्तीय अनुशासन, दीर्घकालिक योजना और कठोर जवाबदेही आवश्यक होगी। दान देने वाले करोड़ों श्रद्धालु यह विश्वास रखना चाहते हैं कि उनकी आस्था समाज कल्याण में सार्थक रूप से परिवर्तित हो रही है।

पारदर्शिता आज किसी भी सार्वजनिक संस्थान की सबसे बड़ी पूंजी है। मंदिर प्रशासन को ऐसी व्यवस्था विकसित करनी होगी जिसमें प्रत्येक आर्थिक निर्णय स्पष्ट हो, प्रत्येक परियोजना की प्रगति सार्वजनिक हो और प्रत्येक दानदाता को विश्वास हो कि उसका योगदान उचित दिशा में उपयोग हो रहा है। सूचना तकनीक के माध्यम से विश्वभर के रामभक्तों को मंदिर की गतिविधियों, धार्मिक अनुष्ठानों और जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा सकता है। इससे न केवल विश्वास बढ़ेगा, बल्कि मंदिर की वैश्विक पहचान भी और मजबूत होगी।

यह भी स्मरण रखना आवश्यक है कि किसी भी बड़े संस्थान का वास्तविक मूल्य उसके भवनों से नहीं, बल्कि उसकी कार्यसंस्कृति से तय होता है। यदि प्रशासन संवेदनशील, जवाबदेह और जनहितकारी होगा तो मंदिर आने वाला प्रत्येक श्रद्धालु केवल दर्शन ही नहीं, बल्कि सम्मान और आत्मीयता का भी अनुभव करेगा। यही वह भावना है जिसे भारतीय परंपरा रामराज्य का आधार मानती है।

श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास में नया नेतृत्व वस्तुतः एक नए प्रशासनिक युग की शुरूआत का संकेत है। यह निर्णय बताता है कि भारत की सबसे बड़ी आस्था को अब आधुनिक प्रबंधन, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय प्रतिनिधित्व के साथ आगे बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले वर्षों में सफलता का वास्तविक पैमाना यही होगा कि अयोध्या विश्व के सबसे अनुकरणीय आध्यात्मिक नगरों में स्थान प्राप्त करे, जहां धर्म और व्यवस्था, श्रद्धा और सेवा, परंपरा और प्रगति एक साथ विकसित होते दिखाई दें। यही उस नए भारत की पहचान भी होगी, जिसकी प्रेरणा भगवान राम के आदर्शों से मिलती है।

बेटी की फीस के लिए...!

यूं नंगे पाँव दौड़ी माँ, साड़ी में
लिपटी थी ममता,
आँखों में एक सपना "बेटी"
की पढ़ाई व क्षमता।
रास्ते में पत्थर-दग्गड हैं आए,
पाँवों में चुभते रहे,
लोग तमाशा देखते रहे, "माँ"
कदम बढ़ाती रही।

न जूते की चाह रही, न जीत
का कोई अभिमान,
माँ के लिए तो बेटी ही दुनिया
में उसका सम्मान।
3 हजार की जीत नहीं, ये
हौसले की कहानी थी,
इनाम की हर पाई में बेटी को
पढ़ाएँ निशानी थी।

जिस उम्र में आराम चाहिए,
उसमें दौड़ लगा दी,
माँ ने अपनी जीत बेटी के
"भविष्य" पर लुटा दी।
ये कौन कहता है सपनों की
कीमत बड़ी होती है?
माँ की मेहनत साथ है मुश्किल
भी छोटी होती है।

नमन उस माँ को जिसने
दुनिया को ये समझाया,
बेटी की फीस के आगे माँ ने
अपना दर्द भुलाया।
उसके नंगे पाँवों ने शायद ये
नया इतिहास लिखा,
माँ ने दौड़ जीती, जीत में बेटी
का भविष्य दिखा।
(संदर्भ -47 की रमाबाई फीस
के लिए नंगे पैर मैराथन दौड़ीं)

संजय एम तराणेकर (कवि, लेखक व समीक्षक)
इन्दौर-452011 (मध्य प्रदेश) मो. 98260 25986

शिक्षक दिवस – माला एक दिन की, परीक्षा पूरे साल की

पाँच सितंबर को स्कूलों में सम्मान का शोर उठता है–दीवारों पर रंग चढ़ते हैं, हाथों में फूल आते हैं और मंच से शिक्षक की महिमा के पुल बाँधे जाते हैं। मगर तालियों के बीच एक सवाल अनसुना रह जाता है–यह शिक्षक दिवस है या हमारी एक दिन की औपचारिक कृतज्ञता? जिस शिक्षक को आज गुरु, मार्गदर्शक और राष्ट्रनिमार्ता कहा जाता है, वही कल फाइलों, आदेशों, रजिस्टरों और परीक्षा परिणामों के बोझ तले फिर अकेला खड़ा होगा। फूल मुरझाएँगे, कार्ड फेंक दिए जाएँगे, तस्वीरें पुरानी पड़ जाएँगी; पर पहली घंटी के साथ उसकी जिम्मेदारियाँ फिर सामने होंगी। शिक्षक दिवस की असली सार्थकता तभी है, जब समारोह खत्म होने के बाद भी शिक्षक का सम्मान बना रहे।

कक्षा की चार दीवारों में अलग-अलग परिस्थितियों से जूझते बच्चे बैठे होते हैं–कोई भूखा है, कोई टूटे परिवार का बोझ ढो रहा है, कोई आर्थिक अभाव से सहमा है तो कोई मोबाइल के कारण एकाग्रता खो चुका है। किसी के पास किताब नहीं, किसी के घर पढ़ने की जगह या परिवार का सहयोग नहीं। फिर भी अपेक्षा है कि शिक्षक सबको समान परिणाम दे। यह वैसा है जैसे किसान को जमीन, पानी और मौसम की चिंता किए बिना भरपूर फसल देने को कहा जाए। बच्चे की परिस्थितियों और मनःस्थिति का हिसाब कोई नहीं रखता; परिणाम खराब होते ही सवाल शिक्षक पर आता है। समाज शिक्षक को मशीन मानता है–न थकने वाली, न परेशान होने वाली और न असफल होने वाली।

शिक्षक का अधिकांश श्रम कागज पर दर्ज नहीं होता। अपनी जेब से कॉपियाँ-किताबें खरीदना, गरीब बच्चे की फीस या परीक्षा-फॉर्म भरना, घर पर निःशुल्क पढ़ाना, अपने खाने का पैसा बचाकर जरूरतमंद विद्यार्थी की मदद करना–ये उसकी नौकरी की शर्तें नहीं हैं। बुखार हो या शरीर टूट रहा हो, कक्षा में खड़ा रहना पड़ता है; छुट्टी भी सवाल खड़े कर देती है। लेकिन परिणाम में दो अंक कम होते ही शिक्षक से जवाब माँगा जाता है। सम्मान का यह कैसा ढंग है–फूल भी उसी के लिए और दोष भी उसी के सिर? उसका असली श्रम रिपोर्टों में नहीं, बच्चे के आत्मविश्वास, टूटे विद्यार्थी की वापसी और गरीब बच्चे की तरक्की में दिखता है।

आज शिक्षक को पाठ के साथ बच्चे को भी समझना है। मोबाइल ने उसकी उँगलियों में पूरी दुनिया रख दी है, लेकिन हर सूचना ज्ञान नहीं। ध्यान कुछ सेकंड में भटकता है, तुलना बढ़ती है और घर-परिवार का दबाव बच्चों को बेचैन करता है। फिर भी शिक्षक से अपेक्षा है कि वह कक्षा संभाले, अनुशासन रखे, पाठ्यक्रम पूरा करे और हर बच्चे को टॉपर बनाए। उसे अध्यापक के साथ मित्र, काउंसलर, प्रेरक और कई बार माँ-बाप की भूमिका भी निभानी पड़ती है। चालीस अलग-अलग दिमागों को समझना आसान नहीं। अभिभावक परिणाम, स्कूल अनुशासन और व्यवस्था लक्ष्य चाहती है; इन अपेक्षाओं के बीच शिक्षक की थकान, परेशानी और निजी जिंदगी सबसे पहले छूट जाती है।

ईमानदारी का तकाजा है कि शिक्षक को देवता न माना जाए। हर शिक्षक आदर्श नहीं होता। कुछ लापरवाह हैं, कुछ जिम्मेदारी से बचते हैं और कुछ विद्यार्थियों के साथ अन्याय करते हैं। ऐसे मामलों में जवाबदेही होनी चाहिए। लेकिन कुछ खराब उदाहरणों के आधार पर पूरे शिक्षक समुदाय को कटघरे में खड़ा करना भी गलत है। सवाल यह भी होना चाहिए कि शिक्षक को बेहतर बनाने के लिए व्यवस्था ने क्या किया? उसे कैसा प्रशिक्षण मिला? कक्षा में कितने बच्चे हैं? गैर-शैक्षणिक काम कितना है? संसाधन और पढ़ाने की स्वतंत्रता कितनी है? यदि शिक्षक का समय कागजी काम में जाए, कक्षा भीड़ से भरी हो और निर्णय ऊपर से आएँ, तो केवल परिणाम माँगना अपनी जिम्मेदारी से बचना है। अच्छी शिक्षा अच्छे शिक्षक और अच्छी व्यवस्था, दोनों से पैदा होती है।

शिक्षक दिवस पर फूलों से अधिक जरूरी वे सवाल हैं, जो शिक्षक का सच सामने लाएँ। क्या उसे समय पर वेतन, पर्याप्त शिक्षण सामग्री मिलती है? क्या वह हर बच्चे पर ध्यान दे सकता है या सरकारी कामों में कक्षा से बाहर भेज दिया जाता है? क्या उसकी समस्या सुनने वाला कोई है? सबसे जरूरी–क्या पाठ पूरा करना ही शिक्षा है? किसी बच्चे की आँखों में आँसू हों तो किताब बंद कर उसे सुनना जरूरी हो सकता है। उसका आत्मविश्वास लौटाना, असफलता के बाद खड़ा करना और उसे बेकार न महसूस होने देना–ये भी शिक्षा के परिणाम हैं। पाठ का एक पन्ना अधूरा रहना छोटी बात है; बच्चे का मन टूटना बड़ा नुकसान।

शिक्षक की मेहनत का सबसे बड़ा प्रतिफल मंचीय सम्मान नहीं, वर्षों बाद लौटकर आया विद्यार्थी है। जब वह कहता है–ह्लआपने तब मेरा साथ नहीं छोड़ा, इसलिए मैं आगे बढ़ पायाह्व–तभी शिक्षक अपनी मेहनत का अर्थ समझता है। कोई याद करता है कि फीस न होने पर शिक्षक ने किताब दिलाई; कोई बताता है कि सबने असफल माना, तब शिक्षक ने संभावना देखी। यही पूँजी वेतन-पर्ची नहीं माप सकती। लेकिन शिक्षक को केवल भावनात्मक संतोष के भरोसे छोड़ना गलत है। उसे उचित वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल, कम गैर-शैक्षणिक बोझ, पर्याप्त संसाधन और अपनी बात कहने का अधिकार चाहिए। कृतज्ञता जरूरी है, वेतन का विकल्प नहीं।

जिस शिक्षक के हाथों में बच्चों का भविष्य है, उसकी थकान कौन समझता है? पाँच सितंबर की सच्ची गुरु-पूजा फूलों में नहीं, शिक्षक को मनुष्य मानने में है। उसकी समस्या सुनी जाए, गलती पर जवाबदेही और ईमानदार मेहनत पर भरोसा हो। शिक्षक को परीक्षा-परिणाम की मशीन मानना शिक्षा से अन्याय है। दबाव, अविश्वास और कागजी बोझ में जला शिक्षक भविष्य कैसे सँवारेगा? पाँच सितंबर की माला उतर जाती है, जिम्मेदारी नहीं। सवाल फूलों का नहीं, छह सितंबर के व्यवहार का है। पाँच सितंबर तारीख है; असली परीक्षा 364 दिनों में होती है। सच यही है–इस परीक्षा में हम अभी पूरे अंकों के हकदार नहीं हैं।

कृति आरके जैन

बेटियों के सपनों को मिला क्रिकेट का अपना आंगन

भारत को पहली महिला चैंपियंस ट्रॉफी की मेजबानी मिलना महज खेल-जगत की खबर नहीं, महिला क्रिकेट के बदलते दौर का संकेत है। दशकों तक पुरुष क्रिकेट की तेज धारा के किनारे बहने वाला महिला क्रिकेट अब अपनी राह बना रहा है। श्रीलंका से आयोजन छिनकर भारत को मिलना इसी बदलाव को रेखांकित करता है। एक ओर श्रीलंका क्रिकेट संस्था में सरकारी हस्तक्षेप के कारण विश्व मंच पर पीछे हुआ, दूसरी ओर भारत अपनी व्यवस्थागत क्षमता और बढ़ते प्रभाव से आगे आया। फरवरी 2027 (14 से 28 फरवरी) में मुंबई के क्रिकेट क्लब ऑफ इंडिया और वडोदरा इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में होने वाला छह टीमों का यह टूनार्मेंट इसलिए महत्वपूर्ण है कि महिला क्रिकेट अब पुरुष क्रिकेट की छाया नहीं रहा; उसने अपनी पहचान बना ली है और क्रिकेट की दिशा प्रभावित करने की ताकत भी अर्जित कर ली है।

इस कहानी की नींव 1978 में पड़ी थी, जब भारत ने दूसरी महिला विश्व कप प्रतियोगिता की मेजबानी की, जो उसका पहला अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूनार्मेंट भी था। तब महिला क्रिकेट के पास न भरे स्टेडियम थे, न बड़े प्रसारण और न प्रायोजकों की कतार। फिर भी उस आयोजन ने भारतीय जमीन पर बीज बो दिया। करीब पांच दशक बाद वही बीज मजबूत वृक्ष बन चुका है। आईसीसी के सामने बांग्लादेश, दक्षिण अफ्रीका और भारत विकल्प थे, लेकिन मेजबानी भारत को मिली। यह फैसला केवल सुविधाओं और आयोजन-अनुभव का परिणाम नहीं, भारतीय महिला क्रिकेट पर बढ़े भरोसे की मुहर है। हालिया विश्व कप की सफलता और घरेलू लीग की लोकप्रियता ने साबित किया है कि भारतीय दर्शकों की क्रिकेट-दीवानगी अब पुरुष और महिला के खांचे में बंटी नहीं है।

श्रीलंका से आयोजन हटना इस कहानी का दूसरा और अधिक गंभीर पहलू है। खेल का मैदान राजनीति से अलग दिख सकता है, लेकिन खेल संस्थाएं उससे अछूती नहीं रह सकतीं। क्रिकेट संस्था की स्वतंत्रता पर सरकारी हस्तक्षेप का साया पड़े तो मामला केवल प्रशासन का नहीं, अंतरराष्ट्रीय विश्वसनीयता का बन जाता है। श्रीलंका इसी संकट की कीमत चुका रहा है। भारत को मेजबानी मिलना इसलिए उपलब्धि के साथ जिम्मेदारी भी है। मुंबई और वडोदरा का चयन इस जिम्मेदारी के दो रंग सामने रखता है–मुंबई की समृद्ध क्रिकेट परंपरा और वडोदरा की उभरती खेल-ऊर्जा। अब ये मैदान सिर्फ चौकों-छक्कों के गवाह नहीं होंगे; यहां उन लड़कियों के सपनों को भी आकार मिलेगा, जो गांवों और छोटे शहरों में बल्ला थामकर बड़े मंच का सपना देख रही हैं।

टी-20 प्रारूप इस टूनार्मेंट को और धार देगा। ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड, भारत, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका और श्रीलंका की छह टीमें राउंड-रॉबिन चरण में भिड़ेंगी और शीर्ष दो टीमें फाइनल में पहुंचेंगी। टीमें भले छह हों, लेकिन हर मुकाबला निर्णायक होगा। टी-20 में एक खराब पारी, कुछ गलत गेंदें या चंद क्षणों की हड़बड़ी पूरा अभियान पलट सकती है। भारत जैसे विशाल क्रिकेट बाजार में इसका असर मैदान से बाहर भी दिखेगा। प्रायोजन और मीडिया की दिलचस्पी बढ़ेगी, दर्शक जुड़ेंगे और महिला क्रिकेट की आर्थिक ताकत मजबूत होगी। इसका लाभ केवल भारतीय टीम को नहीं, पूरे एशिया की महिला क्रिकेट को मिल सकता है।

सबसे बड़ा बदलाव शायद क्रिकेट में नहीं, समाज की नजर में आया है। कभी महिला क्रिकेट को गंभीर खेल के बजाय मनोरंजन या अतिरिक्त गतिविधि माना जाता था। आज वही खेल करियर, सम्मान, आर्थिक स्वतंत्रता और राष्ट्रीय गौरव का रास्ता बन चुका है। हरमनप्रीत कौर जैसी खिलाड़ियों ने सिर्फ गेंद को सीमा पार नहीं पहुंचाया, बल्कि लड़कियों के सपनों के सामने खड़ी मानसिक दीवार भी तोड़ी है। अब सवाल यह नहीं कि लड़की क्रिकेट क्यों खेले, सवाल यह होना चाहिए कि उसकी प्रतिभा को अवसर क्यों न मिले। 2027 का यह आयोजन नई पीढ़ी को यही संदेश देगा कि मैदान पर खिलाड़ी की पहचान उसका लिंग नहीं, उसकी क्षमता और खेल तय करते हैं।

लेकिन मेजबानी की असली परीक्षा स्टेडियमों की रोशनी बुझने के बाद होगी। सफल आयोजन जरूरी है, पर पर्याप्त नहीं। ग्रामीण इलाकों में मैदानों की कमी, प्रशिक्षित कोचों का अभाव, सीमित सुविधाएं और सामाजिक पूर्वाग्रह आज भी अनगिनत प्रतिभाओं का रास्ता रोकते हैं। यदि चैंपियंस ट्रॉफी की चमक मुंबई और वडोदरा तक सिमट गई तो भारत इस अवसर का आधा ही लाभ उठा पाएगा। इसे स्कूलों, कॉलेजों, जिलों और छोटे कस्बों तक पहुंचाना होगा। हरमनप्रीत जैसी सितारों के साथ हजारों नई खिलाड़ियों के लिए रास्ते खोलने होंगे; तभी महिला क्रिकेट सचमुच व्यापक होगा।

भारत के सामने सवाल यह नहीं कि वह चैंपियंस ट्रॉफी कितनी अच्छी तरह आयोजित करेगा, बल्कि यह है कि आयोजन के बाद क्या बचाएगा। बेहतर घरेलू ढांचा, अधिक प्रशिक्षण सुविधाएं, महिला कोचों की बढ़ती संख्या और लड़कियों में खेल को करियर मानने का आत्मविश्वास–यदि ये इसकी देन बनें, तभी मेजबानी सार्थक होगी। अंतरराष्ट्रीय टूनार्मेंट तभी सामाजिक बदलाव की सीढ़ी बनेगा, जब उसकी गूंज स्टेडियमों से निकलकर उस स्कूल के मैदान तक पहुंचे, जहां कोई किशोरी पहली बार क्रिकेट की गेंद थाम रही है। यही विस्तार एक आयोजन को घटना से आंदोलन बना सकता है।

श्रीलंका से भारत तक चैंपियंस ट्रॉफी का पहुंचना महज मेजबान बदलने की खबर नहीं, महिला क्रिकेट की बदलती हैसियत का ऐलान है। भारत को सम्मान मिला है तो परीक्षा भी–वह इसे सिर्फ सफल आयोजन तक रखता है या महिला क्रिकेट के भविष्य की नींव बनाता है, फैसला अब उसके हाथ में है। असली जीत ट्रॉफी या वाहवाही में नहीं, उस विश्वास में होगी कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट का मैदान गांव की बेटी के लिए भी खुला है। 2027 में मुंबई या वडोदरा में खेलती किसी भारतीय खिलाड़ी को देखकर यदि किसी गांव की लड़की यह सपना देखे कि वह भी वहां पहुंच सकती है, तो यही मेजबानी की बड़ी सफलता होगी। जिस दिन यह विश्वास घर-घर पहुंचेगा, उसी दिन भारत सिर्फ चैंपियंस ट्रॉफी का मेजबान नहीं, महिला क्रिकेट का नया घर कहलाएगा।

प्रो. आरके जैन अरिजीत

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा सांई प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

10 सितंबर को बादलपुर में लगेगा पिंक रोजगार मेला

18 से 35 वर्ष की युवतियों को रोजगार का अवसर, विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियां लेंगी साक्षात्कार

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 3 सितंबर। जिले की शिक्षित एवं रोजगार की इच्छुक युवतियों के लिए अच्छी खबर है। जिला सेवायोजन कार्यालय की ओर से 10 सितंबर को राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, बादलपुर में पिंक रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेला सुबह 10 बजे से शुरू होगा।

मेले में विनिर्माण, बैंकिंग, वित्त, वित्तीय प्रौद्योगिकी, ई-कॉमर्स, वीपीओ-केपीओ सहित विभिन्न क्षेत्रों की कंपनियों के शामिल होने की संभावना है। हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा,

स्नातक और परास्नातक योग्यता रखने वाली 18 से 35 वर्ष की युवतियां इसमें भाग ले सकेंगी। कंपनियां अभ्यर्थियों की योग्यता और प्रतिभा के आधार पर साक्षात्कार एवं चयन प्रक्रिया आयोजित करेंगी। मेले में शामिल होने के लिए इच्छुक अभ्यर्थियों को रोजगार संगम पोर्टल पर जॉबसीकर के रूप में पंजीयन कराना होगा।

जिला सेवायोजन अधिकारी मनीषा अत्री ने इच्छुक युवतियों से निर्धारित तिथि और समय पर राजकीय महिला पॉलिटेक्निक, बादलपुर पहुंचकर रोजगार के अवसर का लाभ उठाने की अपील की है। पंजीयन संबंधी समस्या होने पर अभ्यर्थी जिला सेवायोजन कार्यालय, आरआई सेंटर, झुण्डपुरा, सेक्टर-11, नोएडा से संपर्क कर सकती हैं। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

छात्रवृत्ति से वंचित विद्यार्थियों को मिलेगा एक और मौका

2025-26 की छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति के लिए समय-सारिणी जारी, 16 से 18 सितंबर तक सुधारे जाएंगे त्रुटिपूर्ण आवेदन

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर, 3 सितंबर। वित्तीय वर्ष 2025-26 में छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित रह गए विद्यार्थियों के लिए राहत की खबर है। शासन के निर्देश पर ऐसे विद्यार्थियों के आवेदन के लिए छात्र वृत्ति पोर्टल दोबारा खोला जा रहा है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग के पात्र छात्र-छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुनीता मंडार ने बताया कि शिक्षण संस्थाओं द्वारा आवेदन अग्रसारित नहीं किए जाने, पीएफएमएस से आवेदन निरस्त होने तथा अन्य कारणों से छात्रवृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति से वंचित विद्यार्थियों के भुगतान के लिए शासन ने नई समय-सारिणी जारी की है।

7 सितंबर तक तैयार होगा संस्थानों का आंकड़ा

निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार शिक्षण संस्थाओं द्वारा 1 से 7 सितंबर तक मास्टर डाटा तैयार किया जाएगा। विश्वविद्यालय अथवा संबद्ध संस्था द्वारा 2 से 8 सितंबर तक शुल्क का सत्यापन किया जाएगा। इसके बाद जिला समाज कल्याण विभाग की ओर से 3 से 9 सितंबर तक शुल्क सहित अन्य विवरणों का सत्यापन किया जाएगा।

16 से 18 सितंबर तक सुधारे जाएंगे आवेदन

जिन विद्यार्थियों के आवेदन में त्रुटियां पाई जाएंगी, उन्हें शिक्षण संस्थान स्तर पर 16 से 18 सितंबर तक सही किया जाएगा। इसके बाद 17 से 19 सितंबर तक सत्यापित एवं पात्र विद्यार्थियों का डाटा ऑनलाइन अग्रसारित किया जाएगा। अपात्र विद्यार्थियों के आवेदन इसी प्रक्रिया के दौरान निरस्त किए जाएंगे।

25 सितंबर तक होगा डाटा लॉक

पात्र विद्यार्थियों के आवेदन सत्यापित और ऑनलाइन अग्रसारित होने के बाद जनपदीय समिति द्वारा 17 से 25 सितंबर तक शुद्ध डाटा लॉक किया जाएगा। विभाग ने संबंधित शिक्षण संस्थानों और विद्यार्थियों से निर्धारित समय-सारिणी के अनुसार कार्रवाई पूरी करने की अपील की है, ताकि पात्र विद्यार्थियों को छात्र-वृत्ति एवं शुल्क प्रतिपूर्ति का लाभ मिल सके। सौजन्य : सूचना विभाग,

ग्रेटर नोएडा में कारफोर का पहला फ्लैगशिप स्टोर शुरू

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा। अंतरराष्ट्रीय रिटेल कंपनी कारफोर ने अपैरल ग्रुप के साथ साझेदारी में भारत में अपना पहला फ्लैगशिप स्टोर ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित एच एंड एस मॉल, बुलेवार्ड वॉक में शुरू किया है। 50 हजार वर्ग फुट से अधिक क्षेत्र में फैले स्टोर में 15 हजार से अधिक उत्पाद उपलब्ध हैं।

स्टोर में किराना, ताजा फल-सब्जियां, बेकरी, घरेलू सामान, व्यक्तिगत देखभाल के उत्पादों के साथ अंतरराष्ट्रीय उत्पाद भी शामिल हैं। कंपनी का उद्देश्य भारतीय उपभोक्ताओं को वैश्विक रिटेल अनुभव उपलब्ध कराने के साथ स्थानीय जरूरतों के अनुरूप उत्पादों की विस्तृत श्रृंखला देना है।

अपैरल ग्रुप के अनुसार, ग्रेटर नोएडा का स्टोर उत्तर भारत में कारफोर के विस्तार की शुरूआत है। आने वाले वर्षों में विभिन्न शहरों में स्टोर खोलने के साथ ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यमों को जोड़कर एकीकृत खुदरा व्यवस्था विकसित करने की योजना है। इससे स्थानीय आपूर्तिकताओं और आपूर्ति श्रृंखला से जुड़े कारोबार को भी नए अवसर मिलने की उम्मीद है।

यूपी टेक्स 2026' से वैश्विक मंच पर दिखेगी उत्तर प्रदेश के वस्त्र उद्योग की ताकत

नोएडा में कर्टन रेजर एवं रोड शो, निवेश, नवाचार और निर्यात को बढ़ावा देने पर जोर; 8-9 सितंबर को लखनऊ में होगा आयोजन

समाज जागरण

गौतमबुद्धनगर। उत्तर प्रदेश को देश और दुनिया के प्रमुख वस्त्र उद्योग केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में प्रदेश सरकार ने प्रयास तेज कर दिए हैं। इसी क्रम में हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग विभाग की ओर से आगामी 8 और 9 सितंबर को लखनऊ में 'यूपी टेक्स 2026' का आयोजन किया जाएगा। आयोजन से पहले नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन भवन, सेक्टर-6, नोएडा में 'यूपी टेक्स 2026' का कर्टन रेजर एवं रोड शो आयोजित किया गया। इसमें वस्त्र एवं परिधान उद्योग से जुड़े बड़ी संख्या में उद्यमियों ने भाग लिया और प्रदेश में निवेश, नवाचार, उत्पादन तथा निर्यात की संभावनाओं पर विस्तार से विचार-विमर्श किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश सरकार के खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग तथा हथकरघा विभाग के मंत्री राकेश सचान, प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर, मुख्य विकास अधिकारी भाल चंद्र त्रिपाठी, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग पश्चिमी क्षेत्र मेरठ/सहारनपुर मंडल के परिक्षेत्रीय सहायक आयुक्त अरविंद कुमार

सिंह, नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित ठुकराल, उपाध्यक्ष नीरज प्रकाश तथा आईआईए के उपाध्यक्ष राजीव बंसल ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

वैश्विक वस्त्र केंद्र बनाने का लक्ष्य

मंत्री राकेश सचान ने कहा कि उत्तर प्रदेश को वैश्विक वस्त्र केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए सरकार लगातार काम कर रही है। ह्ययूपी टेक्स 2026ह्ल प्रदेश की वस्त्र क्षमता, उत्पादों और औद्योगिक संभावनाओं को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शित करने का महत्वपूर्ण मंच बनेगा।

उन्होंने कहा कि आयोजन के माध्यम से प्रदेश के उद्यमियों, निवेशकों और उद्योग जगत के अन्य प्रतिनिधियों को एक मंच पर लाने का प्रयास किया जा रहा है। इससे वस्त्र क्षेत्र में निवेश के नए अवसर पैदा होंगे और उद्योग के विस्तार को गति मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि 'यूपी टेक्स 2026' प्रदेश के वस्त्र उद्योग के लिए नए अवसरों के द्वार खोलेगा तथा उत्तर प्रदेश को वैश्विक टेक्सटाइल हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उद्योग जगत की भागीदारी जरूरी

प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर ने उद्योग जगत की सक्रिय भागीदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि सरकार और उद्यमियों के बीच बेहतर समन्वय से प्रदेश में वस्त्र उद्योग के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया जा सकता है। उन्होंने ह्ययूपी टेक्स 2026ह्ल की रूपरेखा, उद्देश्यों और निवेश की संभावनाओं पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में वस्त्र उद्योग के विस्तार के लिए उपलब्ध संसाधनों, कुशल मानवशक्ति और औद्योगिक आधार का बेहतर उपयोग किया जाना चाहिए। इससे रोजगार के अवसरों के साथ-साथ उत्पादन और निर्यात में भी वृद्धि हो सकती है।

नोएडा की अपैरल क्षेत्र में अहम भूमिका

नोएडा एंटरप्रेन्योर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष ललित ठुकराल ने परिधान, वस्त्र और निर्यात उद्योग के विकास की संभावनाओं पर विचार रखे। उन्होंने कहा कि नोएडा और आसपास का क्षेत्र वस्त्र एवं परिधान उद्योग के लिए महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में विकसित हुआ है और यहां मौजूद औद्योगिक ढांचा प्रदेश के वस्त्र उद्योग को नई ऊंचाई देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

आईआईए के उपाध्यक्ष राजीव बंसल ने अपैरल क्षेत्र में नोएडा की उपयोगिता और संभावनाओं की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि आधुनिक औद्योगिक सुविधाओं, कुशल श्रमशक्ति और बाजार तक बेहतर पहुंच के कारण नोएडा में परिधान उद्योग के विस्तार की व्यापक संभावनाएं हैं।

होमटेक और होम फर्निशिंग में बढ़ती संभावनाएं

एसएसजी फर्निशिंग्स लिमिटेड, नोएडा के निदेशक चंद्रभूषण मिश्रा ने होमटेक और आईएफआर फैब्रिक तथा उनके उपयोग के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने वस्त्र उद्योग में बदलती तकनीक और बाजार की मांग के अनुरूप उत्पाद विकसित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।

एलीट होम डेकोर के निदेशक अवनीश गौतम ने स्टार्टअप और भारतीय होम फर्निशिंग उत्पादों की बढ़ती वैश्विक मांग पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि भारतीय कंपनियों के लिए अंतरराष्ट्रीय बाजार में अपनी पहचान मजबूत करने के पर्याप्त अवसर मौजूद हैं। नवाचार, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और आधुनिक डिजाइन के माध्यम से भारतीय उत्पादों की वैश्विक मांग को और बढ़ाया जा सकता है।

निवेश और निर्यात को मिलेगा बढ़ावा

कार्यक्रम में वस्त्र उद्योग में निवेश बढ़ाने, नई तकनीक अपनाने, नवाचार को प्रोत्साहित करने और निर्यात को मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। उद्यमियों ने उद्योग से जुड़ी अपनी चुनौतियों और संभावनाओं को साझा किया तथा प्रदेश में वस्त्र क्षेत्र के विस्तार के लिए विभिन्न सुझाव भी रखे।

कार्यक्रम के अंत में संयोजक एवं सहायक आयुक्त, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग, मेरठ/सहारनपुर मंडल अरविंद कुमार सिंह ने सभी उद्यमियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने उद्यमियों से 8 और 9 सितंबर को लखनऊ में आयोजित होने वाले ह्ययूपी टेक्स 2026ह्ल में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया।

योजनाओं और निवेश की जानकारी के लिए लगाया गया काउंटर

रोड शो के दौरान विभाग की ओर से पंजीकरण के लिए अलग काउंटर भी स्थापित किया गया। यहां उद्यमियों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, निवेश के अवसरों और निर्यात संवर्धन से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई गई। उद्यमियों को सरकारी योजनाओं का लाभ उठाकर वस्त्र उद्योग के विस्तार में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान नई वस्त्र नीति-2027 को लेकर भी चर्चा हुई। उद्यमियों के साथ नीति के संभावित प्रावधानों और वस्त्र उद्योग के लिए इससे पैदा होने वाले अवसरों पर विचार-विमर्श किया गया।

'यूपी टेक्स 2026' को प्रदेश के वस्त्र उद्योग, परिधान, घरेलू साज-सज्जा और संबंधित क्षेत्रों को एक बड़े मंच पर लाने की महत्वपूर्ण पहल के रूप में देखा जा रहा है। इससे प्रदेश में निवेश आकर्षित करने, रोजगार के नए अवसर पैदा करने और उत्तर प्रदेश के वस्त्र उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने में मदद मिलने की उम्मीद है। सौजन्य : सूचना विभाग,

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करे।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

फसल बीमा की अंतिम तिथि बढ़ी, ऋणी किसान 10 सितंबर तक करा सकेंगे बीमा

धान और बाजरा की फसल के लिए योजना लागू, बीमा नहीं कराने वालों को 5 सितंबर से पहले बैंक को देनी होगी लिखित सूचना

गौतमबुद्धनगर, 3 सितंबर। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ मौसम-2026 में फसल बीमा कराने से वंचित रह गए ऋणी किसानों के लिए राहत की खबर है। शासन ने बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 अगस्त से बढ़ाकर 10 सितंबर 2026 कर दी है। किसान बैंक अथवा जनसेवा केंद्र के माध्यम से अपनी फसल का बीमा करा सकते हैं। उप कृषि निदेशक विवेक दुबे ने बताया कि गौतमबुद्धनगर में खरीफ मौसम के लिए धान और बाजरा की फसलों को योजना में शामिल किया गया है। धान की फसल के लिए बीमित धनराशि 84,100 रुपये प्रति हेक्टेयर निर्धारित है, जिस पर किसान अंश के रूप में दो प्रतिशत यानी 1,682 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम लिया जाएगा। इसी प्रकार बाजरा के लिए बीमित धनराशि 33,600 रुपये प्रति हेक्टेयर है और दो प्रतिशत की दर से 672 रुपये प्रति हेक्टेयर प्रीमियम निर्धारित है।

फसल कटाई के बाद खेत में सुखाने के लिए रखी गई फसल को ओलावृष्टि, चक्रवात, चक्रवाती वर्षा अथवा बेमौसम वर्षा से नुकसान होने पर किसान को 72 घंटे के भीतर फसल बीमा टोल फ्री नंबर 14447 अथवा क्रॉप इंश्योरेंस ऐप के माध्यम से सूचना देनी होगी।

विभाग ने किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) के माध्यम से ऋण लेने वाले किसानों को विशेष रूप से सूचित किया है कि यदि वे अपनी फसल का बीमा नहीं कराना चाहते हैं तो 5 सितंबर 2026 से पहले संबंधित बैंक शाखा प्रबंधक को लिखित रूप से इसकी जानकारी दें। ऐसा नहीं करने पर बैंक द्वारा धान और बाजरा की फसल के बीमा प्रीमियम की राशि उनके खाते से काटी जा सकती है।

योजना से संबंधित सहायता के लिए किसान जिला प्रबंधक, फसल बीमा, गौतमबुद्धनगर के मोबाइल नंबर 7906769211 पर संपर्क कर सकते हैं। जिले में योजना के संचालन की जिम्मेदारी एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड को दी गई है। सौजन्य : सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर

श्रीकृष्ण को लगेगा 500 से अधिक व्यंजनों का भोग

इस्कॉन नोएडा में जन्माष्टमी महोत्सव की तैयारियां अंतिम चरण में, 30 से अधिक महिलाएं जुटीं प्रसाद तैयार करने में

समाज जागरण

नोएडा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर शुक्रवार, 4 सितंबर 2026 को इस्कॉन नोएडा में भव्य जन्माष्टमी महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। महोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में तैयारियां अंतिम चरण में हैं। पूरे परिसर को भव्य पंडाल, रंग-बिरंगे फूलों और आकर्षक सजावट से सजाया जा रहा है।

जन्माष्टमी महोत्सव का विशेष आकर्षण भगवान श्रीकृष्ण को अर्पित किया जाने वाला 500 से अधिक प्रकार के व्यंजनों का दिव्य भोग होगा। इसमें माखन-मिश्री, लड्डू, पेड़े, खीर, पूड़ी-कचौड़ी, परांठे और मिठाइयों के साथ केक, पेस्ट्री, पिज्जा, पास्ता, लजानीया, टैकोज, शेक और विभिन्न प्रकार के नमकीन भी शामिल हैं। खास बात यह है कि भोग के लिए आवश्यक सभी सामग्री और मसाले मंदिर की रसोई में ही

तैयार किए जा रहे हैं।

यशोदा के वात्सल्य भाव से तैयार हो रहा भोग

विशाल भोग की तैयारी में भगवान की सेवा में लंबे समय से समर्पित 30 से अधिक महिलाएं जुटी हुई हैं। महिलाएं हरे कृष्ण महामंत्र का कीर्तन करते हुए माता यशोदा के वात्सल्य भाव से भगवान श्रीकृष्ण के लिए भोग तैयार कर रही हैं।

इस्कॉन नोएडा के अनुसार जन्माष्टमी केवल धार्मिक उत्सव नहीं, बल्कि प्रेम, भक्ति और सेवा का दिव्य संगम है। श्रद्धालुओं को सुगम दर्शन और आध्यात्मिक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए मंदिर परिसर में विशेष व्यवस्थाएं की जा रही हैं।

श्रीकृष्ण के दिव्य दर्शन और जन्माष्टमी महोत्सव को श्रद्धालुओं के लिए अविस्मरणीय बनाने के लिए इस्कॉन नोएडा की पूरी टीम दिन-रात तैयारियों में जुटी है।

बंद मकानों को बनाते थे निशाना, एसी और मोबाइल चोरी करने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

ग्रेटर नोएडा। थाना बीटा-2 पुलिस ने बंद मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से चोरी के दो एसी आउटडोर, तीन एसी की जाली, एक विद्युत मोटर, मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन, प्लास, टेस्टर/पेचकश, सूजा और एक अवैध चाकू बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार आरोपियों की पहचान गौरव निवासी साकीपुर, सूरजपुर, संजीत निवासी सेक्टर गामा-2 और माइकल निवासी सेक्टर गामा-2 के रूप में हुई है। तीनों को 2 सितंबर 2026 को सेक्टर गामा-1 से गिरफ्तार किया गया।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी मोटरसाइकिल से बंद मकानों की रेकी करते थे। मौका देखकर मकान में घुसकर एसी, मोबाइल फोन और अन्य लोहे का सामान चोरी कर लेते थे। पकड़े जाने के डर से आरोपी अपने पास अवैध चाकू भी रखते थे।

पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना बीटा-2 में मु0अ0सं0 336/2026, धारा 317(5) बीएनएस एवं 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस गिरोह से जुड़े अन्य मामलों की भी जांच कर रही है।

श्री सम्मेद शिखरजी की पवित्रता और पर्यावरण संरक्षण की मांग

विश्व जैन संगठन ने कहा- तीर्थस्थल पर धार्मिक गतिविधियों की मयार्दा बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था जरूरी

समाज जागरण

संदीप गर्ग / नोएडा। झारखंड के गिरिडीह जिले में स्थित पारसनाथ पर्वतराज पर अवस्थित श्री सम्मेद शिखरजी की पवित्रता और पर्यावरण संरक्षण को लेकर विश्व जैन संगठन ने केंद्रीय वन मंत्रालय एवं झारखंड सरकार से विभिन्न व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की मांग की है। संगठन का कहना है कि जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों में से 20 ने इसी पवित्र पर्वतराज से मोक्ष प्राप्त किया था, इसलिए इसका कण-कण जैन समाज के लिए पूजनीय है।

गुरुवार को नोएडा मीडिया क्लब में आयोजित प्रेस वार्ता में संगठन के अध्यक्ष संजय जैन ने कहा कि पर्वतराज के प्रवेश द्वार पर यात्रियों के सामान की जांच, यात्री पंजीकरण और पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं होने के कारण कुछ लोग धार्मिक मयार्दाओं के विपरीत गतिविधियां कर रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पर्वतराज पर फिल्मी गानों पर वीडियो बनाने, नशा करने, बाइक चलाने और प्लास्टिक सामग्री के इस्तेमाल जैसी गतिविधियों से तीर्थ की पवित्रता एवं पर्यावरण प्रभावित हो रहा है।

उन्होंने केंद्र और झारखंड सरकार से पर्वतराज के प्रवेश द्वार पर यात्री पंजीकरण व्यवस्था, सामान जांच के लिए स्कैनर एवं बैरियर सहित जांच चौकी, सीसीटीवी कैमरे तथा पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था करने की मांग की। साथ ही वंदना मार्ग को अतिक्रमण मुक्त कराने, बाइक संचालन, नशीले पदार्थों के सेवन, प्लास्टिक सामग्री के उपयोग तथा फिल्मी गानों पर वीडियो रील बनाने जैसी गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग की।

भ्रामक जानकारी पर स्पष्टीकरण

संजय जैन ने कहा कि पर्वतराज की पवित्रता बनाए रखने के लिए संगठन की ओर से की गई मांगों को लेकर सोशल मीडिया पर भ्रामक जानकारी प्रसारित की जा रही है और अनावश्यक विवाद पैदा करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि मधुबन के स्थानीय समाज, किसी संस्था, नेता अथवा किसी राजनीतिक दल के विरुद्ध संगठन ने न तो कोई बयान दिया है और न ही कोई मांग रखी है। इसी संबंध में स्थिति स्पष्ट करने के लिए प्रेस वार्ता आयोजित की गई।

संगठन के महामंत्री राहुल जैन, राष्ट्रीय मंत्री अनुज जैन और राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी आकाश जैन ने कहा कि प्राचीन जैन शास्त्रों के साथ केंद्र एवं राज्य सरकार, पुरातत्व विभाग और संबंधित विभागों ने भी श्री सम्मेद शिखरजी पारसनाथ पर्वतराज को जैन धर्म के 20 तीर्थंकरों सहित अनंत संतों की पवित्र मोक्षभूमि के रूप में सम्मान दिया है। ऐसे में इसकी धार्मिक पवित्रता और प्राकृतिक पर्यावरण की रक्षा करना सभी की जिम्मेदारी है।

इस अवसर पर संगठन की नोएडा शाखा अध्यक्ष के.के. जैन, सदस्य वीरेंद्र जैन एवं अभिषेक जैन, युवा प्रकोष्ठ महामंत्री सागर जैन, सेक्टर-27 जैन मंदिर के प्रधान पवन कुमार जैन, सेक्टर-50 जैन मंदिर के प्रधान प्रदीप चंद्र जैन, सीए विपुल जैन, लक्ष्मी नगर शाखा अध्यक्ष अतुल जैन एडवोकेट सहित विभिन्न जैन संस्थाओं के पदाधिकारी और समाज के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

नोएडा में जल्द बढ़ेंगी 25 ई-बसें, नए मार्गों के सर्वे का काम जारी

अगस्त में ई-बसों से 3.40 लाख यात्रियों ने किया सफर, राजस्व में भी करीब दोगुनी बढ़ोतरी

समाज जागरण

नोएडा। नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में कम किराये पर संचालित की जा रही सिटी ई-बसों को आमजन का अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। यात्रियों की बढ़ती संख्या और विभिन्न क्षेत्रों से प्राप्त मांग को देखते हुए वर्तमान में संचालित ई-बसों की संख्या में जल्द ही 25 और ई-बसें जोड़ने का प्रस्ताव है। साथ ही नए बस मार्गों के लिए सर्वे का कार्य भी किया जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक गांवों और सेक्टरों को ई-बस सेवा से जोड़ा जा सके।

उत्तर प्रदेश औद्योगिक विकास प्राधिकरण की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, 15 जून 2026 से नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में कुल 100 ई-बसों का संचालन जनसुविधा के लिए कम किराये की दरों पर किया जा रहा है। इनमें 50 बसें नोएडा, 25 ग्रेटर नोएडा और 25 बसें यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में संचालित हैं। नोएडा क्षेत्र में 50 ई-बसें पांच मार्गों पर चल रही हैं।

अगस्त में 3.40 लाख यात्रियों ने किया सफर

ई-बसों को आमजन की ओर से मिल रही सकारात्मक प्रतिक्रिया का अंदाजा यात्रियों की बढ़ती संख्या से लगाया जा सकता है। जुलाई में ई-बसों से करीब 1.50 लाख यात्रियों ने सफर किया था, जबकि अगस्त में यह संख्या बढ़कर 3.40 लाख हो गई। यात्रियों की संख्या में इस वृद्धि का असर बसों से प्राप्त राजस्व पर भी पड़ा है और इसमें करीब दोगुनी बढ़ोतरी दर्ज की गई है।

विभिन्न गांवों और शहरी क्षेत्रों के लोगों की ओर से ई-बसों की संख्या बढ़ाने और नए मार्ग शुरू करने की मांग की जा रही है। इसे देखते हुए अतिरिक्त 25 ई-बसों को शीघ्र मौजूदा बेड़े में शामिल करने का प्रस्ताव है।

इन पांच मार्गों पर चल रही ई-बसें

नोएडा क्षेत्र में वर्तमान में पांच मार्गों पर सिटी ई-बसों का संचालन किया जा रहा है।

मार्ग संख्या-1: बॉटेनिकल गार्डन, गोल्फ कोर्स, सिटी सेंटर, होशियारपुर, सेक्टर-51, पर्थला, गौर चौक, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, सूरजपुर कलेक्ट्रेट।

मार्ग संख्या-2: बॉटेनिकल गार्डन, परी चौक, सेक्टर-44, छलैरा, एमिटी स्कूल, एक्सप्रेसवे, परी चौक, गलगोटिया विश्वविद्यालय, दनकौर, रबूपुरा।

मार्ग संख्या-3: बॉटेनिकल गार्डन से जेवर एयरपोर्ट, सेक्टर-37 अंडरपास, छलैरा, अगाहपुर, बरौला, सेक्टर-50 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-75 मेट्रो स्टेशन, सेक्टर-75 नॉर्थआई चौक, सेक्टर-116, सेक्टर-78, एमएसएमई फेस-2, फुलमंडी, कुलेसरा और सूरजपुर।

मार्ग संख्या-4: बॉटेनिकल गार्डन, कलेक्ट्रेट सूरजपुर, गोल्फ कोर्स, सिटी सेंटर, सेक्टर-52, साईं मंदिर सेक्टर-61, सेक्टर-62, प्रताप विहार गाजियाबाद और आरआरटीएस स्टेशन गाजियाबाद।

मार्ग संख्या-5: बॉटेनिकल गार्डन, नया बस अड्डा गाजियाबाद, सेक्टर-16, नोएडा प्रवेश द्वार, सेक्टर-14, अक्षरधाम, कौशांबी और आनंद विहार बस स्टेशन।

शिकायत और सुझाव के लिए हेल्पलाइन जनहित में ई-बस सेवा से संबंधित शिकायत और सुझाव देने के लिए 1800-180-2877 हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है। आमजन इस नंबर पर अपनी शिकायत अथवा सुझाव दर्ज करा सकते हैं।

दिव्यांगों के मसीहा बने एम आर पाशा: राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के बैनर तले छेड़ा हक की लड़ाई का शंखनाद

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर देश के लाखों दिव्यांगजनों के हक और सम्मान की लड़ाई लड़ रहे राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा आज किसी परिचय के मोहताज नहीं हैं।

एम आर पाशा ने बहुत ही कम उम्र में यह ठान लिया था कि समाज में जो वर्ग सबसे ज्यादा उपेक्षित है, उसकी आवाज बनना है। इसी सोच के साथ उन्होंने राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन की नींव रखी, जो आज देश के कोने-कोने में दिव्यांग भाई-बहनों के लिए उम्मीद की किरण बन चुका है।

संगठन के मुख्य उद्देश्य:

1. दिव्यांगजनों को सरकारी योजनाओं, पेंशन, और आरक्षण का पूरा लाभ दिलाना।
2. शिक्षित दिव्यांग युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ना।
3. समाज में दिव्यांगों के प्रति सम्मान और बराबरी का भाव पैदा करना।
4. विकलांग प्रमाण पत्र, रेलवे पास, और अन्य दस्तावेजों में आ रही समस्याओं का निवारण।

राष्ट्रीय अध्यक्ष एम आर पाशा ने कहा, "हमारा लक्ष्य सिर्फ एसोसिएशन चलाना नहीं है, बल्कि हर दिव्यांग को आत्मनिर्भर और स्वाभिमानी बनाना है। विकलांगता शरीर में होती है, सोच में नहीं। जब तक एक भी दिव्यांग भाई अपने हक से वंचित है, हमारी लड़ाई जारी रहेगी।"

उनके इस जज्बे और निस्वार्थ सेवा भावना के कारण आज हजारों लोग उनसे जुड़ रहे हैं। बिजनौर सहित पूरे उत्तर प्रदेश में उनके नेतृत्व में संगठन तेजी से विस्तार कर रहा है।

राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के सभी जिला अध्यक्षों और कार्यकताओं ने श्री पाशा जी के नेतृत्व पर पूर्ण विश्वास व्यक्त किया है और उनके हर आह्वान पर साथ खड़े रहने का संकल्प लिया है।

त्योहारों पर कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट में हुई शांति समिति की बैठक

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर 03 सितंबर। कृष्ण जन्माष्टमी पर्व व आगामी अन्य त्योहारों पर कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में शांति समिति की बैठक जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई सहित अन्य पुलिस का प्रशासनिक अधिकारी व बड़ी संख्या में प्रत्येक थाना क्षेत्र के धर्मगुरु, गणमान्य व्यक्ति आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक का उद्देश्य यह है कि यहां उपस्थित धर्म गुरु, गणमान्य व्यक्ति बैठक के दौरान दिए गए संदेश व हुई चचाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि बिजनौर एक शांतिप्रिय जनपद है और यहां सभी धर्म के लोग आपस में प्रेम व भाईचारे के साथ रहते हैं और सभी त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाते रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की भ्रामक समाचार प्रसारित करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी घटनाओं की जानकारी अधिकारियों को दे ताकि समय रहते उसका निदान किया जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि शांति समिति की बैठक के दौरान बिजली, जल भराव, सड़क की मरम्मत आदि के जो मुद्दे उठाए गए हैं उन पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी और संबंधित अधिकारियों को इस हेतु निर्देशित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से सभी त्योहार मनाए जाते रहे हैं और आगे मनाए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि गैर कानूनी गतिविधियों की सूचना दें। कानून व्यवस्था को अपने हाथ में ना लें व कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सहयोग करें। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारित यंत्र ना लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि शांति समिति की बैठक में प्रत्येक थाने व सर्कल से धर्म गुरुओं और गणमान्य व्यक्तियों को बुलाया गया था ताकि सभी के विचार जाने जा सकें।

शांति समिति की बैठक में जनपद के समस्त पुलिस क्षेत्र व स्थान से धर्मगुरु व गणमान्य लोग आदि मौजूद रहे। बैठक के दौरान जनपद में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों जैसे नूरपुर, नगीना, शेरकोट, अफजलगढ़, नेहटौर, नजीबाबाद आदि क्षेत्रों में निकलने वाले जुलूसों की व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकार थाना अध्यक्ष, उप जिलाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी, धर्मगुरु व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

नजीबाबाद विधानसभा के प्राचीन शिव मंदिर आदर्श नगर में मंडल सत्यापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया

समाज जागरण
ब्यूरो शमीम सिद्दीकी

जनपद बिजनौर नजीबाबाद विधानसभा के प्राचीन शिव मंदिर, आदर्श नगर में मंडल सत्यापन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में संगठन की गतिविधियों, बूथ स्तर की व्यवस्थाओं एवं कार्यकताओं के सत्यापन को लेकर महत्वपूर्ण चर्चा की गई।

कार्यक्रम में पूर्व क्षेत्रीय मंत्री मंडल प्रवासी लीना सिंघल जी ,मंडल प्रभारी श्री जितेंद्र राजपूत जी ,श्री वरुण आत्रेय जी मंडल अध्यक्ष , श्री नितिन त्यागी जी क्षेत्रीय सदस्य कार्यकारिणी भाजपा किसान मोर्चा, श्री दिनेश मेहरा जी सेक्टर संयोजक ,श्रीमति सुरभि सिंह जी शक्ति केंद्र प्रभारी ,श्री रोशन कुमार जी मंडल महामंत्री ,श्री लोकेंद्र सिंह जी वरिष्ठ कार्यकर्ता ,श्री शिवम चौहान जी मंडल महामंत्री ,श्री अमन कुमार बिश्नोई जी मंडल मंत्री ,श्री बाबू राम जी सेक्टर संयोजक ,श्री मिथुन कुमार जी सहित अनेक पदाधिकारी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के माध्यम से संगठन को और अधिक मजबूत एवं सक्रिय बनाने तथा जमीनी स्तर पर कार्यकताओं की भूमिका को सशक्त करने का संकल्प लिया गया।

बूथ स्तर पर संगठन मजबूत करने में जुटी सपा आदित्य यादव ने दिए कड़े दिशा निर्देश

समाज जागरण

गुन्नौर। आगामी चुनाव को लेकर समाजवादी पार्टी ने संगठन को बूथ स्तर पर सक्रिय करने की कवायद तेज कर दी है। बबराला में 494 सेक्टर-30 बूथ के जोन प्रभारी, सेक्टर प्रभारी और बूथ अध्यक्षों की कार्यकर्ता सम्मेलन एवं समीक्षा बैठक में संगठन की जमीनी स्थिति पर मंथन किया गया। पार्टी नेतृत्व ने साफ किया कि चुनावी तैयारियों में बूथ संगठन की भूमिका सबसे अहम होगी।

बैठक को संबोधित करते हुए बदायूं सांसद आदित्य यादव ने कहा कि चुनाव में पार्टी की वास्तविक ताकत बूथ स्तर का कार्यकर्ता होता है। कार्यकताओं को मतदाताओं से लगातार संवाद बनाए रखते हुए पार्टी की नीतियों और विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाना होगा। उन्होंने कहा कि मजबूत बूथ ही मजबूत संगठन और बेहतर चुनावी परिणाम की नींव है। सांसद ने जोन, सेक्टर और बूथ प्रभारियों से उनके क्षेत्रों में संगठन की सक्रियता और तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारियां निभाने और बूथ स्तर पर नियमित गतिविधियां संचालित करने के निर्देश दिए। विधायक राम खिलाड़ी सिंह यादव ने कहा कि कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत किए बिना कोई भी राजनीतिक लक्ष्य हासिल नहीं किया जा सकता। उन्होंने कार्यकताओं से एकजुट होकर पूरी निष्ठा के साथ संगठन के लिए काम करने का आह्वान किया। सपा जिलाध्यक्ष असगर अली अंसारी ने संगठनात्मक गतिविधियों को और गति देने तथा बूथ स्तर पर कार्यकताओं की सक्रियता बढ़ाने पर जोर दिया। बैठक में पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों की स्थिति से पार्टी नेतृत्व को अवगत कराया। इस दौरान जिला महासचिव कृष्ण मुरारी शंखधार, अखिलेश यादव, अनिल गोस्वामी, शोभित कुमार काका, मुजफ्फर अली कक्के समेत बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

एएनएम शीतल की पुन: तैनाती के विरोध में कार्य बहिष्कार की दी चेतावनी

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नगीना। स्वास्थ्य उप केंद्र पखनपुर से शिकायतों के आधार पर हटाई गई एएनएम शीतल को मात्र पांच दिन बाद ही पुनः उप केंद्र पखनपुर में तैनात कर दिए जाने के विरोध में स्वास्थ्य कर्मियों ने सीएमओ को ज्ञापन सौंप कर एक सप्ताह में विषय का निवारण न किए जाने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी है।

स्वास्थ्य कर्मियों का एक प्रतिनिधिमंडल आज मंगलवार को बिजनौर में सीएमओ की गैर मौजूदगी में डिप्टी सीएमओ डॉ अनिल कुमार से मिला और उन्हें ज्ञापन सौंपा।

मुख्य चिकित्साधिकारी को संबोधित ज्ञापन में कहा गया है कि स्वास्थ्य उप केंद्र पखनपुर में तैनात एएनएम शीतल को राष्ट्रीय कार्यक्रमों(पल्स पोलियो अभियान)में रुचि न लेने व झूठी मेडिकल रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा स्टॉफ के साथ अभद्र व्यवहार व अशोभनीय टिप्पणी के कारण प्रभारी चिकित्साधिकारी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कोतवाली देहात की संस्तुति पर सीएमओ डॉ कौशलेंद्र सिंह ने 25 अगस्त को उप केंद्र पखनपुर से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चंदक स्थानांतरित कर दिया था।लेकिन मात्र पांच दिन बाद ही 31 अगस्त के सीएमओ डॉ कौशलेंद्र सिंह के आदेश पर 25 अगस्त के स्थानांतरण आदेश को निरस्त करते हुए एएनएम शीतल को पुनः उप केंद्र पखनपुर में ही तैनात कर दिया गया। सीएमओ के नाम दिए गए ज्ञापन में 31 अगस्त के आदेश को निरस्त करने की मांग की गई है।अन्यथा की स्थिति में समस्त स्टॉफ द्वारा कार्य करने में असमर्थ रहने की बात की गई है।एक सप्ताह में विषय का निवारण न होने पर कार्य बहिष्कार की चेतावनी दी गई है।

प्रतिनिधिमंडल में सीसीएच संगीता पवार,चंचल,विनीता, रविपाल, अभिषेक चौहान व अमित खेड़ा, एलएचवी प्रतिभा,मधु जोशी,रेखा रानी व चित्रा,संगनी किरन,आशा कुसुमलता,विनेश, सुनीता, माला, संध्या व कौशल और बीसीपीएम खुर्शीद व हर्षित विश्नोई शामिल रहे।

त्योहारों पर कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट में हुई शांति समिति की बैठक

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर 03 सितंबर। कृष्ण जन्माष्टमी पर्व व आगामी अन्य त्योहारों पर कानून एवं शांति व्यवस्था के दृष्टिगत कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में शांति समिति की बैठक जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई सहित अन्य पुलिस का प्रशासनिक अधिकारी व बड़ी संख्या में प्रत्येक थाना क्षेत्र के धर्मगुरु, गणमान्य व्यक्ति आदि मौजूद रहे।

जिलाधिकारी ने कहा कि बैठक का उद्देश्य यह है कि यहां उपस्थित धर्म गुरु, गणमान्य व्यक्ति बैठक के दौरान दिए गए संदेश व हुई चचाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि बिजनौर एक शांतिप्रिय जनपद है और यहां सभी धर्म के लोग आपस में प्रेम व भाईचारे के साथ रहते हैं और सभी त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया जाते रहे हैं।

जिलाधिकारी ने कहा कि सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की भ्रामक समाचार प्रसारित करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी घटनाओं की जानकारी अधिकारियों को दे ताकि समय रहते उसका निदान किया जा सके।

जिलाधिकारी ने कहा कि शांति समिति की बैठक के दौरान बिजली, जल भराव, सड़क की मरम्मत आदि के जो मुद्दे उठाए गए हैं उन पर प्रभावी कार्रवाई की जाएगी और संबंधित अधिकारियों को इस हेतु निर्देशित किया गया है।

पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से सभी त्योहार मनाए जाते रहे हैं और आगे मनाए जाते रहेंगे। उन्होंने कहा कि गैर कानूनी गतिविधियों की सूचना दें। कानून व्यवस्था को अपने हाथ में ना लें व कानून व्यवस्था को बनाए रखने के लिए सहयोग करें। उन्होंने कहा कि धार्मिक स्थलों पर ध्वनि विस्तारित यंत्र ना लगाए जाएं। उन्होंने कहा कि शांति समिति की बैठक में प्रत्येक थाने व सर्कल से धर्म गुरुओं और गणमान्य व्यक्तियों को बुलाया गया था ताकि सभी के विचार जाने जा सकें।

शांति समिति की बैठक में जनपद के समस्त पुलिस क्षेत्र व स्थान से धर्मगुरु व गणमान्य लोग आदि मौजूद रहे। बैठक के दौरान जनपद में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों जैसे नूरपुर, नगीना, शेरकोट, अफजलगढ़, नेहटौर, नजीबाबाद आदि क्षेत्रों में निकलने वाले जुलूसों की व्यवस्थाओं के संबंध में भी चर्चा की गई व आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन अंशिका दीक्षित, अपर पुलिस अधीक्षक, पुलिस क्षेत्राधिकार थाना अध्यक्ष, उप जिलाधिकारी व अन्य संबंधित अधिकारी, धर्मगुरु व गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बबराला में तमंचा लहराने वाला युवक गिरफ्तार, अवैध हथियार व कारतूस बरामद

समाज जागरण

बबराला थाना क्षेत्र के गांव शाहजहानाबाद में तमंचा लहराने की सूचना के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से अवैध तमंचा और जिंदा कारतूस बरामद करने का दावा किया है। मामले में आर्म्स एक्ट की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस के मुताबिक, उपनिरीक्षक राजवीर सिंह पुलिस टीम के साथ क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम शाहजहांनाबाद में एक युवक तमंचा लहराते हुए दिखाई दिया था और पुलिस के पहुंचने पर फरार हो गया। सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी की।

पुलिस टीम ने बबराला-अनूपशहर मार्ग से रानीगंज की ओर जाने वाले रास्ते पर करीब 450 कदम की दूरी पर संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में उसकी पहचान रमन कुमार दीक्षित पुत्र योगेंद्र दीक्षित, निवासी ग्राम शाहजहांनाबाद, थाना बबराला के रूप में हुई।

तलाशी के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद किया। पुलिस का कहना है कि आरोपी हथियार का लाइसेंस प्रस्तुत नहीं कर सका। इसके बाद आरोपी को हिरासत में लेकर बरामद हथियार व कारतूस को सील कर दिया गया।

थाना बबराला पुलिस ने मामले में आर्म्स एक्ट की धारा 3/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

सांसद ने राजेश यादव को दी श्रद्धांजलि बोले हमने एक सच्चा वह समर्पित साथी को दिया

समाज जागरण

गुन्नौर। समाजवादी पार्टी के विधानसभा क्षेत्र अध्यक्ष अमित यादव के चाचा राजेश यादव के निधन की सूचना पर सांसद आदित्य यादव उनके गुन्नौर स्थित आवास पर पहुंचे। उन्होंने शोकाकुल परिजनों से मुलाकात कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। परिजनों को सांत्वना देते समय सांसद भावुक हो उठे। सांसद आदित्य यादव ने कहा, ' स्व. राजेश यादव के निधन से पार्टी ने एक समर्पित कार्यकर्ता खो दिया है। पार्टी के प्रति उनका समर्पण और कार्यकताओं के साथ उनका आत्मीय जुड़ाव हमेशा याद रहेगा।' उन्होंने कहा कि अपनों को खोने का दुख शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। इस कठिन समय में समाजवादी पार्टी परिवार शोक संतप्त परिजनों के साथ खड़ा है। सांसद ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना करते हुए परिजनों को इस अपार दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इस दौरान सपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता और क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

मेला गणेश चौथ चंदौसी-2026 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने मेला कमेटी के साथ की बैठक

समाज जागरण

बहजोई/संभल। कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में जिलाधिकारी अंकित खंडेलवाल एवं पुलिस अधीक्षक विकास चंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में 12 सितंबर से प्रारम्भ होकर 2 अक्टूबर तक चलने वाले मेला गणेश चौथ चंदौसी-2026 के आयोजन की तैयारियों के संबंध में मेला कमेटी के साथ संयुक्त वार्षिक सभा का आयोजन किया गया।

बैठक में उपजिलाधिकारी चंदौसी द्वारा मेला आयोजन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं के संबंध में जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। इस दौरान मेला टेंडर प्रक्रिया एवं मेला विद्युत कनेक्शन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। विद्युत विभाग एवं टेलीफोन विभाग को विद्युत एवं टेलीफोन पोल तथा तारों की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि विद्युत एवं टेलीफोन व्यवस्था प्रभावित न हो तथा तार व्यवस्थित एवं सुरक्षित रहें। जल निगम (शहरी) को मेला स्थल पर हैंडपंपों की मरम्मत कराने तथा आवश्यकता के अनुसार हैंडपंप लगवाने के निर्देश दिए गए। रोडवेज विभाग को मेला अवधि के दौरान चंदौसी में अस्थायी बस स्टॉप तैयार कराने तथा यात्रियों की सुविधा के लिए रोडवेज बसों की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

अपर जिलाधिकारी ने गणेश मूर्ति विसर्जन के संबंध में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए कि मिट्टी अथवा गोबर से तैयार मूर्तियों का ही विसर्जन किया जाए।

अग्निशमन विभाग को मेला स्थल के पास छोटे अग्निशामक वाहनों की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अग्निशमन वाहनों को प्वाइंट-बाय-प्वाइंट तैनात किया जाए तथा उनके मूवमेंट पर भी नजर रखी जाए।

बैठक में पुलिस एवं यातायात व्यवस्था को लेकर भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। 14 सितंबर को आयोजित होने वाली रथयात्रा के दौरान पार्किंग की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे।

अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि मेला स्थल को प्लास्टिक मुक्त रखा जाए तथा श्रद्धालुओं के लिए पर्याप्त एवं निःशुल्क पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मेला स्थल पर दुकानों के लिए जो स्थान निर्धारित किए गए हैं, दुकानदार निर्धारित सीमा से आगे अपनी दुकानें न बढ़ाएं, यह सुनिश्चित किया जाए। दुकानों के पास डस्टबिन लगाए जाएं तथा मेला स्थल पर साफ-सफाई की उचित व्यवस्था बनाए रखी जाए।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि विद्युत व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहे और किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो।

नगर पालिका कर्मियों व सभासदों ने देखा यूपीसीओएस का लाइव प्रसारण

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर नगीना। योगी सरकार के यूपीसीओएस इवेंट का लाइव प्रसारण नगर पालिका कर्मियों व सभासदों ने देखा व सुना।

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आउटसोर्सिंग कर्मचारियों के लिए उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम (यूपीसीओएस)पोर्टल को बुधवार को मुख्यमंत्री योगी

आदित्यनाथ ने लखनऊ में लॉन्च किया। इस अवसर पर उनके साथ उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक एवं सरकार के तमाम आला अधिकारी मौजूद रहे।इस कार्यक्रम का टीवी पर लाइव प्रसारण किया गया।

नगर पालिका परिषद सभागार में ईओ सतीश कुमार, सफाई निरीक्षक धीरज राय वर्मा, चेयर पर्सन पुत्र सहराज खलील, लिपिक तलत अहमद, असलम मंसूरी, मौ असलम, इत्तखार जैदी, मुनीर अलम, दिनेश कुमार, संदीप बाल्मीकि, नरेश कुमार समेत समस्त स्टॉफ तथा सभासद कपिल पवार, संजीव दत्त शर्मा उर्फ गोपाल शर्मा, शानू मलिक, मौ रशीद, राजकुमार उर्फ जौनी समेत कई सभासदों ने कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखा व सुना।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने नगीना में आतिशबाजी की दुकानों एवं फैक्ट्रियों का किया निरीक्षण

समाज जागरण मुस्कान खान

जनपद बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने गुरुवार को पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई तथा अन्य पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ तहसील नगीना क्षेत्र में आतिशबाजी एवं पटाखों का क्रय-विक्रय करने वाली दुकानों तथा फैक्ट्रियों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों के साथ

दुकानों एवं फैक्ट्रियों में सुरक्षा मानकों, लाइसेंस तथा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की जांच की और नियमों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि आतिशबाजी एवं पटाखों के क्रय-विक्रय तथा निर्माण में सुरक्षा मानकों का पालन अत्यंत आवश्यक है। किसी भी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि आतिशबाजी से संबंधित सभी प्रतिष्ठानों की नियमित रूप से जांच की जाए तथा निर्धारित मानकों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

जिलाधिकारी ने कहा कि संयुक्त टीम गठित कर जनपद की समस्त आतिशबाजी एवं पटाखों का क्रय-विक्रय करने वाली दुकानों तथा फैक्ट्रियों की जांच कराई जाएगी। जांच के दौरान लाइसेंस, सुरक्षा व्यवस्था, भंडारण एवं अन्य निर्धारित मानकों का विशेष रूप से परीक्षण किया जाएगा।

उन्होंने आमजन की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए संबंधित अधिकारियों को सतर्कता एवं तत्परता के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

10 साल बाद भी सफेद हाथी बना उप स्वास्थ्य केंद्र डॉक्टरों की जगह भरा भूसा

समाज जागरण

गुन्नौर। विकासखंड गुन्नौर के ग्राम रसूलपुर में ग्रामीणों को बेहतर इलाज मुहैया करने के मकसद से लगभग 10 वर्ष पूर्व बना उप स्वास्थ्य केंद्र आज अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है अस्पताल की इमारत बनाने की एक दशक बाद यहां ना तो किसी डॉक्टर की तैनाती हुई और तैनाती हुई और ना ही किसी स्वास्थ्य कर्मचारी ने कदम रखा इलाज की आस में बैठे ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर सिर्फ एक सोफिस से इमारत ही नसीब हुई लंबे समय से बंद और उपेक्षित पड़े रहने के कारण उप स्वास्थ्य केंद्र का भवन अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है देखरेख के अभाव में ग्रामीणों ने इस सरकारी इमारत का भूसा और पशुओं पशुओं का चारा भरने के लिए कर दिया है ग्रामीणों का कहना है कि स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की इस बेरुखी के कारण उन्हें सामान्य इलाज के लिए के लिए दूर दराज के अस्पतालों के चक्कर काटने पड़ते हैं जीस इमारत को गांव के लोगों की जान बचाने के लिए

जिलाधिकारी ने विभिन्न सरकारी भूमि का किया स्थलीय निरीक्षण

अभिलेखों के आधार पर रकबा मिलान एवं भूमि की पैमाइश कराने के दिए निर्देश

समाज जागरण

बहजोई। जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल ने आज बहजोई में विभिन्न सरकारी भूमि स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने ग्राम जैमलपुर,

बहजोई, बहजोई पजाया के निकट तथा कलक्ट्रेट के निकट स्थित बड़े मैदान एवं उसके आसपास की भूमि का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों से उक्त भूमि के संबंध में अभिलेखीय स्थिति की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने यह भी जानकारी ली कि संबंधित भूमि के संबंध में न्यायालय में कोई वाद विचाराधीन तो नहीं है। जिलाधिकारी ने भूमि से संबंधित सभी अभिलेखों का परीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी चंदौसी आशुतोष तिवारी को निर्देशित करते हुए कहा कि संबंधित भूमि के अभिलेखों के आधार पर रकबे का मिलान कराया जाए। साथ ही, भूमि की पैमाइश कराकर मौके की स्थिति का सत्यापन सुनिश्चित किया जाए, ताकि अभिलेखों एवं वास्तविक स्थिति में किसी प्रकार का अंतर न रहे। इस अवसर पर तहसीलदार चंदौसी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण में खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज में।

ग्रेटर नोएडा के श्रमिकों को बड़ा तोहफा, बनेंगे ईडब्ल्यूएस आवास और लेबर हॉस्टल

पतवाड़ी-बिरौंडी में श्रमिकों के लिए मकान, ईकोटेक में हॉस्टल; दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा ग्रेटर नोएडा

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, 3 सितंबर। औद्योगिक नगरी ग्रेटर नोएडा में काम करने वाले अप्रवासी श्रमिकों को अब बेहतर और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की 144वीं बोर्ड बैठक में श्रमिकों के लिए ईडब्ल्यूएस आवास और ट्रांजिट लेबर हॉस्टल बनाने सहित कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इसके साथ ही शहर की कनेक्टिविटी मजबूत करने के लिए 130 मीटर चौड़ी सड़क को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से जोड़ने तथा 105 मीटर चौड़ी सड़क को ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे तक पहुंचाने की योजना पर भी मुहर लगाई गई।

प्राधिकरण के मुताबिक पतवाड़ी और बिरौंडी गांव में अप्रवासी श्रमिकों एवं उनके परिवारों के लिए ईडब्ल्यूएस फ्लैट बनाए जाएंगे। इसके लिए जमीन चिह्नित की जा चुकी है और सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद इसी वर्ष के अंत तक निर्माण शुरू करने का लक्ष्य है। इससे उन श्रमिक परिवारों को सुरक्षित और सुविधायुक्त आवास मिल सकेगा, जो महंगे निजी मकानों का खर्च वहन नहीं कर पाते हैं और अक्सर अनधिकृत कॉलोनियों का रुख करते हैं।

अल्फा-1 में बनेगी तीन मंजिला पुस्तकालय

बोर्ड ने सेक्टर अल्फा-1 में 1360 वर्गमीटर क्षेत्रफल में सार्वजनिक पुस्तकालय बनाने को भी मंजूरी दी है। इसमें 440 वर्गमीटर में तीन मंजिला पुस्तकालय बनेगा, जबकि शेष क्षेत्र में पार्किंग, शौचालय और अन्य सुविधाएं होंगी। यहां बच्चों, छात्रों, युवाओं और वरिष्ठ नागरिकों के लिए पुस्तकें उपलब्ध रहेंगी। आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थी न्यूनतम शुल्क पर पुस्तकें लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर सकेंगे। इसका निर्माण भी इस वर्ष के अंत तक शुरू करने का लक्ष्य है।

दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से सीधे जुड़ेगा ग्रेटर नोएडा

बोर्ड बैठक में ग्रेटर नोएडा की कनेक्टिविटी को लेकर भी बड़ा फैसला हुआ। 130 मीटर चौड़ी सड़क को दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए डबल डेकर सड़क बनाई जाएगी। पहले चरण में एक मूर्ति तक सड़क बनाने की योजना है, जिस पर करीब 756.01 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है। दूसरे चरण में शेष हिस्से का निर्माण किया जाएगा। परियोजना पूरी होने से ग्रेटर नोएडा और ग्रेटर नोएडा वेस्ट की दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से कनेक्टिविटी बेहतर होगी।

ईस्टर्न पेरिफेरल तक बनेगी 105 मीटर चौड़ी सड़क

ग्रेटर नोएडा फेस-1 और फेस-2 तथा डीएनजीआईआर क्षेत्र को ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए 105 मीटर चौड़ी सड़क विकसित की जाएगी। फेस-2 में जुनपत से ईस्टर्न पेरिफेरल तक करीब 12 किलोमीटर सड़क बनाई जाएगी। सड़क को 10 लेन और चार सर्विस लेन के रूप में विकसित किया जाएगा। रेलवे लाइन, ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर लिंक लाइन और जीटी रोड पर तीन ओवरब्रिज भी प्रस्तावित हैं। निर्माण का खर्च एनएचएआई वहन करेगा, जबकि भूमि की व्यवस्था प्राधिकरणों की ओर से की जाएगी।

कम किराये में मिलेगा अस्थायी ठिकाना

"रोजगार की तलाश में ग्रेटर नोएडा आने वाले श्रमिकों के लिए ईकोटेक-6 और ईकोटेक-11 में ट्रांजिट लेबर हॉस्टल की व्यवस्था की जाएगी। दोनों स्थानों पर 3-3 हजार वर्गमीटर भूमि चिह्नित की गई है। प्राधिकरण इन भूखंडों को श्रम विभाग को निशुल्क हस्तांतरित करेगा और हॉस्टल का निर्माण श्रम विभाग करेगा। यहां श्रमिक कम किराये पर रहकर रोजगार तलाश सकेंगे और रोजगार मिलने के बाद स्थायी आवास की व्यवस्था कर सकेंगे।"

रिठौरी में रेलवे लाइन पर बनेगा फुटओवर ब्रिज

ग्राम रिठौरी के लोगों को रेलवे लाइन पार करने में आ रही परेशानी से राहत देने के लिए फुटओवर ब्रिज बनाने को भी मंजूरी दी गई है। इसमें रैंप, सीढ़ियों और लिफ्ट की सुविधा होगी। निर्माण का खर्च ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण उठाएगा। रेलवे से आवश्यक स्वीकृति और अनापत्ति प्रमाणपत्र लेने की प्रक्रिया भी पूरी की जाएगी।

आवासीय भूखंडों पर निर्माण के लिए अंतिम मौका

बोर्ड ने आवासीय भूखंडों के आवंटियों को भवन निर्माण पूरा कर कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र लेने के लिए 30 जून 2028 तक अतिरिक्त समय देने का फैसला किया है। यह अवसर वर्तमान विलंब शुल्क के साथ दिया गया है। निर्धारित अवधि तक कार्यपूर्ति प्रमाण पत्र नहीं लेने पर आवंटन रद्द किया जा सकता है।

एनडीआरएफ को मिलेंगे 30 फ्लैट

आपदा और आपातकालीन परिस्थितियों में राहत एवं बचाव कार्य तेज करने के लिए सेक्टर ओमीक्रॉन-1ए में एनडीआरएफ के क्षेत्रीय प्रतिक्रिया केंद्र के लिए 30 फ्लैट निशुल्क आवंटित किए जाएंगे। इनका उपयोग आपदा के समय तैनात टीम के आवासीय कैंप, कार्यालय और अन्य आवश्यक गतिविधियों के लिए किया जाएगा। इससे बाढ़, औद्योगिक दुर्घटना, भवन गिरने और अन्य आपात स्थितियों में त्वरित राहत-बचाव कार्रवाई में मदद मिलेगी।

पांच वर्ष तक मशीनों से होगी सड़कों की सफाई

वायु गुणवत्ता सुधारने और सड़कों से धूल-मिट्टी नियंत्रित करने के लिए ग्रेटर नोएडा के सेंट्रल और ईस्ट जोन में पांच वर्ष तक यांत्रिक सड़क सफाई कराई जाएगी। प्राधिकरण मशीनरी उपलब्ध कराएगा, जबकि संचालन और रखरखाव की जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी। दोनों क्षेत्रों के लिए ठेकेदार का चयन किया जा चुका है। बोर्ड बैठक के इन फैसलों से एक ओर जहां ग्रेटर नोएडा में श्रमिकों के लिए आवास और मूलभूत सुविधाओं का विस्तार होगा, वहीं दूसरी ओर शहर की क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, शिक्षा, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण व्यवस्था को भी मजबूती मिलने की उम्मीद है।

10 हजार का इनामी गोवध का वांछित आरोपी गिरफ्तार

करीब एक साल से चल रहा था फरार, गोकशी, गैंगस्टर और आर्म्स एक्ट समेत 11 मुकदमे दर्ज

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, 3 सितंबर। थाना दनकौर पुलिस ने गोवध के मामले में करीब एक वर्ष से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी वांछित अभियुक्त नईम को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे मुरादनगर क्षेत्र में मेरठ-दिल्ली रोड स्थित रावली रोड तिराहे से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार 17 सितंबर 2025 को चपरगढ़-ऐच्छेजा के जंगल में दो गोवंशीय पशुओं के वध की सूचना पर थाना दनकौर में मुकदमा दर्ज किया गया था। मामले में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता अधिनियम तथा गोवध निवारण अधिनियम की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।

जांच के दौरान नईम पुत्र करमइलाही

निवासी मुरादनगर का नाम प्रकाश में आया। पुलिस के मुताबिक वह मामले में वांछित था और करीब एक वर्ष से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

पहले भी दर्ज हैं कई मुकदमे

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपी की उम्र करीब 32 वर्ष है और उसके खिलाफ गौतमबुद्धनगर, गाजियाबाद और हापुड़ के विभिन्न थानों में गोकशी, गैंगस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट और हत्या के प्रयास समेत 11 मुकदमे दर्ज हैं।

दनकौर के इसी मामले में पुलिस पहले राजा पुत्र हाकमीन को 10 अक्टूबर 2025 को पुलिस मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। इसके अलावा आसिफ पुत्र अब्दुल हसन उर्फ चुन्ना को भी 30 अगस्त 2026 को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।

पुलिस ने नईम के खिलाफ आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस उसके आपराधिक इतिहास और मामले में उसकी भूमिका से जुड़े अन्य तथ्यों की भी जांच कर रही है। सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

थाली में पोषण होगा तो बीमारी रहेगी दूर, बच्चों के शुरुआती 1000 दिन बेहद अहम

राष्ट्रीय पोषण सप्ताह पर फेलिक्स अस्पताल में हेल्थ टॉक, विशेषज्ञ ने संतुलित आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने पर दिया जोर

समाज जागरण

नोएडा। स्वस्थ रहने के लिए केवल पेट भरना पर्याप्त नहीं है, बल्कि भोजन में शरीर के लिए जरूरी सभी पोषक तत्वों का संतुलित मात्रा में होना भी आवश्यक है। प्रोटीन, कार्बोहाइड्रेट, वसा, विटामिन, खनिज और फाइबर शरीर की वृद्धि, ऊर्जा, रोग प्रतिरोधक क्षमता और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह के अवसर पर सेक्टर-137 स्थित फेलिक्स अस्पताल में गुरुवार को आयोजित हेल्थ टॉक में विशेषज्ञों ने लोगों को संतुलित आहार के महत्व के प्रति जागरूक किया।

कार्यक्रम में फेलिक्स अस्पताल की चीफ डायटीशियन निशा जैन ने 'सस्टेनेबल डाइट एंड हेल्दी हैबिट्स' विषय पर जानकारी देते हुए कहा कि पोषण का महत्व जीवन के प्रत्येक चरण में है, लेकिन गर्भावस्था और बच्चे के जीवन के शुरूआती वर्षों में इसका विशेष महत्व होता है। इस अवधि में पर्याप्त पोषण बच्चे की लंबाई, वजन, मस्तिष्क और मानसि क विकास की नींव मजबूत करता है।

उन्होंने बताया कि बच्चे के पोषण की शुरूआत गर्भावस्था से ही हो जाती है। जन्म के एक घंटे के भीतर स्तनपान शुरू करना और पहले छह

महीने तक केवल मां का दूध देना महत्वपूर्ण है। छह महीने के बाद स्तनपान जारी रखते हुए बच्चे को पर्याप्त, सुरक्षित और पौष्टिक पूरक आहार दिया जाना चाहिए।

कुपोषण केवल भोजन की कमी नहीं

निशा जैन ने बताया कि कुपोषण का अर्थ केवल कम भोजन करना या भोजन की कमी होना नहीं है। असंतुलित आहार, पोषक तत्वों की कमी, बार-बार संक्रमण, स्वच्छ पानी और स्वच्छता का अभाव तथा बच्चों को समय पर पूरक आहार नहीं मिलना भी इसके प्रमुख कारण हैं। गर्भावस्था के दौरान पर्याप्त पोषण नहीं मिलने का असर भी बच्चे के स्वास्थ्य पर पड़ सकता है।

उन्होंने कहा कि दूसरी ओर अधिक कैलोरी लेकिन कम पोषक तत्वों वाले जंक और प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थों का लगातार सेवन बच्चों और वयस्कों में मोटापे का कारण बन सकता है। इसलिए भोजन की मात्रा के साथ उसकी गुणवत्ता पर भी ध्यान देना जरूरी है।

देश में कुपोषण और एनीमिया की चुनौती

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 के आंकड़ों का उल्लेख करते हुए उन्होंने बताया कि देश में पांच वर्ष से कम उम्र के 35.5 प्रतिशत बच्चे अवरुद्ध वृद्धि (स्टंटिंग), 19.3 प्रतिशत वेस्टिंग और 32.1 प्रतिशत बच्चे कम वजन की समस्या से प्रभावित पाए गए। वहीं 7.7 प्रतिशत बच्चे गंभीर रूप से वेस्टेड थे।

एनीमिया भी पोषण संबंधी प्रमुख समस्याओं में शामिल है। सर्वेक्षण के अनुसार 6 से 59 महीने की आयु के 67.1 प्रतिशत बच्चे और 15 से 49 वर्ष की 57 प्रतिशत महिलाएं एनीमिया से प्रभावित थीं।

इन संकेतों को नजर-अंदाज न करें

विशेषज्ञ के अनुसार बच्चे की उम्र के अनुरूप वजन और लंबाई नहीं बढ़ना, कमजोरी, जल्दी थकान होना, बार-बार बीमार पड़ना, भूख कम लगना, चिड़चिड़ापन और एकाग्रता में कमी पोषण की कमी के संकेत हो सकते हैं। एनीमिया की स्थिति में थकान, कमजोरी, चक्कर आना और सांस फूलने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। विटामिन और खनिजों की कमी से त्वचा और बालों से संबंधित समस्याएं भी सामने आ सकती हैं।

संतुलित थाली को बनाएं जीवनशैली का हिस्सा

डायटीशियन निशा जैन ने कहा कि पोषण संबंधी समस्याओं का उपचार व्यक्ति की उम्र, स्वास्थ्य स्थिति और शरीर में मौजूद पोषक तत्वों की कमी के आधार पर किया जाता है। गंभीर कुपोषण की स्थिति में चिकित्सकीय निगरानी और विशेष पोषण उपचार की आवश्यकता हो सकती है। एनीमिया में चिकित्सक की सलाह के अनुसार आयरन और फोलिक एसिड दिया जाता है। बिना जांच और चिकित्सकीय सलाह के पोषक तत्वों के पूरक लेना उचित नहीं है।

उन्होंने संतुलित भोजन में अनाज के साथ दाल अथवा अन्य प्रोटीन स्रोत, हरी सब्जियां, मौसमी फल, दूध-दही और मेवों को शामिल करने की सलाह दी। पर्याप्त मात्रा में पानी पीने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ आहार के चार प्रमुख आधार पर्याप्तता, संतुलन, संयम और विविधता हैं।

10 वर्ष से अधिक उम्र के बच्चों और वयस्कों को प्रतिदिन कम से कम 400 ग्राम फल और सब्जियां लेने की सलाह दी जाती है। राष्ट्रीय पोषण सप्ताह 1 से 7 सितंबर तक मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को कुपोषण के साथ-साथ मोटापा, एनीमिया और असंतुलित खानपान से होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं के प्रति जागरूक करना और स्वस्थ खानपान की आदतों को बढ़ावा देना है।

ऑटो खड़ा करने को लेकर मारपीट, सूरजपुर पुलिस ने दो वांछित आरोपी दबोचे

समाज जागरण

ग्रेटर नोएडा, 3 सितंबर। थाना सूरजपुर पुलिस ने ऑटो खड़ा करने को लेकर हुई मारपीट के मामले में दो वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को संतोषनगर कॉलोनी से गिरफ्तार किया।

पुलिस के अनुसार 31 अगस्त 2026 को थाना सूरजपुर क्षेत्र की संतोषनगर कॉलोनी में दादरी ओवरब्रिज के नीचे ऑटो खड़ा करने को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि विवाद के दौरान

अभियुक्तों ने वादी के साथ मारपीट की। मामले में वादी की तहरीर के आधार पर थाना सूरजपुर में मु0अ0सं0 498/2026, धारा 115(2)/110 बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

मामले में कार्रवाई करते हुए सूरजपुर पुलिस ने 2 सितंबर 2026 को संतोषनगर कॉलोनी से दोनों वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान हर्ष भाटी पुत्र निरंकार भाटी, निवासी ग्राम तिलपता, उम्र करीब 23 वर्ष तथा अक्षय भाटी पुत्र अमरीश, निवासी ग्राम तिलपता, उम्र करीब 21 वर्ष के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के खिलाफ दर्ज मुकदमे में आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। सौजन्य : मीडिया सेल, पुलिस कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर

फर्जी लोन के नाम पर साइबर ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार, 3.40 लाख रुपये के लेन-देन का खुलासा

समाज जागरण

नोएडा। थाना साइबर क्राइम नोएडा पुलिस ने पर्सनल लोन दिलाने के नाम पर फर्जी लोन सैंक्शन लेटर भेजकर लोगों से प्रोसेसिंग फीस के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो वांछित साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों को तकनीकी साक्ष्यों, डिजिटल विश्लेषण, सर्विलांस और गोपनीय सूचना के आधार पर 2 सितंबर 2026 को खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद से गिरफ्तार किया।

गिरफ्तार आरोपियों की पहचान तुषार पुत्र कपिल देव और सुमित कुमार पुत्र रामेश्वर प्रसाद, दोनों निवासी खोड़ा कॉलोनी, गाजियाबाद के रूप में हुई है। दोनों की उम्र करीब 21 वर्ष बताई गई है।

पुलिस के अनुसार, यह मामला थाना साइबर क्राइम नोएडा में दर्ज मु0अ0सं0 145/2025 से संबंधित है। आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4), 319(2), 336(3), 338, 340(2), 61(2), 238 तथा आईटी एक्ट की धारा 66डी के तहत मुकदमा दर्ज है। इसी मामले में दो अन्य आरोपियों को पूर्व में 15 दिसंबर 2025 को गिरफ्तार कर

जेल भेजा जा चुका है।

खातों में आए 3.40 लाख रुपये

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी तुषार के बैंक खाते में 1.20 लाख रुपये, जबकि सुमित के बैंक खाते में 2.20 लाख रुपये, यानी कुल 3.40 लाख रुपये प्राप्त हुए। जांच में यह भी सामने आया कि इन बैंक खातों के खिलाफ विभिन्न राज्यों के नेशनल साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर महाराष्ट्र और तमिलनाडु से संबंधित कुल दो शिकायतें दर्ज हैं।

पुलिस का कहना है कि आरोपी अपने बैंक खातों के साथ-साथ अन्य म्यूल बैंक खातों को भी साइबर अपराधियों को उपलब्ध कराते थे। ठगी की रकम खाते में आने के बाद आरोपी अपना कमीशन काटकर बाकी रकम साइबर अपराधियों तक पहुंचाते थे।

अन्य सहयोगियों और डिजिटल नेटवर्क की जांच जारी

पुलिस ने बताया कि मामले में शामिल अन्य सहयोगियों, बैंक खातों, वेबसाइटों और डिजिटल नेटवर्क की जांच जारी है। जांच के आधार पर गिरोह से जुड़े अन्य लोगों के खिलाफ भी कार्रवाई की जा सकती है।

पुलिस ने साइबर ठगी से बचने की दी सलाह

पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि साइबर ठगी होने पर तत्काल 1930 पर शिकायत दर्ज कराएं अथवा राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर शिकायत करें। पुलिस ने स्पष्ट किया कि ह्यडिजिटल अरेस्टह्ल जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं है। कोई भी पुलिस अधिकारी, सीबीआई, ईडी या अन्य जांच एजेंसी फोन पर डिजिटल तरीके से किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं करती।

पुलिस ने लोगों को अनजान लिंक पर क्लिक न करने, व्हाट्सऐप या फोन पर मिलने वाले फर्जी निवेश अथवा लोन ऑफर पर विश्वास न करने तथा किसी अनजान व्यक्ति को आधार, पैन कार्ड या बैंक खाते से संबंधित जानकारी साझा नहीं करने की सलाह दी है। मीडिया सेल,

कंपनी के डाटा का दुरुपयोग कर बनाते थे फर्जी सैंक्शन लेटर

जांच में सामने आया कि गिरोह कथित तौर पर फ्ष्छङ्कल्ल२ कंपनी से प्राप्त डाटा का दुरुपयोग करता था। लोन की जरूरत वाले लोगों को पर्सनल लोन दिलाने का झांसा देकर फर्जी लोन सैंक्शन लेटर भेजे जाते थे। इसके बाद लोन जारी करने के नाम पर पीड़ितों से प्रोसेसिंग फीस के रूप में रकम वसूली जाती थी।

पुलिस पूछताछ में दोनों आरोपियों ने कथित तौर पर स्वीकार किया कि वे साइबर अपराधियों को अपने बैंक खाते उपलब्ध कराते थे। इन खातों में ठगी की रकम प्राप्त की जाती थी और इसके बदले उन्हें करीब 10 प्रतिशत कमीशन मिलता था।

हाई लॉस क्षेत्रों में बिजली चोरी के खिलाफ बड़ा अभियान, 22.974 किलोवाट चोरी पकड़ी, आठ के खिलाफ मुकदमे की कार्रवाई

समाज जागरण

नोएडा, 3 सितंबर। विद्युत चोरी और राजस्व हानि पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड की ओर से चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत नोएडा क्षेत्र के हाई लॉस इलाकों में विद्युत विभाग की संयुक्त टीम ने सघन जांच अभियान चलाया। ग्राम हैबतपुर और मिलक लच्छी में हुई कार्रवाई के दौरान आठ परिसरों में कुल 22.974 किलोवाट विद्युत चोरी पकड़ी गई।

33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र इटेहरा से पोषित इन क्षेत्रों में प्रवर्तन दल और रेड खंड की संयुक्त टीम ने 3 सितंबर को अभियान चलाकर विद्युत कनेक्शनों और परिसरों की जांच की। जांच के दौरान आठ परिसरों में अवैध रूप से विद्युत का उपयोग किए जाने का मामला सामने आया। जांच में विपिन के परिसर में 4.341 किलोवाट, वीरेन्द्र के यहां 2.374 किलोवाट, शांति के परिसर में 2.067 किलोवाट, गणेश के यहां 1.819 किलोवाट, रोहतास के यहां 2.096 किलोवाट, लवकुश के दो

परिसरों में क्रमशः 4.859 किलोवाट और 2.668 किलोवाट तथा सुभाष के परिसर में 2.750 किलोवाट विद्युत चोरी पकड़ी गई।

विभाग की ओर से सभी मामलों में मौके पर नियमानुसार चेकिंग रिपोर्ट तैयार की गई। संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ भारतीय विद्युत अधिनियम-2003 की धारा 135 के तहत एंटी पावर थेफ्ट थाना, सेक्टर-63, नोएडा में मुकदमा दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है।

बिजली चोरी की सूचना देने की अपील

विद्युत विभाग ने क्षेत्र के उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे केवल वैध विद्युत कनेक्शन और मीटर के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें। विभाग ने कहा कि बिजली चोरी संज्ञेय एवं दंडनीय अपराध है। नागरिकों से बिजली चोरी की सूचना 'बिजली मित्र पोर्टल' के माध्यम से देने की अपील की गई है।

अधिकारियों के मुताबिक विद्युत चोरी के साथ-साथ लाइन हानि और राजस्व नुकसान को कम करने के उद्देश्य से हाई लॉस क्षेत्रों में इस तरह के अभियान आगे भी लगातार जारी रहेंगे।

चारमूर्ति चौक के पास आज रात से यातायात में बदलाव, 130 मीटर रोड पर संभलकर चलें

ग्रेटर नोएडा, 3 सितंबर। ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित चारमूर्ति चौक (गौड़ चौक) के पास निमार्णाधीन अंडरपास के चलते आज रात से यातायात व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा अंडरपास के ऊपरी हिस्से में सड़क निर्माण का कार्य शुरू किया जा रहा है। इसके चलते वाहन चालकों को इस मार्ग पर सावधानी से सफर करने की सलाह दी गई है। प्राधिकरण के महाप्रबंधक परियोजना एके सिंह ने बताया कि अंडरपास के ऊपरी हिस्से में दोनों तरफ करीब 25-25 मीटर लंबाई में पेवमेंट क्वालिटी कंक्रीट (पीक्यूसी) का निर्माण कराया जाना है। निर्माण कार्य के दौरान संबंधित हिस्से में वाहनों की आवाजाही प्रभावित होने की संभावना है।

निर्माण कार्य को देखते हुए यातायात को सुचारु बनाए रखने के लिए ट्रैफिक पुलिस की तैनाती की जाएगी। आवश्यकता के अनुसार वाहनों के लिए वैकल्पिक यातायात व्यवस्था भी लागू की जा सकती है, ताकि संभावित जाम की स्थिति से बचा जा सके। प्राधिकरण के अनुसार निर्माण कार्य करीब दो सप्ताह में पूरा होने की उम्मीद है।

बागपत में जमीअत सर्वसमाज रक्तदान ग्रुप का 26वां रक्तदान शिविर आयोजित, 30 लोगों ने किया रक्तदान

समाज जागरण

बागपत। जमीअत उलेमा जिला बागपत की ओर से मदरसा इजहारुल उलूम मोमिन मस्जिद में जमीअत सर्वसमाज रक्तदान ग्रुप के 26वें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि डॉ. शकील साहब अल्पसंख्यक प्रदेश महासचिव राष्ट्रीय लोकदल और हाजी यासीन साहब कोषाध्यक्ष जमीअत उलेमा जिला बागपत ने रिबन काटकर शिविर का शुभारंभ किया। डॉ. शकील ने कहा कि रक्तदान महादान है और इससे बढ़कर मानव सेवा का कार्य कोई नहीं। ऐसे शिविर आपसी भाईचारे और इंसानियत को मजबूत करते हैं। हाजी यासीन साहब ने कहा

कि रक्तदान ऐसा नेक काम है जिससे किसी जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। समाज के स्वस्थ लोगों को आगे बढ़कर रक्तदान करना चाहिए। जमीअत की यह मुहिम इंसानियत और भाईचारे की मिसाल है। शिविर में हिंदू-मुस्लिम सभी वर्गों के लोगों ने रक्तदान किया। मुहम्मद आसिफ ने 42वीं बार रक्तदान किया। मौलाना मुज्तबा, डॉ. मेहरबान, मुफ्ती आरिफ, पुनीत सहित 30 लोगों ने रक्तदान किया, जबकि स्वास्थ्य कारणों से 15 लोगों को वापस भेजा गया। शिविर की निगरानी मुफ्ती शाह आलम साहब नायब सदर जमीअत उलेमा जिला बागपत ने की। उन्होंने कहा कि रक्तदान किसी जरूरतमंद की जान बचाने का माध्यम बन सकता है। मुफ्ती एहसान कासमी ने कहा कि यह मुहिम भाईचारे और इंसानियत का संदेश देती है। मौलाना शाहिद साहब मजाहिरी ने कहा कि जमीअत की यह मुहिम धर्म और समुदाय से ऊपर उठकर मानवता की सेवा कर रही है।जिला अस्पताल ब्लड बैंक की ओर से सिल्वर जुबली के सफल समापन पर डॉ. शकील, हाजी यासीन, मुफ्ती शाह आलम, मुफ्ती एहसान कासमी, कारी मुस्तफा, मुफ्ती रईस मजाहिरी, मौलाना शाहिद और कारी मतलूब को मेडल और ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। मदरसा प्रबंधक हाफिज इकबाल साहब ने सभी अतिथियों और रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया। शिविर में मुफ्ती रईस मजाहिरी, हाफिज मुस्तफा, मुफ्ती आरिफ, कारी इंतजार, कारी मतलूब, मौलाना तस्लीम, कारी अतहर सहित अन्य लोगों का सहयोग रहा। जिला अस्पताल ब्लड बैंक की टीम से डॉ. ऐश्वर्या, डॉ. आरिफ, प्रीति और योगेश कुमार ने सेवाएं दीं।

लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी

समाज जागरण

बड़ौत। नगर की आवास विकास कॉलोनी स्थित लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने कृष्ण और राधा की पोशाक पहनकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। छात्र शिवम कुमार ने भगवान श्रीकृष्ण और छात्रा वेदिका ने राधा की पोशाक पहनकर बंसी बजाते हुए सभी का मन मोह लिया।जन्माष्टमी पर आयोजित ड्रेस कॉम्पिटिशन और दही-मटकी कार्यक्रम में शिवम व वेदिका सहित अन्य बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय में मौजूद सभी विद्यार्थियों, शिक्षक -शिक्षिकाओं, प्रधानाचार्य और प्रबंधन ने प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान स्कूल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। इस अवसर पर पहुंचे अतिथियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की और इसे सराहनीय कदम बताया।

श्रद्धालुओ ने श्रीमद् भागवत कथा का उठाया आनंद

समाज जागरण बागपत।

बागपत शहर के श्री कृष्णा एंक्लेव में चल रहे श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन भी काफी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे और उन्होंने श्रीमद् भागवत कथा सुनकर धर्म लाभ कमाया। प्रातः के समय में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ में विराजमान समस्त देवी- देवताओं का व श्रीमद् भागवत का मठाधीश आचार्य प्रशांत भारद्धाज व पंडित अनुज जोशी द्वारा पूजन किया गया। आज प्रातः मुख्य यज्ञमान ने मंगलाचरण, गणेश पूजन, नवग्रह पूजन व श्रीमद् भागवत का पूजन किया। आज के मुख्य यजमान सुखबीर प्रजापति व विशाल त्यागी रहे। शाम के समय की कथा में प्रसिद्ध कथा वाचक ईशान ज्योतिष गुरु आचार्य मनोज जोशी ने सती चरित्र, ध्रुव चरित्र व जड़ भरत की कथा भक्तों को विस्तार से सुनाई। कथा में सुमित कुंवर प्रताप सिंह

अखिल चौधरी संजय चौहान मोनू मास्टर निखिल चौधरी ,अंकुर एनएच एआई सतीश सीमेंट वाले अमित प्रजापति व समस्त कृष्णा एनक्लेव के सनातन प्रेमी व भक्तिमाई माताएं उपस्थित रही।

लोक कल्याण महामंडल विधान में उमड़ रहा श्रद्धालुओ का सैलाब

समाज जागरण बागपत।

तीर्थंकर बनाने वाले सोलहकारण पर्व महोत्सव के पावन अवसर पर श्री अजितनाथ दिगंबर जैन प्राचीन मंदिर कमेटी मंडी बड़ौत के तत्वावधान में चल रहे आठ दिवसीय लोक कल्याण महामंडल विधान के पांचवें दिन पूज्य अध्यात्म योगी आचार्य श्री आर्जवसागर महाराज ससंघ के पावन सान्निध्य में श्रद्धालुओं द्वारा, विधिविधान पूर्वक पूजन, अर्घ्य समर्पण एवं विभिन्न भावनाओं की आराधना की जा रही है। इसी क्रम में आज साधु समाधि भावना, वैयावृत्यकरण एवं शक्तितस्तप की भावना के अर्घ्य श्रद्धा और भक्ति के

साथ समर्पित किए गए। अर्घ्य समर्पण के दौरान श्रद्धालुओं ने आत्मकल्याण एवं पुण्यार्जन की भावना से विधान में सहभागिता की।सौधर्म इन्द्र का सौभाग्य वीरेंद्र कुमार यश जैन खट्टे वालो को प्राप्त हुआ।ब्रह्मचारी गौरव भैया और संघस्त ऋषिका दीदी के निर्देशन में सौधर्म इन्द्र द्वारा मंडल पर 32 अर्घ समर्पित किए गए। इस अवसर पर आचार्यश्री ने इन भावनाओं के आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि साधु-संतों के प्रति श्रद्धा, उनकी साधना में सहयोग तथा अपनी शक्ति के अनुरूप तप और संयम की भावना जीवन को धर्ममय बनाने का मार्ग प्रशस्त करती है। साधु समाधि भावना हमें संतों के त्याग और संयम के प्रति विनय एवं श्रद्धा का भाव सिखाती है। आचार्यश्री ने वैयावृत्यकरण की भावना को सेवा और समर्पण से जोड़ते हुए कहा कि साधु-संतों की साधना में सहयोग करना केवल बाहरी सेवा नहीं, बल्कि विनय, श्रद्धा और आत्मकल्याण का भाव है। वहीं शक्ति अनुसार तप प्रत्येक साधक को अपनी सामर्थ्य के अनुरूप आत्म संयम और तप की ओर बढ़ने की प्रेरणा देता है। तप का उद्देश्य केवल शारीरिक कष्ट सहना नहीं, बल्कि इच्छाओं पर नियंत्रण रखते हुए आत्मा की शुद्धि की दिशा में आगे बढ़ना है। धर्मसभा में श्रद्धालुओं ने आचार्यश्री के मंगल प्रवचनों का लाभ लिया। विधान स्थल पर पूजन, मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों से वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा से परिपूर्ण दिखाई दिया। लोक कल्याण महामंडल विधान के शेष दिनों में भी विभिन्न भावनाओं के अर्घ्य समर्पित किए जाएंगे। सोलहकारण पर्व की आराधना के माध्यम से श्रद्धालु त्याग, तप, संयम, सेवा और आत्मशुद्धि की भावना को अपने जीवन में उतारने का संकल्प ले रहे हैं। विधान में मुकेश जैन, वरदान जैन, नवीन जैन, प्रदीप जैन, राकेश जैन, अनिल जैन, अंकुर जैन, विकास जैन, ऋषभ जैन, अनुज जैन, संजय जैन आदि उपस्थित थे।

डीएवी पब्लिक स्कूल में हर्षोल्लास से मनाई कृष्ण जन्माष्टमी

समाज जागरण

बागपत। डीएवी पब्लिक स्कूल बागपत में बुधवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार को मोर पंख भेंट कर व दीप प्रज्वलित कर किया गया।इस दौरान संगीत समूह के छात्रों ने मधुर स्वरों में कृष्ण वंदना व भजन प्रस्तुत

किए, जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। नर्सरी से कक्षा 3 तक के बच्चों ने राधा, कृष्ण, सुदामा और गोपियों की आकर्षक पोशाक पहनकर मंच पर कृष्ण जन्म से लेकर बाल लीलाओं की मनमोहक प्रस्तुति दी। हाथों में बांसुरी, सिर पर मोर पंख और मासूम मुस्कान के साथ कान्हा बने बच्चों ने सभी का मन मोह लिया। प्रधानाचार्य प्रवेश कुमार ने सभी को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए छात्रों को भगवान कृष्ण और गीता के कर्म व सच्चाई के संदेश को जीवन में अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

एबीसी किड्स मोंटेसरी स्कूल में हर्षोल्लास से मनाया गया जन्माष्टमी उत्सव

समाज जागरण

चन्दौसी। किड्स मोंटेसरी स्कूल में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय में प्री-नर्सरी से लेकर यूकेजी तक के नन्हे-मुन्ने बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे विद्यालय का वातावरण भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और उत्सव के रंग में रंगा नजर आया।

जन्माष्टमी के अवसर पर विद्यालय में आकर्षक एवं रंग-बिरंगी झांकियां सजाई गईं। झांकियों में भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप तथा उनके जीवन से जुड़ी विभिन्न मनमोहक झलकियां प्रस्तुत की गईं। विद्यालय की सुंदर सजावट ने सभी का मन मोह लिया। नन्हे बच्चों ने कृष्ण, राधा

और ग्वाल-बाल के रूप में सजकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। बच्चों का मनमोहक रूप देखकर विद्यालय परिसर में उत्साह और उमंग का वातावरण बन गया।

इस अवसर पर विद्यालय के बच्चे भगवान श्रीकृष्ण के सुंदर अवतार में सजकर विद्यालय पहुंचे। किसी ने सिर पर मोर मुकुट सजाया, तो किसी ने हाथ में बांसुरी लेकर कृष्ण का मनमोहक रूप धारण किया। नन्हीं बच्चियों ने राधा के रूप में सभी का ध्यान आकर्षित किया। बच्चों की मनमोहक वेशभूषा और मासूम मुस्कान ने जन्माष्टमी के उत्सव को और भी खास बना दिया।

विद्यालय की संचालिका संगीता भार्गव ने बच्चों को जन्माष्टमी पर्व के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जन्माष्टमी भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिन के रूप में मनाई जाती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण का जन्म हुआ था। जन्माष्टमी के दिन भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप की पूजा की जाती है तथा व्रत और पूजा-पाठ का विशेष महत्व माना जाता है। उन्होंने बच्चों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से मिलने वाली प्रेम, सत्य, कर्म और धर्म की सीख को अपने जीवन में अपनाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़ी गतिविधियों का आनंद लिया। कृष्ण के रूप में सजे नन्हे बच्चों ने उत्साहपूर्वक माखन की मटकी फोड़ी। मटकी फूटने का दृश्य बेहद मनमोहक और अद्भुत रहा। इस दौरान बच्चों और शिक्षिकाओं में खूब उत्साह देखने को मिला।

विद्यालय में सजाई गई रंग-बिरंगी झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों ने झांकियों को देखकर भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं के बारे में जाना और पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया। नन्हे बच्चों के लिए यह उत्सव मनोरंजन के साथ-साथ भारतीय संस्कृति और परंपराओं को समझने का सुंदर अवसर भी रहा।

प्री-नर्सरी से यूकेजी तक के बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ जन्माष्टमी सेलिब्रेशन में भाग लिया। बच्चों ने अपनी सुंदर वेशभूषा, मासूम अदाओं और उत्साह से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। बच्चों ने झांकियों का आनंद लिया और विभिन्न गति विधियों में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विद्यालय परिसर में बच्चों की खुशी और उत्साह देखते ही बन रहा था। कार्यक्रम के दौरान सभी अध्या पिकाओं काजल प्रिया सिल्की इशिता मनप्रीत अंकिता मीनू गौरव निशा सोनल शालू लक्षिता कुमुद सपना दीपा रक्षा अर्शी दीपिका दीपा रक्षा दीक्षा शिल्पा सोनल आदि अध्या पिकाओं का सहयोग रहा ।

लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में धूमधाम से मनी जन्माष्टमी

समाज जागरण

बड़ौत। नगर की आवास विकास कॉलोनी स्थित लॉर्ड कृष्णा पब्लिक स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में नन्हे-मुन्ने बच्चों ने

कृष्ण और राधा की पोशाक पहनकर अपनी कला का प्रदर्शन किया। छात्र शिवम कुमार ने भगवान श्रीकृष्ण और छात्रा वेदिका ने राधा की पोशाक पहनकर बंसी बजाते हुए सभी का मन मोह लिया।जन्माष्टमी पर आयोजित ड्रेस कॉम्पिटिशन और दही-मटकी कार्यक्रम में शिवम व वेदिका सहित अन्य बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विद्यालय में मौजूद सभी विद्यार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं, प्रधानाचार्य और प्रबंधन ने प्रतिभागी बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान स्कूल तालियों की गड़गड़ाहट से गूंजता रहा। इस अवसर पर पहुंचे अतिथियों ने छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों की सराहना की और इसे सराहनीय कदम बताया।

उड़द की फसल खराब होने की शिकायत पर कृषि विभाग की कार्रवाई

श्री बाला जी किसान सेवा केंद्र का कीटनाशी लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित, संबंधित कीटनाशक की बिक्री पर रोक

शिकायतकर्ताओं ने जनसुनवाई में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के समक्ष रखी थी शिकायत

समाज जागरण

चन्दौसी। तहसील चन्दौसी क्षेत्र में कीटनाशक के प्रयोग के बाद उड़द की फसल खराब होने की शिकायत पर कृषि विभाग द्वारा कार्रवाई की गई है। शिकायतकर्ता भंवर सिंह निवासी ग्राम दियौराखास, विकासखण्ड बनियाखेड़ा तथा रोहतास निवासी ग्राम कुढ़ फतेहगढ़, विकासखण्ड बनियाखेड़ा द्वारा जिलाधिकारी कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल के समक्ष प्रकरण की शिकायत प्रस्तुत की गई थी। जिलाधिकारी द्वारा प्रकरण का संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। शिकायत में आरोप लगाया गया कि ग्राम बिचैटा काजी चौराहा स्थित श्री बालाजी किसान सेवा केंद्र से खरीदे गए कृषि रक्षा रसायन/कीटनाशक का उड़द की फसल में प्रयोग करने के बाद फसल खराब हो गई, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान हुआ। प्रकरण की जांच के क्रम में उप कृषि निदेशक/जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सम्भल अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा संबंधित फर्म से कृषि रक्षा रसायन का नमूना लेकर परीक्षण हेतु प्रयोगशाला भेजा गया है। विभागीय पत्र में प्रथम दृष्टया संबंधित कृषि रक्षा रसायन की गुणवत्ता संदिग्ध प्रतीत होने का उल्लेख किया गया है। प्रकरण में कीटनाशी निरीक्षक/जिला कृषि रक्षा अधिकारी, सम्भल द्वारा श्री बालाजी किसान सेवा केंद्र, ग्राम बिचैटा, जनपद सम्भल के कीटनाशी लाइसेंस संख्या PPO/659/SAB/55 को तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए संबंधित कीटनाशक रसायनों की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। फर्म संचालक को तीन दिवस के भीतर अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में संतोषजनक स्पष्टीकरण प्राप्त न होने पर कीटनाशी अधिनियम, 1968 के अंतर्गत नियमानुसार आगे की कार्रवाई करते हुए लाइसेंस निरस्त किए जाने की चेतावनी दी गई है। कृषि विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि प्रयोगशाला से प्राप्त होने वाली परीक्षण रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण में नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही किसानों की शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए कृषि रक्षा रसायनों की गुणवत्ता एवं बिक्री की नियमित निगरानी सुनिश्चित की जा रही है।

साक्षी सेवा समिति चंदौसी द्वारा मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी पर्व

समाज जागरण

चन्दौसी। साक्षी सेवा समिति चंदौसी जिला संभल रजिस्टर्ड के तत्वाधान में आवास विकास स्थित डी वी पब्लिक स्कूल चंदौसी में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विशिष्ट अतिथि रंजना शर्मा द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया। तत्पश्चात राधा कृष्ण के रूप धारण किए गए नन्हे मुन्ने बच्चों ने राधे तेरी चुनरी सितारो जड़ी,राधिका गोरी से

बृज की छोरी से मैया करा दे मेरा ब्याह, राधा मेरी गोरी आदि भजनों पर नृत्य प्रस्तुति दी।निर्णायक मंडल की अध्यक्ष रंजना शर्मा,स्टार अध्यक्ष बबीता बिंदल, कमला शर्मा, दमयंती सिंह द्वारा कक्षा तृतीय के देव को प्रथम श्रेणी पुरस्कार, कक्षा चतुर्थ से अनाया, कक्षा प्रथम की मानवी को द्वितीय श्रेणी पुरस्कार तथा हर्षि गुप्ता को तृतीय श्रेणी के साथ साथ अन्य समस्त प्रस्तुति देने वाले नैंसी,हिमांशी, आस्था ,ऊषा,वैष्णवी, शौर्य,अंश,मानवी,गोलू सभी छात्र छात्राओं को सांत्वना पुरस्कार प्रदान दिया गया। स्कूल प्रबंधक एड कमल पाल,शिक्षिका पूजा पाल,शिवानी, अनुष्का,सुषमा आदि का कार्यक्रम में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रंजना शर्मा एड तथा संचालन कमल पाल सिंह ने किया।

संवरा में खराब मोबाइल नेटवर्क की शिकायत पर गांव पहुंची जियो की टीम

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

सोनभद्र। बभनी में मोबाइल नेटवर्क की खराब व्यवस्था से परेशान संवरा गांव के ग्रामीणों की शिकायत पर जियो कंपनी ने ध्यान दिया है। ग्रामीणों ने भाकपा जिला सह सचिव देव कुमार विश्वकर्मा के नेतृत्व में 18 अगस्त को जियो के जनरल मैनेजर को रजिस्टर्ड पोस्ट से शिकायत भेजकर नेटवर्क समस्या को हल करने की मांग की थी। शिकायत के बाद जियो के इंजीनियर अमर देव और नीरज कुमार गांव पहुंचे। उन्होंने टावर वाली जगह और गांव के अलग-अलग टोलों में नेटवर्क की स्थिति की जांच की। इंजीनियरों ने बताया कि गांव में लगा टावर कम फ्रीक्वेंसी का है। नेटवर्क क्षमता बढ़ाने का प्रस्ताव कंपनी को भेजा जाएगा। भाकपा जिला सह सचिव देव कुमार विश्वकर्मा ने कहा कि सिर्फ एक किलोमीटर की नेटवर्क रेंज से पूरे गांव की जरूरत पूरी नहीं हो सकती। संवरा गांव और उसके टोलों को कम से कम

3 से 5 किलोमीटर तक अच्छा नेटवर्क कवरेज चाहिए। गांव में लगभग हर घर में 4-5 जियो सिम चल रहे हैं, लेकिन नेटवर्क न मिलने पर भी ग्रामीणों को लगातार रिचार्ज कराना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि नेटवर्क की समस्या के कारण पुलिस सहायता के लिए 112 नंबर पर फोन करने और गर्भवती महिलाओं को अस्पताल पहुंचाने के लिए इमरजेंसी फोन करने में भी दिक्कत होती है। यह स्थिति ग्रामीणों के जीवन और सुरक्षा से जुड़ी एक गंभीर बात है। उन्होंने जियो कंपनी से मांग की कि ग्रामीणों से नियमित रिचार्ज लेने के साथ उन्हें अच्छी और गुणवत्तापूर्ण नेटवर्क सुविधा भी दी जाए। उन्होंने कहा कि तुरंत ऐसी तकनीक या ज्यादा क्षमता वाला टावर लगाया जाए, जिससे पूरे गांव को अच्छी मोबाइल और इंटरनेट सेवा मिल सके। देव कुमार विश्वकर्मा ने चेतावनी दी कि यदि जल्दी हल नहीं निकला तो भाकपा ग्रामीणों को इकट्ठा कर धरना-प्रदर्शन, भूख हड़ताल और बड़ा जन आंदोलन करने के लिए मजबूर होगी। इस दौरान शिव नारायण गौड़, उदित, राधाकृष्ण दुबे, रामऔतार, राजेश कुमार, श्याम जी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव और केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने मुंबई के सीएसएमटी से सावंतवाड़ी रोड तक नई ट्रेन सेवा को रवाना किया

कोंकण क्षेत्र में रेल संपर्क को मजबूत करने और ठाणे, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग और इस मार्ग पर स्थित अन्य महत्वपूर्ण स्टेशनों से यात्रियों की सुविधा के लिए नई ट्रेन सेवा शुरू की गई गणेश उत्सव के दौरान श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुगम बनाने के लिए 370 से अधिक विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगीः श्री अश्विनी वैष्णव रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल, महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे और अन्य गणमान्य हस्तियों ने आज छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और सावंत वाड़ी रोड के बीच नई ट्रेन की पहली सेवा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मुंबई और कोंकण क्षेत्र के बीच सीधी रेल संपर्क को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। नई रेल सेवा मुंबई और कोंकण क्षेत्र के कई प्रमुख शहरों के बीच लगभग 510 किलोमीटर की दूरी तय करते हुए एक महत्वपूर्ण सीधी रेल संपर्क प्रदान करेगी। व्यापक स्टॉपेज नेटवर्क के साथ, यह सेवा रायगढ़, रत्नागिरी और सिंधुदुर्ग जिलों से आने-जाने वाले यात्रियों के लिए लाभदायक होगी।

रेल मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह नई रेल सेवा मुंबई और कोंकण के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करेगी।

उन्होंने बताया कि त्योहारों के दौरान यात्रियों की सुगमता के लिए इस वर्ष 350 विशेष ट्रेनें चलाई जा रही हैं। आवश्यकता पड़ने पर ट्रेनों की संख्या बढ़ाकर 370 करने की भी व्यवस्था की गई है केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री श्री पीयूष गोयल ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) और सावंतवाड़ी के बीच नई दैनिक ट्रेन सेवा की शुरूआत से महाराष्ट्र के लोगों को, खासकर, आगामी गणेश उत्सव के दौरान अपार खुशी मिली है। श्री गोयल ने कहा कि यह नई सेवा केवल एक और ट्रेन की शुरूआत नहीं है, बल्कि कोंकण क्षेत्र के विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। श्री गोयल ने कहा कि यह नई सेवा मुंबई और कोंकण के बीच सुरक्षित, तेज और विश्वसनीय यात्रा प्रदान करके लाखों परिवारों को जोड़ने में सहायक होगी। श्री गोयल ने यह भी कहा कि इस मार्ग पर माल ढुलाई बढ़ने से मछुआरे और अन्य स्थानीय उत्पादक अपना माल मुंबई तक पहले से अधिक तेजी से पहुंचा सकेंगे। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि बेहतर संपर्क से कोंकण में रोजगार के अवसर पैदा होंगे और युवाओं को काम की तलाश में पलायन करने की आवश्यकता कम होगी। उन्होंने इससे छात्रों, कर्मचारियों और परिवारों को होने वाले लाभों की ओर भी इशारा किया। श्री गोयल ने कहा कि कोंकण के जो लोग मुंबई में पढ़ाई या काम करते हैं, वे अपने परिवारों से बेहतर संपर्क बनाए रख सकेंगे और यात्रा करना उनके लिए अधिक सुविधाजनक होगा। उन्होंने आगे कहा कि बेहतर रेल संपर्क के माध्यम से कोंकण के लोगों के लिए मुंबई में उच्च शिक्षा के अवसर और स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ हो जाएंगी। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री श्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि यह नई सेवा कोंकण के लोगों, प्रवासी श्रमिकों और गणेश उत्सव के दौरान अपने पैतृक स्थानों की यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ा उपहार है। श्री शिंदे ने मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना, वंदे भारत ट्रेनों और देश भर में रेलवे नेटवर्क के विस्तार सहित रेलवे की कई प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होंने विशेष रूप से 741 किलोमीटर लंबे कोंकण रेलवे मार्ग के रिकॉर्ड समय में विद्युतीकरण के पूरा होने का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इस पहल से पर्यावरण के अनुकूल यात्रा संभव हुई है और ट्रेनों की गति में वृद्धि हुई है।

यात्रियों के लिए सुविधाजनक समय यह ट्रेन सीएसएमटी से रात 11:55 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन दोपहर 2:15 बजे सावंतवाड़ी रोड पहुंचेगी। वापसी यात्रा में, ट्रेन सावंतवाड़ी रोड से शाम 5:20 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 6:40 बजे सीएसएमटी पहुंचेगी। सुविधाजनक समय के कारण यात्री मुंबई से कोंकण की ओर रात भर की यात्रा कर सकेंगे और सुबह जल्दी मुंबई लौट सकेंगे। यह ट्रेन प्रतिदिन ट्रेन संख्या 15087 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस-सावंत वाड़ी रोड एक्सप्रेस और ट्रेन संख्या 15088 सावंतवाड़ी रोड-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस एक्सप्रेस के रूप में संचालित होगी।

गीता संस्कारों से बच्चों को जोड़ने का प्रयास, जन्माष्टमी महोत्सव में विद्यार्थियों ने दी मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को किया सम्मानित

दैनिक समाज जागरण, (महेन्द्र जावला बहल)

भिवानी। श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार, भिवानी द्वारा हनुमान ढाणी में जन्माष्टमी उत्सव एवं गीता अमृत संदेश कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के कलाकार विद्यार्थियों ने भगवान श्री कृष्ण एवं श्रीमद्भगवद्गीता पर आधारित संस्कृति और भक्ति से ओत-प्रोत विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थितजनों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने संस्कृत में श्रीमद्भगवद्गीता के श्लोकों का उच्चारण किया। इसके साथ ही गीता एवं गीता मनीषी ज्ञानानंद जी महाराज के विचारों पर आधारित कलर पेंटिंग, पेंसिल पेंटिंग, स्लोगन तथा क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के लिए स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सानिध्य महंत चरण दास महाराज का रहा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार के प्रधान एवं समाजसेवी नरेश आहूजा, पंजाबी जागृति मंच के अध्यक्ष एवं पूर्व जिला खेल अधिकारी दर्शन लाल मिड्ढा, श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार से विनोद छाबड़ा तथा युवा विंग के प्रधान संजय कामरा ने शिरकत की। अतिथियों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रत्येक घर में गीता के संस्कार होने चाहिए। गीता के विचारों को जीवन में अपनाने से बच्चों में अच्छे संस्कारों का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों की कला, प्रतिभा और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों की सराहना की। विद्यालय की निदेशक सावित्री यादव एवं कार्यक्रम सहयोगी राष्ट्रीय युवा पुरस्कार विजेता अशोक कुमार भारद्वाज ने कहा कि शिक्षा के साथ बच्चों को गीता के संस्कारों से जोड़ना वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों को अपनी संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक मूल्यों को समझने का अवसर मिलता है। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार का आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिताओं के परिणामों में रंगयुक्त पेंटिंग प्रतियोगिता में ईशानी ने प्रथम, साक्षी ने द्वितीय तथा नव्या ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पेंसिल कला प्रतियोगिता में माही प्रथम, आरोही द्वितीय तथा पलक तृतीय रही। क्ले मॉडलिंग प्रतियोगिता में परिणीति ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं संस्कृत गीता श्लोक उच्चारण प्रतियोगिता में आरोही प्रथम तथा अविका द्वितीय स्थान पर रही। विजेता विद्यार्थियों को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर श्री कृष्ण कृपा जीओ गीता परिवार के प्रधान समाजसेवी नरेश आहूजा, पंजाबी जागृति मंच के अध्यक्ष एवं पूर्व जिला खेल अधिकारी दर्शन लाल मिड्ढा, विनोद छाबड़ा, युवा विंग के प्रधान संजय कामरा, आत्मप्रकाश टुटेजा, महिला विंग की अध्यक्ष एडवोकेट सुमन शर्मा, निदेशक सावित्री यादव, कृष्ण कृपा परिवार से सीमा देवी, प्रो. कृष्ण हंस, मनोज कुमार, मास्टर दयानंद ग्रेवाल, मास्टर कपिल वर्मा, सरला अग्रवाल, कविता, मधु मैडम, बबीता, ईशा, उमा, प्रिया, अनीता सैनी, आचार्य सोमेश शास्त्री, सुनेना, प्रीति सैनी, रामा सैनी, सतीश यादव

धान सीजन से पहले अनाज मंडी कालांवाली के शेडों का लेवल ऊंचा करवाने की मांग

समाज जागरण

कालांवाली (सुरेश जोरासिया) आगामी धान खरीद सीजन को देखते हुए मार्किट कमेटी कालांवाली के मनोनीत सदस्यों महेश कुमार आजाद एवं सन्नी निनानिया ने हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक से अनाज मंडी कालांवाली में स्थापित शेडों का लेवल ऊंचा उठाने तथा जल निकासी की उचित व्यवस्था करवाने की मांग की है।महेश आजाद एवं सन्नी निनानिया ने कहा कि मंडी के कई शेडों का लेवल आसपास के फर्श एवं सड़क के लेवल से नीचे होने के कारण बरसात के दौरान पानी जमा होने की समस्या पैदा होती है। इससे किसानों एवं आढ़तियों की कृषि उपज को नुकसान का खतरा रहता है और मजदूरों को भी काम करने में परेशानी होती है।उन्होंने कहा कि धान सीजन में मंडी में फसल की भारी आवक होती है, इसलिए बरसात के दौरान शेडों में जलभराव की समस्या किसानों और आढ़तियों के लिए गंभीर परेशानी बन सकती है। इस समस्या का अस्थायी नहीं बल्कि स्थायी समाधान किया जाना जरूरी है। दोनों मनोनीत सदस्यों ने मांग की कि धान खरीद सीजन शुरू होने से पहले संबंधित अधिकारियों से मंडी के शेडों का तकनीकी निरीक्षण करवाकर आवश्यकतानुसार शेडों का लेवल ऊंचा किया जाए तथा पानी की निकासी के लिए उचित एवं स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि मंडी में आने वाला किसान किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करे और उसकी फसल सुरक्षित रहे, यह प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने उम्मीद जताई कि हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड इस जनहित के महत्वपूर्ण मुद्दे पर शीघ्र कार्रवाई करेगा।

जीवन कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने की पहल

नीति आयोग एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन के जीवन शिक्षा प्रकल्प के तहत शिक्षकों को गतिविधि आधारित शिक्षण का प्रशिक्षण

बहल ब्लॉक में तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण संपन्न

दैनिक समाज जागरण, (महेन्द्र जावला बहल)

बहल। नीति आयोग एवं मैजिक बस इंडिया फाउंडेशन द्वारा संचालित जीवन शिक्षा प्रकल्प के अंतर्गत बहल ब्लॉक में प्रथम बैच का तीन दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण का आयोजन 1 से 3 सितंबर 2026 तक किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को जीवन कौशल आधारित एवं गतिविधि-आधारित शिक्षण के लिए तैयार करना तथा विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 के विद्यार्थियों के साथ जीवन कौशल सत्रों का प्रभावी संचालन सुनिश्चित करना रहा।

तीन दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों और सहभागी शिक्षण विधियों के माध्यम से विद्यार्थियों में सकारात्मक सोच, निर्णय लेने की क्षमता, समस्या समाधान, सहयोग एवं प्रभावी संवाद जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल विकसित करने की प्रक्रियाओं को समझा और उनका अभ्यास किया। मुख्य प्रशिक्षक सुरेश कुमार, प्रमोद कुमार एवं रविंद्र गोस्वामी ने विभिन्न सत्रों का संचालन करते हुए शिक्षकों को व्यावहारिक एवं अनुभवात्मक शिक्षण पद्धतियों से परिचित कराया। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने गतिविधियों में भाग लेकर उन्हें विद्यालय स्तर पर लागू करने के तरीकों को भी समझा।

कार्यक्रम समन्वयक दीपक शर्मा ने शिक्षकों से प्रशिक्षण के दौरान सीखी गई गतिविधियों एवं विधियों को विद्यालयों में प्रभावी रूप से लागू करने तथा जीवन कौशल सत्रों का नियमित संचालन करने का आग्रह किया। इस अवसर पर लोहारू के एसडीएम मनोज दलाल एवं खंड शिक्षा अधिकारी, बहल दर्शना श्योराण ने शिक्षकों का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने जीवन कौशल को नियमित शिक्षण प्रक्रिया का हिस्सा बनाने तथा विद्यार्थियों के समग्र विकास पर विशेष जोर दिया।

प्रशिक्षण के सफल समापन पर आयोजकों ने शिक्षकों द्वारा दिखाई गई सक्रिय सहभागिता की सराहना की और उम्मीद जताई कि प्रशिक्षण में सीखी गई गतिविधियों एवं शिक्षण विधियों का लाभ विद्यालयों में विद्यार्थियों तक प्रभावी रूप से पहुंचेगा।

नूनसर के शिव मंदिर में दानपात्र चोरी

सीसीटीवी में कैद हुआ दानपात्र ले जाता बाइक सवार संदिग्ध

मंदिर में दानपात्र गायब मिलने के बाद फुटेज खंगाली, धारा 305 व 331(3) इठर के तहत मामला दर्ज

दैनिक समाज जागरण, (महेन्द्र जावला बहल)

बहल। थाना बहल क्षेत्र के गांव नूनसर स्थित शिव मंदिर में दानपात्र चोरी होने का मामला सामने आया है। चोरी की घटना मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई। फुटेज में एक व्यक्ति मोटरसाइकिल सहित मंदिर परिसर में दिखाई दे रहा है और दानपात्र लेकर जाता हुआ नजर आ रहा है। पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मंदिर के पुजारी एवं पूर्व सरपंच जगदीश ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह प्रतिदिन सुबह-शाम मंदिर में पूजा-पाठ करते हैं। शिकायत के अनुसार 2 सितंबर 2026 की शाम वह पूजा करने के लिए मंदिर पहुंचे थे। उस समय मंदिर में दानपात्र मौजूद था। इसके बाद जब वे मंदिर से घर चले गए और अगले दिन मंदिर पहुंचे तो दानपात्र गायब मिला। दानपात्र नहीं मिलने पर मामले की जानकारी गांव के लोगों को दी गई। इसके बाद मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली गई। फुटेज में एक व्यक्ति मोटरसाइकिल सहित मंदिर परिसर में आता दिखाई दिया तथा वह दानपात्र को लेकर मंदिर से बाहर जाता हुआ नजर आया। शिकायतकर्ता ने पुलिस से सीसीटीवी फुटेज के आधार पर संदिग्ध की पहचान कर उसे गिरफ्तार करने तथा दानपात्र में रखी राशि बरामद करने की मांग की है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धारा 305 व 331(3) बीएनएस के तहत मुकदमा थाना बहल में दर्ज किया है। मामले की आगामी जांच एचसी कबूल सिंह 1080 को सौंपी गई है। पुलिस द्वारा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपी की पहचान करने के साथ-साथ चोरी हुए दानपात्र एवं उसमें रखी राशि की बरामदगी के प्रयास किए जा रहे हैं।

फिरोजपुर -पटना-फिरोजपुर आरक्षित त्यौहार स्पैशल एक्सप्रेस ट्रेन चलाने का निर्णय

(रघुनंदन पराशर चीफ ब्यूरो पंजाब समाज जागरण)

जैतो,3 सितंबर : उत्तर रेलवे के फिरोजपुर रेल मंडल के वरिष्ठ वाणिज्य प्रबंधक बसंत कुमार ने कहा कि आगामी त्यौहारों को देखते हुए रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा फिरोजपुर छावनी-पटना-फिरोजपुर छावनी आरक्षित त्यौहार स्पेशल रेलगाड़ियों का संचालन करने का निर्णय लिया गया है। ट्रेन संख्या 046 16/ 04615 फिरोजपुर छावनी-पटना-फिरोजपुर छावनी आरक्षित त्यौहार स्पैशल एक्सप्रेस चलाई जा रही है।आरक्षित त्यौहार स्पैशल एक्सप्रेस ट्रेन 04616 फिरोजपुर कैंट से पटना के लिए 06.10.2026 से 24.11.2026 (08 ट्रिप) के बीच प्रत्येक मंगलवार को चलेगी। यह आरक्षित त्यौहार स्पैशल एक्सप्रेस ट्रेन 04616 फिरोजपुर कैंट से दोपहर 12:00 बजे प्रस्थान करके लगभग 30 घंटे बाद शाम 18:35 बजे पटना पहुँचेगी। आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन 04615 पटना से फिरोजपुर कैंट के लिए 07.10.2026 से 25.1 1.2026 (08 ट्रिप) के बीच प्रत्येक बुधवार को खुलेगी। यह आरक्षित त्यौहार स्पेशल एक्सप्रेस ट्रेन 04615 पटना से रात्रि 20 :20 बजे प्रस्थान करके लगभग 27 घंटे बाद रात्रि 23:55 बजे फिरोजपुर कैंट पहुंचेगी।

यात्रियों की सुविधा के लिए मार्ग में ये आरक्षित त्यौहार स्पैशल एक्सप्रेस ट्रेन मोगा, लुधियाना, अम्बाला कैंट, यमुना नगर जगाधरी, सहारनपुर, रुड़की, नजीबाबाद, मुरादाबाद, बरेली, शाह जहांपुर, हरदोई, बाला मऊ, आलमनगर, उतरेटिया, राय बरेली, माँ बेल्हा देवी धाम (प्रतापगढ़), जंघई, वाराणसी, प. दीन दयाल उपाध्याय, बक्सर, रघुनाथपुर, आरा तथा दानापुर रेलवे स्टेशनों पर दोनों दिशाओं में ठहरेगी।

इसमें वातानुकूलित 2 टियर (1 कोच), वातानुकूलित 3 टियर (2 कोच), स्लीपर (09 कोच) एवम् जनरल श्रेणी (6 कोच) के कोच लगे हुए है। रेलयात्रियों से आग्रह है कि वे त्यौहार स्पैशल ट्रेन का लाभ उठाये और अपनी यात्रा सुगम और आसान बनाए।

बहल क्षेत्र में लंपी को लेकर पशुपालकों की चिंता बढ़ी

शरीर पर गांठ और घाव जैसे लक्षण, दुधारू पशुओं में दूध उत्पादन घटने की शिकायत; विभाग ने शुरू किया टीकाकरण

पशुओं में लंपी के लक्षणों से पशुपालकों में दहशत

दैनिक समाज जागरण, (महेन्द्र जावला बहल)

बहल। बहल क्षेत्र में इन दिनों पशुओं में लंपी त्वचा रोग के लक्षण सामने आने की बात से पशुपालकों में चिंता बढ़ गई है। बीमारी की खबर के बाद पशुपालक अपने पशुओं के स्वास्थ्य को लेकर सतर्क हो गए हैं। पशुपालकों का कहना है कि कुछ वर्ष पहले भी क्षेत्र में लंपी बीमारी का प्रकोप देखने को मिला था, जिसके दौरान बड़ी संख्या में पशु प्रभावित हुए थे। ऐसे में दोबारा बीमारी की आशंका से पशुपालकों की चिंता बढ़ गई है। श्यामलाल सहित अन्य पशुपालकों के अनुसार कुछ पशुओं के शरीर पर गांठ और घाव जैसे लक्षण दिखाई दे रहे हैं। उनका कहना है कि बीमारी से प्रभावित पशुओं को उठने-बैठने में भी परेशानी हो रही है। वहीं, दुधारू पशुओं में दूध उत्पादन कम होने की शिकायत भी सामने आ रही है। पशुपालक संदिग्ध पशुओं को अन्य पशुओं से अलग रखने का प्रयास कर रहे हैं तथा पशु चिकित्सकों से संपर्क कर रहे हैं।

पशुपालकों का कहना है कि यदि समय रहते बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण नहीं पाया गया तो इसका असर पशुधन पर पड़ सकता है। उन्होंने क्षेत्र में पशुओं की जांच, उपचार और टीकाकरण अभियान को और प्रभावी बनाने की मांग की है। रोकथाम के लिए विभाग करवा रहा टीकाकरण पशु चिकित्सा विभाग की ओर से लंपी बीमारी की रोकथाम के लिए पशुओं का टीकाकरण करवाया जा रहा है। विभाग द्वारा पशुपालकों को बीमारी के लक्षणों और बचाव के उपायों के प्रति जागरूक भी किया जा रहा है। विभाग के अनुसार यदि किसी पशु में लंपी से संबंधित लक्षण दिखाई देते हैं तो पशुपालक तुरंत इसकी सूचना पशु चिकित्सा विभाग को दें। सूचना मिलने पर विभाग की टीम मौके पर पहुंचकर पशु की जांच तथा आवश्यक उपचार की व्यवस्था कर रही है। बीमार पशु को स्वस्थ पशुओं से रखें अलग पशु चिकित्सकों ने पशुपालकों से अपील की है कि किसी पशु में बीमारी के लक्षण दिखाई देने पर उसे अन्य स्वस्थ पशुओं से अलग रखें। बिना चिकित्सकीय सलाह के किसी प्रकार की दवा का प्रयोग न करने की भी सलाह दी गई है। पशुओं के आसपास साफ-सफाई रखने तथा मक्खी-मच्छरों से बचाव के उपाय करने पर भी जोर दिया जा रहा है। विभाग ने पशुपालकों से घबराने के बजाय सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध मामले की जानकारी तुरंत विभाग को देने की अपील की है।

पहले भी सामने आ चुका है बीमारी का प्रकोप गौरतलब है कि कुछ वर्ष पहले भी लंपी बीमारी ने क्षेत्र में पशुओं को प्रभावित किया था। उस दौरान कई पशु गंभीर रूप से बीमार हुए थे और पशुपालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा था। पुराने अनुभव को देखते हुए पशुपालक इस बार शुरूआत में ही बीमारी पर नियंत्रण की मांग कर रहे हैं।

वर्जनः हमने लंपी बीमारी से निपटने के लिए पहले से ही टीकाकरण अभियान शुरू किया हुआ है। बहल में अधिकतर टीकाकरण का काम पूरा हो गया है। अगर कोई लंपी से ग्रसित केस आता है तो विभाग द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है।

ब्रजभूमि के संतों के लाडले हैं सीएम योगी , विकास के लिए खोला खजाना

मथुरा में संतों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सराहना की ब्रजभूमि के विकास के लिए सरकार के प्रयासों और बजट की चर्चा हुई

समाज जागरण संवाददाता मथुरा

मथुरा/ उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा ब्रजभूमि के सर्वांगीण विकास और धार्मिक धरोहरों के संरक्षण को लेकर किए जा रहे कार्यों से संपूर्ण ब्रज क्षेत्र के साधु-संतों में भारी उत्साह है। मठ-मंदिरों के कायाकल्प से लेकर आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर के निर्माण तक, प्रदेश सरकार द्वारा ब्रज के विकास के लिए खुले दिल से दिए गए बजट की संतों ने सर्वसम्मति से सराहना की है। ब्रज विकास परिषद के माध्यम से मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ ने ब्रज क्षेत्र की प्राचीन संस्कृति को पुनर्जीवित करने के लिए खजाना खोल दिया है। क्षेत्र के पौराणिक कुंडों, ऐतिहासिक मठ-मंदिरों, सनातन धरोहरों और परिक्रमा मार्गों का जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण तीव्र गति से किया जा रहा है। इसके साथ ही, श्रद्धालुओं और पर्यटकों की सुगम आवाजाही के लिए नई सड़कों, फ्लाईओवरों और पुलों का जाल बिछाया गया है, जिससे मथुरा-वृंदावन नगरी को एक भव्य और आकर्षक स्वरूप मिला है।

संत समाज ने विशेष रूप से होली, दीपावली और श्रीकृष्ण जन्माष्टमी जैसे प्रमुख सनातन त्योहारों के अवसर पर सरकार द्वारा आवंटित पर्याप्त बजट और की गई अभूतपूर्व व्यवस्थाओं की प्रशंसा की। त्योहारों के दौरान पूरी मथुरा नगरी को दुल्हन की तरह सजाया जाता है, जिससे देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को एक अलौकिक अनुभव प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री के इन प्रयासों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए दिनेश फलाहारी महाराज (मथुरा) ने कहा, "योगी जी ब्रजभूमि और यहाँ के साधु-संतों के अत्यंत प्रिय और लाडले हैं। उन्होंने ब्रज की पावन धरा का मान बढ़ाया है। प्राचीन धार्मिक स्थलों के संरक्षण के साथ-साथ बुनियादी सुविधाओं का जो विकास हुआ है, वह अकल्पनीय है। पूरा संत समाज मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इस भगीरथ प्रयास की भूरी-भूरी सराहना करता है।"

चुन्नी लाल सचदेवा डी.ए.वी.सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जैतो में जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास व भक्ति भाव से मनाया

समाज जागरण जैतो पंजाब रघुनंदन पराशर

जैतो,3 सितंबर : चुन्नीलाल सचदेवा डी.ए.वी सेंटेनरी पब्लिक स्कूल जैतो में प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा जी के नेतृत्व में जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास से और भक्ति भाव से मनाया गया। कक्षा नर्सरी से कक्षा दूसरी के विद्यार्थी कृष्ण -कन्हैया और राधा-रानी की पोशाक पहनकर स्कूल के प्रांगण में उपस्थित हुए। इस दिन को रोमांचित करते हुए रंगारंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ हवन से किया गया। नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा सराहनीय नृत्य किए गए। विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण की सुंदर झांकियां प्रस्तुत की।

स्कूल के प्रांगण में हरे कृष्ण, हरे राम और गोविंदा आला रे के जयकारे गूंजते रहे। इसी दौरान विद्यार्थियों को बेसहारा गऊशाला में ले जाया गया। बेसहारा गऊशाला के प्रधान- पवन अरोडा जी, कोषाध्यक्ष- लक्ष्मी नारायण जी के नेतृत्व में विद्यार्थियों और समूह स्टाफ द्वारा आटा,रोटी, गुड एवं नकद राशि दान दी गई। बेसहारा गऊशाला के मंदिर में सतीश पंडित जी द्वारा संकीर्तन भी किया गया।

प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा जी ने अपने संबोधन में श्रीकृष्ण के जीवन से प्रेम, सत्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा लेने का संदेश दिया। इसी दौरान प्रधानाचार्या जी ने अपनी एवं डी.ए.वी मैनेजमेंट की तरफ से विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं समूह स्टाफ को जन्माष्टमी के पावन पर्व की मुबारकबाद दी।

श्रीकृष्णोत्सव-2026 भव्य सांस्कृतिक शोभायात्रा से सराबोर हुई कृष्ण जन्मभूमि, लोक कलाओं ने मोहा मन

समाज जागरण संवाददाता मथुरा

मथुरा/ भगवान श्रीकृष्ण की जन्म स्थली मथुरा में कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद द्वारा आयोजित श्रीकृष्णोत्सव-2026 के दूसरे दिन की शुरूआत एक भव्य और रंगारंग सांस्कृतिक शोभायात्रा के साथ हुई। श्रीकृष्ण जन्मस्थान के मुख्य द्वार से प्रारंभ हुई इस शोभायात्रा का शुभारंभ प्रदेश के दुग्ध विकास मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने किया।

यह शोभायात्रा पोतरा कुंड, गोविंद नगर और डीग गेट से होते हुए पुन श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर संपन्न हुई। पूरे मार्ग में स्थानीय नागरिकों और देश-विदेश से आए श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर कलाकारों का भव्य स्वागत किया। शोभायात्रा की प्रमुख झलकियां लोक नृत्य व संगीतः मयूर नृत्य राजस्थानी गुजरियों का नृत्य, बांसुरी की मधुर धुन और ढोल-नगाड़ों की थाप पर थिरकते कलाकारों ने वातावरण को कृष्णमय बना दिया। विशेष आकर्षण बीन की धुन रीछ-भालू व लंगूर बने बहरूपियों की कलाकारी और संकीर्तन मंडलियों ने श्रद्धालुओं का ध्यान खींचा। अधिकारियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की मौजूदगी जिलाधिकारी सीपी सिंह, सीईओ लक्ष्मी नागप्पन, श्रीकृष्ण जन्मस्थान सेवा संस्थान के सचिव कपिल शर्मा, सदस्य गोपेश्वरनाथ चतुर्वेदी और ब्रज तीर्थ विकास परिषद के अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी राजीव पांडेय सहित कई प्रशासनिक व सामाजिक हस्तियों ने ढोल नगाड़े बजाकर कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। पूरे मार्ग में गूंजते राधे-राधे' और 'जय श्रीकृष्ण के जयघोषों के बीच भक्ति संगीत और लोक संस्कृति के इस अद्भुत संगम ने जन्माष्टमी के उत्सव को यादगार बना दिया।

मथुरा में जन्मोत्सव का उत्साहःअजन्मे' के जन्म का साक्षी बनने को उमड़ रहे जनसैलाब

रिमझिम बारिश के बीच सजी कान्हा की नगरी

समाज जागरण संवाददाता मथुरा

मथुरा/भाद्रपद मास की कृष्ण पक्ष अष्टमी की मध्यरात्रि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव को लेकर कान्हा की नगरी मथुरा में अभूतपूर्व उत्साह देखा जा रहा है। 'अजन्मे' के जन्म का दिव्य साक्षी बनने के लिए देश-विदेश से लाखों श्रद्धालुओं का जनसैलाब मथुरा पहुँच रहा है। शहर का हर कोना जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गुंजायमान है और समूची तीर्थनगरी को दुल्हन की तरह अलौकिक ढंग से सजाया गया है।मुख्य आयोजन श्रीकृष्ण जन्मस्थान पर केंद्रित हैं, जहाँ मध्यरात्रि 12 बजे घंटे-घड़ियालों की ध्वनि के बीच 'लाला' का प्राकट्य होगा।सांस्कृतिक कार्यक्रम और ब्रज की समृद्ध परंपरा उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद, जिला प्रशासन, नगर निगम और पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्त्वावधान में शहर के विभिन्न तिराहों-चौराहों पर सांस्कृतिक पांडाल सजाए गए हैं। यहाँ गायन, वादन और नृत्य की त्रिवेणी प्रवाहित हो रही है। प्राचीन एवं दुर्लभ वाद्य यंत्रों की मधुर ध्वनि से पूरी नगरी भक्तिमय हो उठी है। आयोजन की प्रमुख व्यवस्थाएं सुरक्षा एवं पुलिस बलः सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। स्थानीय पुलिस के साथ पीएसी (PAC) और आरएएफ (RAF) की तैनाती की गई है। मथुरा-वृंदावन को विभिन्न सेक्टरों में बाँटकर मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए हैं। यातायात प्रबंधनः शहर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए यातायात पुलिस ने विशेष ट्रैफिक डायवर्जन प्लान लागू किया है। श्रद्धालुओं के लिए सुविधाएंः जगह-जगह भव्य भंडारे आयोजित किए जा रहे हैं। नगर निगम के सफाई कर्मचारी लगातार स्वच्छता अभियान में जुटे हैं और वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी पल-पल की स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं। अब सभी को बस मध्यरात्रि 12 बजने का इंतजार रहेगा, जब शंखनाद और महाआरती के साथ योगेश्वर श्रीकृष्ण का अवतरण होगा।

हरहुआ क्षेत्र में कृष्ण जन्माष्टमी की तैयारी संग पूर्व संध्या पर दिखी झांकी।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। देवाधिदेव महादेव की नगरी काशी में एक ओर श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव गुरुवार को शुरू हो गया वहीं हरहुआ क्षेत्र में भी बाजार सहित गाँव-गाँव कृष्ण जन्मोत्सव मनाने की तैयारी में लोग जुट गए हैं। साफ -सफाई के साथ पांडाल निर्माण ,विद्युत लाइटिंग ,पूजन व्यवस्था स्टेज निर्माण अंतिम चरण में है।

हनुमान मंदिर हरहुआ के संरक्षक अमित सिंह 'नीलू' प्रधान सिंहापुर ,पुजारी रमेश चंद दास व उद्योग व्यापार मंडल वाराणसी के प्रदेश महामंत्री व हरहुआ व्यापार मंडल के महामन्त्री वीरेंद्र गुप्ता,प्रधान अनौरा दीपक चौहान ,प्रधान दासेपुर सोनू प्रसाद के अनुसार भाद्रपद मास के कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को मध्यरात्रि में भगवान का जन्म हुआ था। उनके दिव्य उपदेशों को याद करना और गीता के ज्ञान और बाल लीलाओं के जरिये प्रेम ,करुणा ,कर्म और भाई -चारे की प्रेरणा लेना इस उत्सव का मूल उद्देश्य है। इससे ईश्वर के प्रति भक्ति ,धर्म की स्थापना, सांस्कृतिक एकता ,नैतिक और आध्यात्मिक शिक्षा की प्रेरणा मिलती है।

इस वर्ष बड़े उत्साह के साथ तैयारियां मंदिरों ,सार्वजनिक स्थलों ,घरों के पास ,गाँव के चौराहों पर तैयारियां तेजी पर है। पूर्व संध्या पर पीले परिधानों में सजे धजे भक्तों ने लड्डू गोपाल के प्रकट होने से पहले पूर्व संध्या पर झांकी संग शोभायात्रा निकाली। जगह-जगह आरती उतारकर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। शुक्रवार को शाम से ही विविध पूजन प्रारम्भ होगा जो 12 बजे मध्य रात्रि में पूर्ण होगा।इसके बाद लोगो मे प्रसाद वितरित की जाएगी।जगह-जगह भंडारे में भोजन प्रसाद भी दिया जाएगा।

चौखंडी रेलवे फाटक बंद राहगीरों की बढ़ी परेशानी

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। जंसा क्षेत्र स्थित चौखंडी रेलवे फाटक को पुल निर्माण कार्य के चलते एक बार फिर अस्थायी रूप से आवागमन के लिए बंद कर दिया गया है। फाटक बंद होने से आसपास के ग्रामीणों, राहगीरों और वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

बताया जाता है कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं एवं स्थानीय लोगों को होने वाली असुविधा को देखते हुए उपजिलाधिकारी राजातालाब शांतनु कुमार सिनसिनवार एवं रेलवे के निर्देश पर चौखंडी रेलवे फाटक को 30 जुलाई से 28 अगस्त 2026 तक अस्थायी रूप से आवागमन के लिए खोलने की अनुमति दी गई थी। निर्धारित अवधि पूरी होने के बाद पुल निर्माण कार्य को देखते हुए फाटक को पुनः बंद कर दिया गया है।

फाटक बंद होने से आसपास के गांवों से आने-जाने वाले लोगों को वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेना पड़ रहा है। इससे उन्हें अतिरिक्त दूरी तय करने के साथ ही समय भी अधिक लग रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुल निर्माण कार्य लंबे समय से चल रहा है, जिससे आवागमन को लेकर परेशानी बनी हुई है।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग से मांग की है कि निर्माण कार्य में तेजी लाकर जल्द से जल्द पुल का निर्माण पूरा कराया जाए, ताकि लोगों को आवागमन की समस्या से स्थायी रूप से निजात मिल सके।

कपसेठी चौराहे के समीप बजबजा रहा कचरा

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। कपसेठी थाना क्षेत्र के कपसेठी चौराहे के समीप महीनों से जमा कचरे का ढेर स्थानीय लोगों और राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। लगातार हो रही बारिश के चलते कचरे के ढेर के बीच पानी

जमा हो गया है। इससे आसपास का वातावरण दुर्गंध से सराबोर है और लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि लंबे समय से कचरा नहीं उठाए जाने के कारण स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है। बारिश का पानी जमा होने से मच्छरों की संख्या भी बढ़ गई है। ऐसे में दुकानदारों और आसपास रहने वाले लोगों को डेंगू, मलेरिया समेत अन्य संक्रामक बीमारियों के फैलने का डर सताने लगा है। चौराहे से प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोगों का आवागमन होता है। कचरे से उठ रही दुर्गंध के कारण राहगीरों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। लोगों का कहना है कि यदि समय रहते कचरे की सफाई और जलजमाव की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में परेशानी और बढ़ सकती है।

गंगा के जलस्तर में लगातार हो रही वृद्धि

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। गंगा का जलस्तर एक बार फिर तेजी से बढ़ने लगा है। केंद्रीय जल आयोग के राजघाट गेज स्थल पर गुरुवार सुबह आठ बजे नदी का जलस्तर 70.56 मीटर दर्ज किया गया। यह चेतावनी स्तर 70.262 मीटर से 29.8 सेंटीमीटर ऊपर है। जलस्तर फिलहाल एक सेंटीमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से बढ़ रहा है। सीडब्ल्यूसी के आंकड़ों के मुताबिक बीते 24 घंटे में गंगा के जलस्तर में 28 सेंटीमीटर की बढ़ोतरी हुई है। बुधवार सुबह के मुकाबले गुरुवार सुबह पानी में यह उछाल नदी के बढ़ते दबाव का संकेत दे रहा है। सुबह आठ बजे तक वाराणसी में 28.2 मिलीमीटर बारिश भी दर्ज की गई, जिससे नदी और तटीय इलाकों में सतर्कता बढ़ गई है।

गंगा का जलस्तर अब खतरे के निशान 71.262 मीटर से महज 70.2 सेंटीमीटर नीचे है। हालांकि अभी जलस्तर खतरे के निशान से नीचे है, लेकिन लगातार बढ़ते ट्रेंड ने प्रशासन और तटवर्ती क्षेत्रों में निगरानी बढ़ाने की जरूरत बढ़ा दी है।

सीडब्ल्यूसी के अनुसार गंगा का उच्चतम बाढ़ स्तर 73.901 मीटर है। जलस्तर में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए घाटों और निचले इलाकों में विशेष सतर्कता जरूरी हो गई है। आने वाले घंटों में बारिश और नदी के प्रवाह पर जलस्तर की दिशा निर्भर करेगी।

जल जमाव की समस्या को दूर करने में लाए तेजी

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी।। जिले के रोहनिया विधानसभा क्षेत्र के कई क्षेत्रों में जल जमाव से निदान के लिए विवेकानंद पुरम कॉलोनी में ब्लॉक मुख्य सीवर को मोटर पम्प व अस्थाई पाइपलाइन के माध्यम से मुख्य मुख्य सीवर में जोड़ने के

लिए पार्षद गुड्डू पटेल एवं श्याम भूषण शर्मा के साथ नगर निगम अधिकारियों को निर्देशित करते हुए रोहनिया विधायक डॉ सुनील पटेल ने द्वारा बताया गया मुख्य सीवर के ब्लॉक होने से जल जमाव की गंभीर स्थिति पैदा हुई है इसके निदान के लिए जल्द ही नगर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों द्वारा मुख्य सीवर को आपस में जोड़ने के पश्चात जल जमाव की समस्या का निदान संभव हो पाएगा ।नागरिकों की सुविधा और सुरक्षा के लिए राहत कार्य युद्ध स्तर पर जारी हैं।बताते चले आज जल निकासी का कार्य वार्ड करौंदी , सुसुवाही सहित वृंदावन , गौतम नगर , विश्वकर्मा नगर , अनंतपुरम , चितईपुर सहित अन्य क्षेत्रों में किया गया।

चारा काटने वाली मशीन का प्लग लगाते समय करंट की चपेट में आने से किसान, मौत

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। चोलापुर क्षेत्र के गोसाईपुर चौकी व ब्लाक हरहुआ अंतर्गत जमुनीपुर गांव में गुरुवार को चारा काटने वाली मशीन का प्लग लगाते समय विद्युत स्पशार्घात से 55 वर्षीय रामलाल गोड़ की मौत हो गई। हादसे की जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल रहा।

जानकारी के अनुसार जमुनीपुर गांव निवासी रामलाल गोड़ घर पर चारा काटने वाली मशीन का प्लग विद्युत बोर्ड में लगा रहे थे। इसी दौरान अचानक मशीन में विद्युत प्रवाह होने से वह करंट की चपेट में आ गए। परिजनों ने उन्हें करंट से बचाने का प्रयास करते हुए तत्काल उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। हादसे की सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर इस घटना की जानकारी ली और आवश्यक कार्रवाई में जुट गई। रामलाल गोड़ की मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। मृतक के दो पुत्र हैं। बड़ा पुत्र प्रतापगढ़ जिले में सिपाही के पद पर तैनात है, जबकि दूसरा पुत्र प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहा है। पिता की मौत की सूचना मिलते ही दोनों पुत्रों सहित परिवार के अन्य सदस्यों में मातम छा गया। ग्रामीणों के अनुसार रामलाल परिवार की जिम्मेदारियों को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते थे। अचानक हुई इस घटना से गांव में भी शोक का माहौल है।

चंदापुर गांव मे बीती रात चोरों ने दो पड़ोसी घरों को बनाया निशाना, जेवरात व नगदी लेकर फरार

रविशंकर मिश्रा और अवधेश मिश्रा के घरों मे घुसे चोर।

समाज जागरण अनिल कुमार

हरहुआ वाराणसी। चोलापुर थाना क्षेत्र व हरहुआ ब्लाक अंतर्गत चंदापुर गांव निवासी रविशंकर मिश्रा और अवधेश मिश्रा के घरों को चोरों ने एक ही रात में निशाना बनाया। बताया गया कि चोर रात के अंधेरे में घर मे दाखिल हुए और परिवार के लोगों को भनक तक नही लगी। चोरों ने कमरो में रखी अलमारियों और बक्सों को खंगाला। इसके बाद उनमें रखे कीमती जेवरात और नकदी लेकर मौके से फरार हो गए।

सुबह जब परिवार के सदस्य सोकर उठे तो मुख्य दरवाजे खुले मिले,अंदर अलमारी और बक्सों का सामान बिखरा पड़ा था।जांच करने पर उन्हें जेवरात और नकदी चोरी होने की जानकारी हुई। इसके बाद पीड़ित परिवारों ने पुलिस को सूचना दी। पीड़ितों के मुताबिक चोर घरों से लाखों रुपये कीमत के सोने-चांदी के जेवरात और नकदी चोरी कर ले गए हैं। चोरी गए सामान की जानकारी पुलिस को लिखित शिकायत मे दी गई है। एक ही रात में दो पड़ोसी घरों में चोरी होने से गांव के लोगों मे भी दहशत है। ग्रामीणों को आशंका है कि चोरों ने पहले रेकी की होगी और इसके बाद दोनों घरों को निशाना बनाया।

पुलिस टीम मौके पर पहुंची। दोनों घरों का निरीक्षण कर घटना से जुडे साक्ष्य जुटाए। इसके साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली गई। पुलिस के मुताबिक फुटेज मे संदिग्ध गतिविधियां और चोरों की आवाजाही दिखाई दे रही है। अब पुलिस फुटेज के आधार पर उनकी पहचान करने मे जुटी है।

रविशंकर मिश्रा और अवधेश मिश्रा ने स्थानीय थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। पीड़ितो ने पुलिस से जल्द घटना का खुलासा कर चोरी हुआ सामान बरामद करने की मांग की है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार सीसीटीवी फुटेज के साथ अन्य तकनीकी साक्ष्यों की भी मदद ली जा रही है। संदिग्धों की पहचान कर उनकी तलाश की जा रही है।

आकाश वर्मा और आकाश सिंह ने जीते स्वर्ण पदक

समाज जागरण रंजीत तिवारी

रामेश्वर वाराणसी। अष्ट शहीद इंटर कॉलेज, मोहम्मदाबाद गाजीपुर में आयोजित वाराणसी मण्डल की विद्यालयीय मण्डलीय वेट लिफ्टिंग प्रतियोगिता में श्री युगल बिहारी इण्टर कॉलेज रामेश्वर के आकाश वर्मा और आकाश कुमार सिंह ने क्रमशः 88 किलो वर्ग और 71 किलो वर्ग में स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबन्धक धर्मेन्द्र सिंह ने प्रधानाचार्य नीरज कुमार यादव और खेल प्रभारी पप्पू राम पटेल को इस सफलता के बधाई देते हुए दोनों सफल खिलाड़ियों को प्रान्तीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएँ प्रेषित की। इस अवसर पर श्री दारा कुमार , सुभाष राम, धर्मेन्द्र वर्मा सयान भौमिक, अंशुमान राय, शुभम मिश्र ने शुभकामनाएं ज्ञापित करते हुए आपना हर्ष प्रकट् किया।

आर ई आर ए अनुमोदन अंतिम चरण में, अगले सप्ताह पंजीकरण प्रक्रिया शुरू होने की संभावना

समाज जागरण रंजीत तिवारी

वाराणसी। जिले के वाराणसी विकास प्राधिकरण द्वारा कल्लीपुर क्षेत्र में विकसित की जा रही काशी की थीम पर आधारित वाराणसी की पहली गेटेड सिटी आनंद काशी आवासीय योजना (फेज-1) के संबंध में उपाध्यक्ष श्री पुर्ण बोरा द्वारा संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर योजना की प्रगति एवं आगामी कार्ययोजना की समीक्षा की गई। बैठक में योजना के आर ई आर ए अनुमोदन की प्रगति की भी समीक्षा की गई। आर ई आर ए से अनुमोदन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है तथा अगले सप्ताह से पंजीकरण प्रक्रिया शुरू किए जाने की संभावना है।

योजना के पहले चरण में लगभग 4,56,398.69 वर्ग मीटर क्षेत्रफल में विकसित की जा रही यह महत्वाकांक्षी आवासीय योजना आधुनिक आधारभूत सुविधाओं के साथ सुव्यवस्थित एवं पर्यावरण-अनुकूल नगरीय विकास की अवधारणा को साकार कर रही है।

योजना के पहले चरण में कुल 1,004 आवासीय प्लॉट, 3 ग्रुप हाउसिंग भूखंड, 108 व्यावसायिक भूखंड, 1 शैक्षणिक भूखंड, 1 हेल्थकेयर भूखंड, 1 कम्युनिटी सेंटर, 2 यूटिलिटी भूखंड तथा हरित क्षेत्र के 18 पैच विकसित किए जाएंगे। आवासीय भूखंड चार प्रमुख श्रेणियों– 72 वर्ग मीटर, 162 वर्ग मीटर, 200 वर्ग मीटर एवं 288 वर्ग मीटर में विकसित किए जा रहे हैं।

आनंद काशी टाउनशिप में बेहतर आवागमन एवं आधुनिक नगरीय सुविधाओं के लिए 24, 18, 12 एवं 9 मीटर चौड़ी सड़कों का विकास किया जा रहा है। इसके साथ ही जलापूर्ति, सीवरेज, विद्युत व्यवस्था, वर्षा जल निकासी एवं अन्य आधुनिक आधारभूत सुविधाओं का विकास विभिन्न चरणों में प्रगति पर है।

टाउनशिप में लगभग 2 हेक्टेयर (4.94 एकड़) क्षेत्रफल में केंद्रीय पार्क विकसित किया जा रहा है, जो आनंद काशी का प्रमुख हरित एवं आकर्षक केंद्र होगा। पार्क के केंद्र में भव्य नटराज प्रतिमा एवं जल फव्वारे से सुसज्जित केंद्रीय प्लाजा के साथ ओपन लॉन, एम्फीथिएटर, चिल्ड्रन प्ले एरिया, मेडिटेशन गार्डन, सीनियर सिटीजन जोन, फ्लावर गार्डन, जॉगिंग ट्रैक एवं पैदल पथ जैसी सुविधाएं विकसित की जाएंगी। पार्क के चारों ओर पैदल-अनुकूल मार्केट प्लाजा एवं व्यावसायिक सुविधाएं तथा टाउनशिप से जुड़ने के लिए 4 प्रमुख पैदल प्रवेश द्वार भी प्रस्तावित हैं। पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को विशेष प्राथमिकता देते हुए योजना की बाउंड्री के समीप स्थित लगभग 3.71 एकड़ क्षेत्रफल में मियावाकी पद्धति से सघन वन विकसित किए जाने का निर्णय लिया गया है। काशी की सांस्कृतिक एवं वैदिक विरासत की अवधारणा पर आधारित इस योजना में न्यूनतम 15 प्रतिशत क्षेत्रफल को हरित क्षेत्र के रूप में विकसित किया जा रहा है, जिसमें मियावाकी वन जैसी पर्यावरणीय पहलें महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी।

उपाध्यक्ष पुर्ण बोरा द्वारा बताया गया कि आनंद काशी आवासीय योजना (फेज-1) प्राधिकरण की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसे आधुनिक नगरीय सुविधाओं, सुव्यवस्थित आवासीय विकास एवं पर्यावरणीय संतुलन को ध्यान में रखते हुए विकसित किया जा रहा है। लगभग 30 वर्षों के उपरांत विकसित की जा रही काशी की थीम पर आधारित पहली समेकित गेटेड सिटी के रूप में यह योजना काशी की सांस्कृतिक एवं वैदिक विरासत को आधुनिक सुविधाओं के साथ जोड़ते हुए एक सुव्यवस्थित एवं पर्यावरण-अनुकूल आवासीय वातावरण प्रदान करेगी।

सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल गाजीपुर में हर्षोल्लास से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

बिकास राय ब्यूरो चीफ
गाजीपुर समाज जागरण

सत्यदेव इंटरनेशनल स्कूल गाजीपुर में गुरूवार को प्रातःकालीन सभा के दौरान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, उल्लास और सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय का वातावरण भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और बाल-लीलाओं की मनमोहक छटा से सराबोर रहा।

कार्यक्रम में के जी कक्षाओं के नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने राधा-कृष्ण का मनमोहक रूप धारण कर सभी का मन मोह लिया। बच्चों की मासूम मुस्कान, सुंदर वेशभूषा और आकर्षक प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में विशेष मिठास घोल दी। नन्हे कलाकारों द्वारा प्रस्तुत सुंदर एवं मनमोहक नृत्य ने सभी दर्शकों को भाव-विभोर कर दिया और पूरे परिसर में तालियों की गूंज सुनाई दी। इस अवसर पर विद्यालय की मैनेजर डॉ. प्रीति सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन हमें प्रेम, करुणा, सत्य, कर्तव्य और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। हमें भगवान श्रीकृष्ण की बाल-लीलाओं की तरह अपने जीवन में सरलता और प्रसन्नता बनाए रखते हुए उनके आदर्शों को अपनाना चाहिए। उन्होंने बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं।

विद्यालय के प्रधानाचार्य चन्द्रसेन तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि श्रीकृष्ण केवल एक धार्मिक आस्था के प्रतीक ही नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला सिखाने वाले महान मार्गदर्शक हैं। उनका संदेश हमें सिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, साहस और सत्य का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। उन्होंने विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण के आदर्शों से प्रेरणा लेकर अच्छे संस्कारों और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय की सी सी ए हेड प्रीतिमा कुशवाहा का विशेष योगदान रहा। उनके कुशल मार्गदर्शन एवं निर्देशन में विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ अपनी प्रस्तुतियाँ दीं।

अंत में विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और उनके जीवन में प्रेम, शांति, आनंद एवं सद्भाव की कामना की। यह कार्यक्रम बच्चों के लिए मनोरंजन के साथ-साथ भारतीय संस्कृति, परंपरा और संस्कारों से जुड़ने का एक सुंदर अवसर भी बना। उक्त अवसर पर सत्यदेव ग्रुप ऑफ कॉलेजेस के काउंसलर दिग्विजय उपाध्याय, रेजिडेंट डायरेक्टर अमित रघुबंशी, आवेश कुमार, अमित सिंह, अवनीश राय शुभम आर्य समेत सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी गण उपस्थित रहे'

नीम करौली बाबा का असली नाम क्या था? जानिए उनका जीवन और परिवार से जुड़ी खास बातें

समाज जागरण

नई दिल्ली। आध्यात्मिक जगत में अपनी अलग पहचान बनाने वाले नीम करौली बाबा एक बार फिर चर्चा में हैं। उनके जीवन और अलौकिक व्यक्तित्व पर आधारित फिल्म हनुमानअंश के सिनेमाघरों में चर्चा में आने के बाद लोग बाबा के जीवन, उनके वास्तविक नाम, परिवार और उनके जीवन से जुड़ी घटनाओं के बारे में जानने को उत्सुक हैं।



बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय शहडोल में मरीजों की सुविधा व्यवस्था पर सवाल??

बुजुर्ग परिजनों को गोद में उठाकर पहुंचाना पड़ रहा इलाज के लिए, व्हीलचेयर और मूलभूत सुविधाओं का अभाव होने के आरोप!!

समाज जागरण

शहडोल। बिरसा मुंडा शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय एवं संबद्ध अस्पताल में मरीजों और उनके परिजनों को कथित तौर पर गंभीर अव्यवस्थाओं का सामना करना पड़ रहा है। विशेष रूप से बुजुर्ग एवं चलने-फिरने में असमर्थ मरीजों को अस्पताल परिसर में एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंचाने के लिए परिजनों को उन्हें गोद में उठाकर ले जाना पड़ रहा है। इसे लेकर अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाओं और व्यवस्थाओं पर सवाल उठने लगे हैं। परिजनों का कहना है कि गंभीर, बुजुर्ग एवं कमजोर मरीजों के लिए पर्याप्त व्हीलचेयर की व्यवस्था उपलब्ध नहीं होने अथवा समय पर नहीं मिलने से उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। इलाज कराने आए लोगों का आरोप है कि जिस अस्पताल में दूर-दराज के क्षेत्रों से मरीज बेहतर उपचार की उम्मीद लेकर पहुंचते हैं, वहां उन्हें मूलभूत

सुविधाओं के लिए भी भटकना पड़ रहा है।

बुजुर्ग मरीजों को उठाकर ले जाने की मजबूरी!!

अस्पताल में आने वाले कई बुजुर्ग मरीज स्वयं चलने में असमर्थ होते हैं। ऐसे में व्हीलचेयर या अन्य सहायक सुविधा उपलब्ध न होने की स्थिति में परिजनों को मरीजों को सहारा देकर अथवा गोद में उठाकर जांच कक्ष, वार्ड और अन्य विभागों तक ले जाना पड़ता है। इससे मरीज के साथ-साथ उनके परिजनों को भी परेशानी उठानी पड़ती है।

लोगों का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन को बुजुर्ग, दिव्यांग और गंभीर मरीजों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए पर्याप्त संख्या में व्हीलचेयर एवं स्ट्रेचर की व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।

शौचालयों की साफ-सफाई पर भी उठे सवाल?

अस्पताल परिसर में साफ-सफाई को लेकर भी शिकायतें सामने आ रही हैं। मरीजों और उनके परिजनों का आरोप है कि कई स्थानों पर शौचालयों की नियमित एवं संतोषजनक साफ-सफाई नहीं होने से लोगों को परेशानी होती है। अस्पताल जैसे संवेदनशील स्थान पर स्वच्छता व्यवस्था का बेहतर होना बेहद आवश्यक है, क्योंकि यहां पहले से बीमार और कमजोर लोग उपचार के लिए पहुंचते हैं।

मूलभूत सुविधाओं की कमी से परेशान मरीज!!

परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में मरीजों की सुविधा के लिए आवश्यक कई मूलभूत व्यवस्थाओं में सुधार की जरूरत है। बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, मरीजों को एक विभाग से दूसरे विभाग तक पहुंचाने की सुविधा, साफ-सुथरे शौचालय और जरूरतमंदों के लिए तत्काल सहायता जैसी व्यवस्थाएं प्रभावी ढंग से उपलब्ध कराने की मांग उठ रही है।

जिम्मेदारों से व्यवस्था सुधारने की मांग!!

स्थानीय नागरिकों और मरीजों के परिजनों ने अस्पताल एवं चिकित्सा महाविद्यालय प्रबंधन से मांग की है कि व्यवस्थाओं का तत्काल निरीक्षण कर कमियों को दूर किया जाए। पर्याप्त व्हीलचेयर और स्ट्रेचर उपलब्ध कराए जाएं, जरूरतमंद मरीजों के लिए सहायता कर्मियों की व्यवस्था की जाए तथा शौचालयों एवं परिसर की नियमित साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। अब बड़ा सवाल यह है कि मरीजों को बेहतर और सम्मानजनक स्वास्थ्य सेवाएं देने का दावा करने वाली व्यवस्था में यदि किसी बुजुर्ग को इलाज के लिए परिजनों की गोद का सहारा लेना पड़े, तो जिम्मेदारी आखिर किसकी है? संबंधित अधिकारियों को मामले का संज्ञान लेकर वास्तविक स्थिति की जांच कर आवश्यक सुधारात्मक कदम उठाने चाहिए, ताकि मरीजों और उनके परिजनों को इस तरह की परेशानियों से राहत मिल सके।

पटवारी संघ ने सोपे ज्ञापन

समाज जागरण विजय तिवारी

डिंडोरी। म.प्र.पटवारी संघ डिंडोरी के द्वारा जिले के पटवारियों की 16 सूत्रीय समस्या के निराकरण हेतु कलेक्टर के नाम एसडीएम डिंडोरी के समक्ष ज्ञापन सौंपा है और निराकरण करने की मांग की है। समस्याओं के निराकरण न होने के कारण जिले के पटवारी आज दूसरे दिन कलमबंद हड़ताल में बैठे हुए है। पटवारियों ने ज्ञापन में लिखा है कि ऑनलाइन ई अटेंडेंस प्रदेश में कही नहीं है तो जिला के पटवारियों को भी इससे मुक्त किया जाए। म.प्र.शासन के द्वारा एवं प्रभारी मंत्री के अनुमोदन से कुछ पटवारियों का लगभग तीन माह पहले ट्रांसफर हो गया है,उन्हें रिलीव किया जाए। डिंडोरी तहसीलदार के द्वारा तहसील डिंडोरी के पटवारियों के साथ लगातार अभद्रता की जाती है और दुर्भावना पूर्वक कार्यवाही की जाती है इसलिए इन्हें जिला कार्यालय में संलग्न किया जावे। जिला कलेक्टर के द्वारा प्रभारी आरआई जो कि पटवारी है उनके खिलाफ कार्यवाही करते हुए एक वेतन वृद्धि (असंचयी) रोकने कि कार्रवाही की गई है जो कि अनुचित है उसे तत्काल वापस लिया जावे। मेहदवानी के कुछ पटवारियों का सामूहिक रूप से एक दिन का वेतन रोक दिया गया है, उसे दिया जावे। वर्तमान में जिला में भय और तनावयुक्त वातावरण बना दिया गया है उसे कम किया जावे सहित 16 सूत्रीय मांगों का त्वरित निराकरण किया जावे अन्यथा की स्थिति में पटवारी के द्वारा हड़ताल को निराकरण न होने तक जारी रखा जाएगा।

अंतरराज्यीय नाकाबंदी में घिरे पशु तस्कर: अनूपपुर-छत्तीसगढ़ पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में 3 पिकअप और 20 मवेशी जब्त, एक गिरफ्तार

समाज जागरण जैतहरी/अनूपपुर। पशु क्रूरता एवं अवैध मवेशी परिवहन के खिलाफ अनूपपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। अनूपपुर और छत्तीसगढ़ पुलिस के त्वरित समन्वय से थाना जैतहरी अंतर्गत मुण्डा-सिवनी मार्ग पर नाकाबंदी कर 3 पिकअप वाहनों से क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे 20 मवेशियों को मुक्त कराया गया। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान कुल ₹21.20 लाख का माल-मशरूका जब्त किया है और एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता पाई है। मुखबिर की सूचना पर गठित हुई 3 टीमें 3 सितंबर को जैतहरी पुलिस को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली थी कि तीन पिकअप वाहन (एक क्रमांक MP 19 ZT 5653 एवं दो बिना नंबर) में मवेशियों को कटने के लिए छत्तीसगढ़ के मरवाही की ओर से सिवनी-मुण्डा मार्ग होते हुए ले जाया जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अनूपपुर के निर्देश पर जैतहरी थाना और वेंकटनगर चौकी की 3 टीमों का गठन कर घेराबंदी की गई। छत्तीसगढ़ पुलिस के साथ मिलकर चलाया ऑपरेशन कार्रवाई के दौरान छत्तीसगढ़ पुलिस को तुरंत अलर्ट किया गया। छत्तीसगढ़ पुलिस

ने संदिग्ध वाहनों का पीछा कर उन्हें खदेड़ा, जिससे वाहन अनूपपुर सीमा की ओर भागे। मुण्डा-सिवनी मार्ग पर पहले से तैनात नाकाबंदी टीम को देखकर चालकों ने वाहन तेज गति से भगाने का प्रयास किया। पुलिस द्वारा घेराबंदी करने पर तीनों चालक अंधेरे का फायदा उठाकर वाहन छोड़कर फरार हो गए। एक आरोपी पकड़ाया, पिकअप में मिली मृत भैंस वाहनों की तलाशी लेने पर पहली पिकअप में 7, दूसरी में 6 और तीसरी में 7 मवेशी बरामद हुए। सभी मवेशियों को बिना चारा-पानी के रस्सियों से अत्यंत क्रूरतापूर्वक ठूंस-ठूंसकर बांधा गया था। दूसरी पिकअप से एक भैंस मृत अवस्था में पाई गई। पुलिस ने पीछा कर दूसरी पिकअप में सवार आरोपी आसीफ कुरैशी (26 वर्ष), निवासी जेकेडी झगड़ाखान (मनेन्द्रगढ़, छत्तीसगढ़) को गिरफ्तार कर लिया। जब्त सामग्री और कार्रवाई पुलिस ने कार्रवाई के दौरान निम्नलिखित सामग्री जब्त की: 03 पिकअप वाहन: अनुमानित कीमत ₹17,00,000/- 20 मवेशी : अनुमानित कीमत ₹4, 20,000/- कुल जप्ती: ₹21,20,000/- (इक्कीस लाख बीस हजार रुपये) पकड़े गए आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है, जबकि फरार चालकों की तलाश जारी है। पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका यह संपूर्ण कार्रवाई एसपी अनूपपुर के निर्देशन तथा एएसपी व एसडीओपी अनूपपुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुई। इसमें जैतहरी थाना प्रभारी निरीक्षक गोकुलानंद पाण्डेय, चौकी प्रभारी उनि प्रवीण साहू, उनि मणिराज सिंह, सउनि सुरेश कुमार कोरी, प्र.आर. चालक दिनेश पाटील, आर. मनीष सिंह तोमर एवं आर. विजय टाटू की मुख्य भूमिका रही। छत्तीसगढ़ पुलिस के त्वरित सहयोग की भी सराहना की गई है।

कलेक्टर को ही मजाक बनाकर रख दिया नान ने

करोड़ों के घोटाले में मिलर पर मेहरबान नान

समाज जागरण

जब सरकार और किसानों के पैसों पर घोटाला और जांच आंच और कागज कागज खेल में मजा आने लगे और विभागीय अधिकारी कलेक्टर को मजाक समझने लगे तब यह बात निकलकर आती है कि बताइये कलेक्टर को भी नहीं छोड़ रहे तो आम आदमी का क्या काम होगा। करोड़ों रुपए के घोटाले में नागरिक आपूर्ति निगम अब भी कागज कागज खेल में व्यस्त हैं और पुलिस अब उन दस्तावेजों का इंतजार कर रहा है जिनके बलबूते पर संबंधित मिलर पर कार्यवाही की जा सके। अच्छा होता कि नागरिक आपूर्ति निगम घोटाले बाज मिलर को ऐसे ही छोड़ देता। इससे अधिकारियों और पुलिस का समय बच जाता।

यह की थी चालाकी...

इस संबंध में बताया गया कि मानपुर ब्लाक के ग्राम सेहरा बस्कुटा में संचालित डी के राइस मिल में आग लगने की घटना के बाद हड़कंप मच गया था, घटना के बाद आग पर काबू तो पा लिया गया मगर जिले में बारिश का दौर भी था जिससे ऐसा लगने लगा कि आग ऐसे ही सार्टसर्किट से आग नहीं लग सकती है। इस संबंध में कलेक्टर ने एक टीम गठित कर मामले की जांच कराई जिसमें पाया गया कि बिजली के तारों से आग लगी नहीं बल्कि लगाई गई है। वहीं संचालक ने बड़ी ही चालाकी के साथ धान की बोरियों में धान की जगह भूसी भरवां दी और आग लगा दी, जिससे यह साबित हो जाता कि पूरी धान जलकर राख हो गई मगर ऊपर वाले ने ऐसा खेला किया कि जांच में पूरी पूरी घटना सामने आ गई, मामला यहीं नहीं रुका डीके राइस मिल संचालक के यहां जांच के दौरान दूसरे जिले की धान की बोरियां भी बरामद की थी।

करीब 8 करोड़ की होनी है वसूली

इस संबंध में जांच के बाद पाया गया कि करीब 6845 क्विंटल धान गायब पाई गई थी, जिसकी भरपाई करने के लिए ही धान मिल में आग लगाई गई। कलेक्टर आदेश के बाद जांच में यह बात सामने आई कि मिलर से समर्थन मूल्य का पांच गुना बढ़ोत्तरी कर वसूली होगी, जिसके हिसाब से 6845 क्विंटल धान का 11845 रुपए प्रति क्विंटल की दर से वसूल किया जायेगा, जिसकी अनुमानित वसूली करीब 769 33.275 यानी करीब 8 करोड़ रुपए वसूल किये जाने हैं। जबकि FIR के आदेश अलग से थे, जो कि आज भी नान की टेबल की शोभा बढ़ा रहे हैं। करीब 15 दिन बीत जाने के बाद भी थाने तक वह दस्तावेज नागरिक आपूर्ति निगम नहीं पहुंचा पा रहा जिसके बलबूते पर पुलिस एफ आईआर दर्ज कर अपनी कार्यवाही को आगे बढ़ा सकें।

हालांकि इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता कि नागरिक आपूर्ति निगम और खाद्य विभाग एक ही मुखिया के पास है और वह घोटालेबाज मिलर को बचाने के भरसक प्रयास में ऐड़ी चोटी का जोर लगाने में लगे हैं, तभी तो कलेक्टर के आदेश के बाद भी मिलर पर आज तक एफआईआर नहीं हो सकी है।

रनेह शराब दुकान में नाबालिगों से शराब की पेटियां उतरवाने का वीडियो वायरल

हटा अनुविभाग के रनेह का मामला, आबकारी विभाग की निगरानी पर उठे सवाल

समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी

रनेह शराब दुकान में नाबालिगों से शराब की पेटियां उतरवाने का वीडियो वायरल, आबकारी विभाग की निगरानी पर सवाल रनेह/दमोह। हटा अनुविभाग के रनेह स्थित शराब दुकान से जुड़ा एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद मामला चर्चा में है। वीडियो में कथित तौर पर नाबालिग बच्चे शराब की पेटियां दुकान परिसर में उतारते हुए दिखाई दे रहे हैं। वीडियो सामने आने

के बाद शराब दुकान के संचालन और निगरानी व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। बताया जा रहा है कि शराब की पेटियां दुकान पर पहुंचने के दौरान बच्चों से उन्हें उतरवाने का काम कराया गया। यदि वीडियो की पुष्टि होती है तो यह गंभीर मामला माना जा सकता है। स्थानीय लोगों ने सवाल उठाया है कि शराब दुकान जैसे संवेदनशील स्थान पर नाबालिगों से इस तरह का काम किसकी मौजूदगी या अनुमति से कराया गया। मामले ने आबकारी विभाग की निगरानी व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न लगा दिया है। लोगों का कहना है कि विभाग को शराब दुकानों की गतिविधियों पर नियमित निगरानी रखनी चाहिए। स्थानीय लोगों ने जिला प्रशासन और आबकारी विभाग से वीडियो की निष्पक्ष जांच कराने, वीडियो की तारीख और दुकान के लाइसेंसधारी की जानकारी सामने लाने तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की मांग की है। अधिकारियों की जांच के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

शासकीय भूमि पर अवैध कब्जाधारियों के हौसले बुलंद

खेल मैदान और मंदिर परिसर की जमीन भी कब्जे में

समाज जागरण

बिरसिंहपुर पाली--- उमरिया जिले की पाली तहसील में शासकीय भूमि की हिफाजत का जिम्मा जिस राजस्व विभाग पर है, उसी की अनदेखी के चलते भू-माफियाओं के हौसले सातवें आसमान पर हैं, और अब तो हालत यह है कि उन्होंने बच्चों के खेल मैदान से लेकर आस्था के केंद्र मंदिर परिसर और शासकीय तालाबों तक की जमीन को भी नहीं छोड़ा है। ताजा और सबसे वीभत्स उदाहरण ग्राम पंचायत गिंजरी के आश्रित ग्राम बरबसपुर का है, जहां सार्वजनिक उपयोग की दो महत्वपूर्ण शासकीय भूमियों पर खुलेआम हल चल रहा है। दरअसल ग्राम पंचायत ने गांव के युवाओं के भविष्य को देखते हुए खसरा क्रमांक 508 को खेल मैदान के लिए प्रस्तावित किया था, ताकि बच्चे गली-मोहल्लों में भटकने के बजाय एक सुरक्षित मैदान में खेल सकें, लेकिन दबंग कब्जाधारियों ने पंचायत के इस प्रस्ताव को रौंदते हुए उस पर अवैध कब्जा कर खेती शुरू कर दी है, जबकि इसी तरह पंचलेश्वर धाम मंदिर से लगा विशाल सरकारी रकबा खसरा क्रमांक 514/1 जो कांवड़ यात्रा, शिवरात्रि और नवरात्रि के दौरान हजारों श्रद्धालुओं के लिए पार्किंग और विश्राम स्थल के रूप में उपयोग हो सकता था, उस पर भी कब्जा कर कृषि कार्य किया जा रहा है, जिससे हर त्योहार पर जाम और अव्यवस्था की स्थिति बनती है और श्रद्धालुओं को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। ग्रामीणों का साफ कहना है कि यह महज दो खसरा नंबरों की कहानी नहीं बल्कि पूरे पाली तहसील की हकीकत है, जहां तालाब, चारागाह और निस्तार की जमीनें भी इसी तरह भू-माफियाओं के कब्जे में जा रही हैं और राजस्व अमला सिर्फ कागजी खानापूर्ति तक सीमित है।

इसी अनदेखी से आहत होकर ग्रामीणों ने एसडीएम पाली को ज्ञापन सौंपकर मांग की है कि दोनों खसरा नंबरों का तत्काल सीमांकन कर अतिक्रमण हटाया जाए, खसरा 508 पर खेल मैदान विकसित किया जाए और 514/1 पर पार्किंग के साथ फलदार व छायादार पौधों का वनीकरण किया जाए, साथ ही ग्रामीणों ने चेतावनी भी दी है कि यदि समय रहते असरकारी कार्रवाई नहीं की गई तो वह दिन दूर नहीं जब शासन को अपने ही उपयोग के लिए जमीन के लिए जद्दोजहद करनी पड़ेगी।

मड़वा घाटी में सड़क की जगह लहलहाई धान की फसल, नीरज बड़ागाँव की पहल बनी चर्चा का विषय

समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी

रैपुरा। मड़वा घाटी में सड़क निर्माण को लेकर लंबे समय से चली आ रही मांग के बीच अब यहां का नजारा चर्चा का विषय बना हुआ है। बीते दिनों मड़वा घाटी में रोपा गया धान अब तेजी से ग्रोथ कर रहा है और लहलहाता नजर आ रहा है। सड़क निर्माण की मांग को लेकर नीरज बड़ागाँव ने अनोखे अंदाज में विरोध दर्ज कराते हुए सड़क की

जगह धान का रोपा लगाया था। अब यह धान बढ़कर फसल का रूप लेने लगा है। नीरज बड़ागाँव का कहना है कि वे किसान परिवार से हैं, इसलिए फसल का अपमान नहीं किया जाएगा। इसी भावना के साथ फसल में कीटनाशक का छिड़काव भी किया गया है। उन्होंने कहा कि कीटनाशक के छिड़काव के बाद फसल की पूरी देखभाल की जाएगी और समय आने पर इसकी कटाई भी की जाएगी। उन्होंने व्यंग्य करते हुए कहा कि सड़क निर्माण न सही, कम से कम मड़वा घाटी में धान ही पैदा हो जाए, यही ठीक है। मड़वा घाटी की स्थिति को लेकर उन्होंने प्रशासन और जिम्मेदार अधिकारियों पर भी तंज कसते हुए कहा कि यहां लहलहाती धान की फसल तो दिखाई दे रही है, लेकिन सड़क की समस्या शायद जिम्मेदारों को अब तक दिखाई नहीं दे रही। नीरज बड़ागाँव ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी फसल का अपमान करना नहीं, बल्कि लंबे समय से लंबित सड़क निर्माण की ओर शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित करना है। मड़वा घाटी में सड़क की जगह धान की फसल का यह दृश्य अब क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है

ग्रामीणों का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने किया समर्थन

ग्राम पुरैना बक्शी की सड़क और नरवा पर पुलिया निर्माण की मांग, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

समाज जागरण जिला संवाददाता उदय सिंह लोधी

हटा। ग्राम पुरैना बक्शी के ग्रामीणों ने गांव के एकमात्र सार्वजनिक मार्ग को पक्की सड़क के रूप में विकसित करने तथा नरवा पर पुलिया निर्माण की मांग को लेकर जिला कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में बताया गया कि आजादी के 80 वर्ष बाद भी हटा नगर से लगभग एक किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पुरैना बक्शी पक्की सड़क से वंचित है। गांव की ओर जाने वाले एक अन्य मार्ग पर शासकीय भूमि में गहरी नाली खोद दिए जाने से रास्ता बंद हो चुका है। वर्तमान में सिविल कोर्ट के सामने से नरवा के पास होते हुए रस्सली मोड़ तक जाने वाला मार्ग ही ग्रामीणों के आवागमन का प्रमुख सार्वजनिक रास्ता है।

ग्रामीणों ने बताया कि उक्त मार्ग पर लगभग 20 वर्ष पूर्व मुरमीकरण हुआ था, लेकिन आज तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं किया गया। वहीं नरवा पर पुलिया नहीं होने के कारण बरसात के दिनों में ग्रामीणों, स्कूली बच्चों एवं मरीजों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ज्ञापन के माध्यम से सिविल कोर्ट के सामने से ग्राम पुरैना बक्शी तक पक्की सड़क, नरवा पर पुलिया निर्माण तथा रस्सली मोड़ तक मार्ग को सर्व मौसम सड़क के रूप में विकसित करने की मांग की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मार्ग का तत्काल निरीक्षण कर सड़क एवं

पुलिया निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए शीघ्र कार्यवाही किए जाने की मांग की।

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हटा ने ग्रामीणों की मांग का किया समर्थन

ग्राम पुरैना बक्शी के ग्रामीणों की मूलभूत सुविधा से जुड़ी इस मांग का ब्लॉक कांग्रेस कमेटी हटा एवं समस्त ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने समर्थन किया है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष योगेश गोलू सराफ ने कहा कि ग्रामीणों को सड़क और पुलिया जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए वर्षों से परेशान होना पड़ रहा है। कांग्रेस कमेटी ग्रामीणों की जायज मांग के साथ खड़ी है और प्रशासन से मांग करती है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए सड़क एवं नरवा पर पुलिया निर्माण की प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ की जाए। उन्होंने कहा कि सड़क और पुलिया का निर्माण होने से ग्रामीणों, विद्यार्थियों, किसानों तथा मरीजों को आवागमन में बड़ी राहत मिलेगी। प्रशासन को इस समस्या का तत्काल संज्ञान लेकर स्थल निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए। ज्ञापन देने वालों में योगेश गोलू सराफ, ब्लॉक अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी हटा, सुरजीत सिंह ठाकुर, राकेश यादव, अरविंद यादव, कमलेश यादव, राकेश यादव, अनिल यादव, राजेश यादव, मनोज यादव, सोनू यादव, कमल किशोर यादव, नितेश यादव, सौरव यादव, बिट्टू यादव, नरेश यादव, भानु यादव, जितेंद्र यादव, मानवेंद्र यादव, वीरू यादव सहित ग्रामीणों की उपस्थिति रही।

कुत्ते के काटने के बाद अस्पताल जाने को तरसते रहे मासूम , जलमग्न रास्ते ने रोकी राह

समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी

डाला/ सोनभद्र। लगातार बारिश के चलते कोन थाना क्षेत्र के चकरिया चौकी अंतर्गत पिंडारी ग्राम पंचायत में बुधवार रात दो मासूमों को अस्पताल पहुंचाना ग्रामीणों के लिए बड़ी चुनौती बन गया। गांव में एक बच्ची और एक बच्चे को कुत्ते ने काट लिया। उपचार के लिए तत्काल अस्पताल ले जाने की जरूरत थी, लेकिन बारिश के कारण गांव को जोड़ने वाला रास्ता जलमग्न हो गया था। वाहन नहीं पहुंच पाने पर ग्रामीणों ने पनडुब्बी नाव का सहारा लेकर दोनों बच्चों को पानी पार कराया और अस्पताल पहुंचाया। ग्रामीणों के अनुसार, पिंडारी गांव को मुख्य मार्ग से जोड़ने वाला संपर्क मार्ग लंबे

समय से जर्जर हालत में है। बारिश के दिनों में सड़क पर जगह-जगह पानी भर जाता है और रास्ता दलदल में तब्दील हो जाता है। बुधवार रात कुत्ते के काटने के बाद जब दोनों बच्चों को अस्पताल ले जाने की जरूरत पड़ी तो जलभराव के कारण कोई वाहन गांव तक नहीं पहुंच सका। ऐसे में परिजनों की चिंता बढ़ गई। ग्रामीणों ने आपसी सहयोग से पनडुब्बी नाव की व्यवस्था की और दोनों बच्चों को पानी के रास्ते बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। इस दौरान ग्रामीणों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। समय रहते बच्चों को अस्पताल पहुंचाने के बाद परिजनों ने राहत की सांस ली। ग्रामीण नंदकिशोर पासवान ने बताया कि पिंडारी क्षेत्र में सड़क की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। सामान्य दिनों में भी जर्जर मार्ग के कारण आवागमन में परेशानी होती है, जबकि बारिश के दौरान स्थिति और गंभीर हो जाती है। जलभराव के कारण ग्रामीणों को राबर्ट्सगंज और कोन बाजार तक पहुंचने में भी दिक्कत होती है। ग्रामीणों का कहना है कि यह समस्या केवल आवागमन तक सीमित नहीं है, बल्कि आपात स्थिति में जान पर भी भारी पड़ सकती है। यदि रात के समय किसी व्यक्ति की तबीयत अचानक बिगड़ जाए, किसी महिला को प्रसव पीड़ा शुरू हो जाए या कोई गंभीर दुर्घटना हो जाए तो मरीज को समय पर अस्पताल पहुंचाना मुश्किल हो जाएगा। बुधवार रात बच्चों के साथ हुई घटना ने एक बार फिर इस समस्या को सामने ला दिया। ग्रामीणों के मुताबिक, सड़क निर्माण और जलनिकासी की समस्या दूर कराने की मांग कई वर्षों से की जा रही है, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ। बारिश में रास्ते पर पानी भरने से ग्रामीणों का संपर्क प्रभावित हो जाता है और उन्हें जरूरी काम के लिए भी जोखिम उठाना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पिंडारी के संपर्क मार्ग की तत्काल मरम्मत कराने और जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सड़क को आवागमन योग्य बनाने के साथ बारिश के पानी की निकासी की व्यवस्था भी जरूरी है, ताकि भविष्य में किसी मरीज या मासूम को अस्पताल पहुंचाने के लिए नाव का सहारा लेने की नौबत न आए।

एण्टीरोमियो टीम ने 02 नाबालिग युवकों एवं 01 नाबालिग युवती को परिजनों से संपर्क कर सकुशल किया सुपुर्द

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के द्वितीय चरण के अंतर्गत थाना दुद्धी एण्टीरोमियो टीम द्वारा क्षेत्र में लगातार भ्रमण एवं चेकिंग की जा रही है। इसी क्रम में आज दिनांक 03.09.2026 को एण्टीरोमियो टीम द्वारा क्षेत्र में भ्रमण एवं चेकिंग के दौरान लवकुश पार्क, थाना दुद्धी में 02 युवक एवं 01 युवती बैठे हुए दिखाई दिए। पुलिस टीम द्वारा तीनों से पूछताछ कर उनके संबंध में जानकारी प्राप्त की गई तथा परिजनों से संपर्क कराने एवं पहचान संबंधी दस्तावेज प्रस्तुत करने हेतु कहा गया। तीनों द्वारा अपने परिजनों से संपर्क नहीं कराया जा सका तथा पहचान संबंधी दस्तावेज भी प्रस्तुत नहीं किए जा सके। स्थिति संदिग्ध प्रतीत होने पर पुलिस टीम द्वारा तीनों को थाना दुद्धी लाया गया। थाना दुद्धी पुलिस द्वारा तत्परता से संबंधित थाना से संपर्क कर तीनों के परिजनों को सूचना दी गई। सूचना पर परिजन थाना दुद्धी पहुंचे। आवश्यक सत्यापन एवं पूछताछ के उपरान्त तीनों को सकुशल उनके परिजनों के सुपुर्द किया गया। सोनभद्र पुलिस महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं गरिमा सुनिश्चित करने हेतु प्रतिबद्ध है। मिशन शक्ति अभियान के तहत एण्टीरोमियो टीम द्वारा लगातार प्रभावी चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

बाणसागर से अतिरिक्त जल प्रवाह को देखते हुए प्रशासन अलर्ट, जलस्तर की निरंतर निगरानी

रिहंद बांध से चरणबद्ध तरीके से जल प्रवाह नियंत्रित करने की कार्यवाही, चोपन में जलस्तर पर रखी जा रही पैनी नजर

विजय कुमार अग्रहरी
ब्यूरो चीफ/ समाज जागरण

सोनभद्र। मध्य प्रदेश स्थित बाणसागर बांध से दिनांक 02 सितंबर 2026 को रात्रि 10:30 बजे 8 गेटों के माध्यम से लगभग 1.20 लाख क्यूसेक अतिरिक्त पानी छोड़ा गया है। उक्त अतिरिक्त जल प्रवाह का प्रभाव आज देर शाम तक चोपन गेज साइट पर पहुंचने की संभावना को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। चोपन में जलस्तर एवं डिस्चार्ज को नियंत्रित रखने के उद्देश्य से आज प्रातः 8:00 बजे रिहंद बांध के 2 अतिरिक्त गेट खोले जाएंगे। इसके पश्चात रिहंद बांध के कुल 7 गेटों से लगभग 77,000 क्यूसेक पानी छोड़ा जाएगा। बाणसागर से छोड़े गए अतिरिक्त पानी के चोपन पहुंचने से पूर्व जल प्रवाह को संतुलित करने के लिए आज सायं 5:00 बजे तक रिहंद बांध के 5 गेट बंद कर दिए जाएंगे तथा केवल 2 गेट खुले रखे जाएंगे। अधिकारियों द्वारा नदी एवं प्रभावित क्षेत्रों का लगातार भ्रमण, ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक प्रशासन द्वारा जलस्तर एवं जल प्रवाह की स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। संबंधित अधिकारी एवं राजस्व, पुलिस तथा अन्य विभागों की टीमें नदी एवं आसपास के क्षेत्रों का निरंतर भ्रमण कर स्थिति का जायजा ले रही हैं। सोन नदी के आसपास स्थित गांवों में लोगों को नदी के किनारे न जाने तथा किसी भी स्थिति में नदी के बढ़े हुए जलस्तर के निकट नहीं जाने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

प्रशासन द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी रखते हुए स्थानीय स्तर पर लोगों को आवश्यक सावधानियों के संबंध में जानकारी दी जा रही है, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से की अपील–नदी के किनारे न जाएं, सतर्क रहें जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने जनपदवासियों से अपील की है कि बाणसागर बांध से अतिरिक्त जल छोड़े जाने के कारण सोन नदी के जलस्तर में वृद्धि की संभावना को देखते हुए नदी, नालों एवं जलाशयों के आसपास अनावश्यक रूप से न जाएं। विशेष रूप से सोन नदी के किनारे रहने वाले नागरिक पूरी सावधानी बरतें और बच्चों एवं अन्य परिजनों को भी नदी के पास जाने से रोकें। उन्होंने कहा कि प्रशासन द्वारा स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और जलस्तर में होने वाले प्रत्येक बदलाव की मॉनिटरिंग की जा रही है। जनपदवासी प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न देते हुए केवल अधिकृत सूचना पर ही विश्वास करें। चरणबद्ध जल प्रबंधन से जलस्तर को नियंत्रित रखने का प्रयास जिला प्रशासन द्वारा बाणसागर एवं रिहंद बांध से होने वाले जल प्रवाह की स्थिति को ध्यान में रखते हुए चरणबद्ध तरीके से जल प्रबंधन की कार्यवाही की जा रही है। रिहंद बांध से डिस्चार्ज को नियंत्रित करते हुए बाणसागर से आने वाले अतिरिक्त जल के कारण चोपन में जलस्तर एवं डिस्चार्ज में अत्यधिक वृद्धि को नियंत्रित रखने का प्रयास किया जा रहा है। जिला प्रशासन पूरी स्थिति पर सतत निगरानी बनाए हुए है तथा आवश्यकता के अनुसार तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। जनपदवासियों से अपील है कि वे प्रशासन का सहयोग करें, सतर्क रहें और सुरक्षा की दृष्टि से नदी के आसपास जाने से पूर्णतः बचें।

10 गांवों में स्वास्थ्य शिविर, 509 मरीजों की हुई जांच

समाज जागरण/
ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। हिंडालको ग्रामीण विकास विभाग रेणुकूट के सीएसआर प्रमुख अनिल कुमार झा के निर्देशन में विकासखंड बभनी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। विकास खंड बभनी के विभिन्न गांवों में हिंडाल्को ग्रामीण विभाग के तहत विभिन्न गांवों में शिविर का आयोजन किया गया सीएसआर प्रमुख श्री झा ने बताया कि विकास खंड बभनी के करमघट्टी, बिछियारी, बभनी, सत बहनी, बरवा टोला, पोखरा, परसाटोला, बैना, कोंगा तथा परिवार कल्याण केंद्र में कुल 509 मरीजों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं उपचार किया गया।गुरुवार को असनहर गांव में केंद्र पर शिविर का समापन किया गया।शिविर में डॉक्टर विवेक कुमार द्वारा मरीजों की जांच कर दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में मौसमी बीमारियों से बचाव और स्वच्छता के प्रति भी जागरूक किया गया। सीएसआर प्रमुख अनिल कुमार झा ने कहा कि हिंडालको ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और आगे भी इस तरह के शिविर लगाए जाते रहेंगे। शिविर से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है।

रिहंद बांध के सातों फाटक खुले, सोन नदी का जलस्तर भी बढ़ा, निचले इलाकों में बढ़ी चिंता

समाज जागरण/
ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। लगातार हो रही बारिश और छत्तीसगढ़ व मध्य प्रदेश से पानी की बढ़ती आवक के चलते रिहंद बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। जलस्तर को नियंत्रित करने के लिए बांध के सातों फाटक खोल दिए गए हैं। बांध से पानी की निकासी बढ़ने के बाद ओबरा डैम से भी पानी छोड़ा जा रहा है। वहीं, मध्य प्रदेश स्थित बाण सागर बांध के गेट खोले जाने से सोन नदी का जलस्तर भी तेजी से बढ़ रहा है। सोन नदी में बढ़ते जलस्तर को देखते हुए चोपन क्षेत्र में प्रशासन और पुलिस अलर्ट मोड पर है। अधिकारियों की टीम के साथ चोपन पुलिस नदी के जलस्तर और आसपास के इलाकों की लगातार निगरानी कर रही है। नदी किनारे खतरे के बोर्ड भी लगाए गए हैं। अधिकारियों की ओर से आसपास के ग्रामीणों और लोगों को नदी में नहीं जाने की हिदायत दी जा रही है। ओबरा एसडीएम रवि कुमार ने नदी क्षेत्र में पहुंचकर वाटर रजिस्टर का जायजा लिया और जलस्तर की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने चक्रवर्ती इलाके समेत नदी के आसपास रहने वाले लोगों को सतर्क रहने और नदी के पानी के करीब नहीं जाने की हिदायत दी। प्रशासन की ओर से जलस्तर बढ़ने की स्थिति में निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को विशेष सावधानी बरतने के लिए कहा गया है। सोन नदी का जलस्तर बढ़ने की सूचना के बाद नदी किनारे के ग्रामीण क्षेत्रों में भी हलचल बढ़ गई है। चोपन, ओबरा और डाला नगर क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में लोग नदी का बढ़ता जलस्तर देखने के लिए पहुंच रहे हैं। लोगों में नदी के बढ़ते पानी को लेकर चिंता भी देखी जा रही है। हालांकि, फिलहाल बाढ़ जैसी स्थिति सामने नहीं आई है, लेकिन जलस्तर लगातार बढ़ने के कारण प्रशासन स्थिति पर नजर बनाए हुए है। निचले इलाकों में रास्तों पर पानी भरने और सड़क की कटान से परेशानी बढ़ गई है। कई स्थानों पर जलभराव के कारण आवागमन प्रभावित होने की आशंका बनी हुई है। प्रशासन की ओर से लोगों को अनावश्यक रूप से नदी क्षेत्र में जाने से बचने की अपील की जा रही है। इधर, प्रशासन की चेतावनी के बावजूद कुछ लोग सोन नदी में उतरकर तैरते और नहाते नजर आ रहे हैं। बढ़ते जलस्तर के बीच इस तरह नदी में जाना हादसे को न्योता दे सकता है। पुलिस और प्रशासन लगातार लोगों को नदी से दूर रहने के लिए समझा रहे हैं।

फिलहाल सोन नदी क्षेत्र में बाढ़ के हालात नहीं हैं, लेकिन लगातार बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण स्थिति संवेदनशील बनी हुई है। अधिकारियों का कहना है कि जलस्तर और पानी की आवक पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। परिस्थितियों में बदलाव होने पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे।

किसानों की सुविधा के लिए बढ़ेंगे धान क्रय केन्द्र, जिलाधिकारी ने दिए निर्देश

इस वर्ष 1.70 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित करने की कार्रवाई के निर्देश

समाज जागरण/
ब्यूरो चीफ विजय कुमार अग्रहरी

सोनभद्र। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ की अध्यक्षता में जनसुनवाई कक्ष में खरीफ विपणन वर्ष 2026-27 में मूल्य समर्थन योजना के अन्तर्गत धान खरीद की तैयारियों की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने किसानों की सुविधा एवं धान खरीद की सुचारू व्यवस्था के लिए क्रय केन्द्रों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए।

उन्होंने खाद्य विभाग के अनुमोदित 38 क्रय केन्द्रों को बढ़ाकर 50 करने तथा मण्डी समिति एवं भारतीय खाद्य निगम के 02-02 क्रय केन्द्रों के अतिरिक्त 02-02 केन्द्र बढ़ाने के निर्देश दिए। साथ ही जिला पीसीएफ को अपने 30 धान क्रय केन्द्रों का प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध कराने को कहा। जिलाधिकारी ने गतवर्ष की वास्तविक धान खरीद 1,25,8 37.34 मीट्रिक टन तथा जनपद में धान की उत्पादकता को देखते हुए इस वर्ष खरीद लक्ष्य में वृद्धि के निर्देश दिए। उन्होंने जिला खाद्य विपणन अधिकारी एवं उप निदेशक (कृषि) को आवश्यक कार्रवाई करते हुए 1,70,000 मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किए जाने हेतु कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान खरीद से संबंधित सभी तैयारियां समय से पूर्ण कर ली जाएं तथा किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की कठिनाई न होने पाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी वि0/रा0) वागीश कुमार शुक्ला, उप निदेशक (कृषि), सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता, मण्डी सचिव रॉबर्ट्सगंज, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

डीआईजी विन्ध्याचल परिक्षेत्र ने पुलिस लाइन एवं थाना रॉबर्ट्सगंज का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं का लिया जायजा

समाज जागरण/ अकबर अली

सोनभद्र। मुख्यालय पर आज पुलिस उप महानिरीक्षक, विन्ध्याचल परिक्षेत्र, मीरजापुर पूनम ने जनपद भ्रमण के क्रम में सर्वप्रथम पुलिस लाइन चुर्क का निरीक्षण किया गया। पुलिस बल द्वारा उन्हें गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया, जिसे उनके द्वारा स्वीकार किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस लाइन परिसर की विभिन्न व्यवस्थाओं, क्वार्टर गार्द, स्टोर रुम, गणना कार्यालय, जीडी कार्यालय, आदेश कक्ष, परिवहन शाखा, बैरक, भोजनालय, शस्त्रागार, आवासीय परिसर, साफ-सफाई एवं पुलिस कर्मियों के कल्याण से संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। पुलिस कर्मियों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए साफ-सफाई, अनुशासन एवं वेलफेयर संबंधी व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाए रखने हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इसके पश्चात पुलिस उप महानिरीक्षक द्वारा थाना रॉबर्ट्सगंज का निरीक्षण किया गया। थाना कार्यालय, अभिलेख, मालखाना, हवालात, सीसीटीवी कैमरे, शस्त्रागार, बैरक, भोजनालय एवं थाना परिसर की साफ-सफाई सहित अन्य व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया गया।

थाने के अभिलेखों एवं रजिस्टरों का अवलोकन करते हुए उन्हें अद्यतन एवं सुव्यवस्थित रखने तथा सभी प्रविष्टियों को समयबद्ध एवं शुद्ध रूप से अंकित करने के निर्देश दिए गए। अपराध नियंत्रण के दृष्टिगत वांछित एवं वारंटी अभियुक्तों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी, फरार अभियुक्तों के विरुद्ध प्रभावी दबिश, हिस्ट्रीशीटरों की सतत निगरानी एवं सक्रिय अपराधियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। मिशन शक्ति केन्द्र एवं साइबर हेल्प डेस्क की समीक्षा, निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति केन्द्र का निरीक्षण कर मिशन शक्ति रजिस्टर एवं महिला बीट रजिस्टर का अवलोकन किया गया। महिला बीट कर्मियों को महिला एवं बालिका संबंधी शिकायतों पर त्वरित, निष्पक्ष एवं संवेदनशील कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही साइबर हेल्प डेस्क की कार्यप्रणाली की समीक्षा करते हुए साइबर अपराध एवं ऑनलाइन फ्रॉड से संबंधित शिकायतों पर तत्काल संज्ञान लेकर पीड़ितों को शीघ्र सहायता उपलब्ध कराने तथा साइबर अपराध के प्रति आमजन को निरंतर जागरूक करने के निर्देश दिए गए। पुलिस उप महानिरीक्षक महोदया द्वारा थाना परिसर की स्वच्छता, अनुशासन, सकारात्मक कार्यप्रणाली एवं पुलिस-जन संवाद को और अधिक प्रभावी बनाने पर विशेष बल दिया गया। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारीगण एवं संबंधित अधिकारी/ कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

संगठन के आगामी कार्यक्रमों की तैयारियों एवं कार्ययोजना के संदर्भ में मंडल कार्यशाला का सफलतापूर्वक आयोजन सम्पन्न

समाज जागरण/ अकबर अली

सोनभद्र। कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा सोनभद्र जिलाध्यक्ष नन्दलाल गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिलाध्यक्ष ओमकार केशरी, मंडल प्रवासी के रूप में प्रशांत श्रीवास्तव एवं मण्डल प्रभारी सुषमा गौड़ का मार्गदर्शन एवं सान्निध्य प्राप्त हुआ। कार्यशाला में संगठन के आगामी कार्यक्रमों, बूथ स्तर तक सत्यापन और कार्यकताओं की सक्रिय सहभागिता को लेकर विस्तृत चर्चा एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त हुए। इस अवसर पर मंडल के सभी पदाधिकारी मण्डल अध्यक्ष प्रमोद शुक्ला, महामंत्री कृष्ना चौरसिया, युवा मोर्चा मण्डल अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह परमार, अल्पसंख्यक मोर्चा के मंडल अध्यक्ष अकबर अली, शक्ति केंद्र संयोजक एवं वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।

अखिलेश यादव के दिशा निर्देश पर हर बूथ पर जन सम्पर्क अभियान

ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण

सोनभद्र। आज दिनांक 3,9,26 को बूथ संख्या 14, वार्ड 1, दलित बस्ती में जन सम्पर्क अभियान चलाया गया और माता बहनों के बीच, भाजपा सरकार की नाकामियों को बताया गया, जिस तरीके से भाजपा सरकार में, मंहगाई बेरोजगारी शिक्षा महंगा, दवा महंगा, बिजली महंगा, आटा चावल दाल तेल प्याज साबुन महंगा है, सपा जिला सचिव प्रमोद यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में, आज दलित उत्पीड़न हो रहा है, पीडीए समाज को गाली दिया जा रहा है, जबकि समाजवादी सरकार में माता बहनों को समाजवादी पेंशन योजना से सम्मान मिल रहा था, भाजपा सरकार ने बंद कर दिया, प्रमोद यादव ने कहा कि झूठ बोलने वाली भाजपा सरकार को हटाने का आप सभी लोग संकल्प लीजिए, और प्रदेश में अमन चैन खुशहाली लाने का काम शुरू करिए, इस मौके पर, प्रभावती भारती अर्जुन कुमार, शीला गुप्ता, हीरावती भारती, प्रेमा, सरोज पासवान मौजूद रहीं।

जन्माष्टमी के स्वागत में सजी चोपन नगरी, रोशनी से नहाए मंदिर; सुरक्षा के रहेंगे कड़े पहरे

अग्रवाल धर्मशाला से लेकर प्राचीन काली मंदिर और कैलाश मंदिर तक भव्य झांकियां तैयार; हुड़दंगियों पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

समाज जागरण/
आदिवासी सुनील त्रिपाठी

चोपन/ सोनभद्र। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की अष्टमी तिथि को भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव की गूंज से समूचा चोपन अंचल भक्तिरस से सराबोर हो उठा है। नगर के हृदयस्थल से लेकर ग्रामीण अंचलों तक कान्हा के स्वागत की तैयारियां अपने अंतिम मुकाम पर हैं। हर ओर माखनचोर के आगमन को लेकर श्रद्धालुओं में गजब का उत्साह, आस्था और उल्लास देखते ही बन रहा है।

रंग-बिरंगी झालरों की झिलमिलाती दूधिया रोशनी, मनमोहक फूलों की महक और बाल-गोपाल के सजते हिंडोलों से समूचा इलाका ब्रजधाम सा नजर आने लगा है।

मंदिरों में भव्य साज-सज्जा और जीवंत झांकियों का आकर्षण; नगर स्थित अग्रवाल धर्मशाला और दुर्गा मंदिर में इस बार विशेष आकर्षण देखने को मिलेगा। यहां भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं, माखन चोरी, गोवर्धन पर्वत उठाने और कालिया नाग दमन जैसी अलौकिक घटनाओं पर आधारित मनमोहक सजीव झांकियां सजाई गई हैं।

प्राचीन काली मंदिरः प्राचीन आस्था का केंद्र काली मंदिर आकर्षक विद्युत सज्जा और फूलों की मालाओं से दुल्हन की तरह सजाया गया है। यहां आधी रात को जन्मोत्सव के साथ महाआरती की विशेष व्यवस्था है।

हाईहील कॉलोनी व कैलाश गौरीशंकर मंदिरः हाईहील कॉलोनी में स्थानीय निवासियों और युवाओं की टोलियां आकर्षक पंडाल व पालने तैयार करने में जुटी रहीं। वहीं, कैलाश मंदिर परिसर में भी भजन-कीर्तन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर ली गई है।

चोपन थाना परिसरः चोपन थाना परिसर में पारंपरिक उल्लास के साथ जन्माष्टमी पर्व को भव्य रूप देने के लिए रंग-रोगन और साज-सज्जा का काम पूरा कर लिया गया है।

ग्रामीण अंचलः नगर के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण इलाकों में भी मंदिर और पूजा पंडाल घंटे-घड़ियाल और शंखध्वनि के साथ गूंजने को पूरी तरह तैयार हैं। सुरक्षा का चाक-चौबंद घेरा, चप्पे-चप्पे पर मुस्तैद रहेगी खाकी; त्योहार के दौरान उमड़ने वाली भारी भीड़ और संवेदनशील माहौल को देखते हुए पुलिस प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर है। शांति एवं सौहार्द बनाए रखने के लिए थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता के नेतृत्व में सुरक्षा का पुख्ता खाका खींचा गया है।

"जन्माष्टमी पर्व पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। अत्यधिक भीड़भाड़ वाले संवेदनशील स्थानों, प्रमुख मंदिरों और प्रमुख चौराहों पर व्यापक पैमाने पर अतिरिक्त पुलिस बल, महिला आरक्षी और सादे कपड़ों में जवानों की तैनाती की गई है। किसी भी प्रकार की अराजकता, छेड़खानी या हुड़दंग बर्दाश्त नहीं की जाएगी। माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वालों पर कठोर वैधानिक कार्रवाई होगी।"यातायात और पार्किंग पर विशेष नजर; भीड़ नियंत्रण के लिए नगर के प्रमुख प्रवेश मार्गों पर बैरिकेडिंग और रूट डायवर्जन की व्यवस्था पर भी काम किया गया है, ताकि दर्शनार्थियों को जाम या असुविधा का सामना न करना पड़े।

अर्धरात्रि 12 बजे जैसे ही भगवान कान्हा का जन्म होगा, पूरा चोपन शंखनाद, घंटियों की गूंज और हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयकारों से गुंजायमान हो उठेगा।

लगातार बारिश में मकान धंसा, बाल-बाल बचा परिवार

समाज जागरण/ सन्तोष कुमार

बभनी/ सोनभद्र। स्थानीय ब्लॉक की असनहर ग्राम पंचायत में बुधवार शाम को एक मकान भारी बारिश के कारण धंस गया। पिछले पंद्रह दिनों से हो रही लगातार बारिश से मकान की नींव कमजोर हो गई थी, जिससे उसमें दरारें आ गईं और वह पूरी तरह से बैठ गया। यह घटना बभनी बीजपुर पर स्थित अंजनी पुत्र हरिहर के मकान में हुई। मकान धंसना शुरू होते ही परिवार ने आनन-फानन में उसे खाली कर दिया। इससे किसी भी तरह की धन-जन की हानि होने से बच गई। घर में रखा सामान भी बांस-बल्ली लगाकर बाहर निकाला गया। इस घटना से घर के लोग दहशत में हैं। पिछले पंद्रह दिनों से लगातार हो रही बारिश के कारण कच्चे मकानों में सीलन आ गई है। असनहर गांव और उसके आसपास के इलाकों में लगातार बारिश से जमीन धंसने और मकानों में दरारें आने की समस्या सामने आ रही है। मानसूनी बारिश के चलते मिट्टी की दीवारें और नींव कमजोर हो गई हैं, जिससे कई मकानों का एक हिस्सा धंस रहा है और दीवारों में चौड़ी दरारें आ रही हैं। इस घटना की सूचना असनहर के प्रधान और क्षेत्रीय लेखपाल को दे दी गई है। पीड़ित परिवारों ने जिला प्रशासन और आपदा राहत कोष से तत्काल आर्थिक सहायता की मांग की है। उन्होंने बारिश के इस मौसम में रहने के लिए तिरपाल (टिन शेड) और पक्के आवास (प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना) उपलब्ध कराने की भी मांग की है।

सोन नदी के बढ़ते जलस्तर को लेकर प्रशासन अलर्ट, जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने घाटों किया स्थलीय निरीक्षण

समाज जागरण/ आदिवासी सुनील त्रिपाठी

चोपन/ सोनभद्र। सोन नदी के लगातार बढ़ते जलस्तर को देखते हुए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गया है। नदी के जलस्तर में हो रही वृद्धि को लेकर जिलाधिकारी चर्चित गौड़ और पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा ने गुरुवार को चोपन पहुंचकर सोन नदी के विभिन्न घाटों का स्थलीय निरीक्षण किया और मौके पर सुरक्षा व्यवस्था एवं जलस्तर की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सबसे पहले सोन नदी में पानी का जलस्तर मापने के लिए लगाए गए माप गेज का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से नदी के वर्तमान जलस्तर तथा जलस्तर में हो रहे उतार-चढ़ाव की जानकारी ली। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि नदी के जलस्तर पर लगातार निगरानी रखी जाए तथा किसी भी प्रकार की आपात स्थिति उत्पन्न होने से पहले आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली जाएं। जिलाधिकारी ने छठ घाट एवं सोमेश्वर घाट का भी निरीक्षण किया। उन्होंने घाटों की स्थिति, नदी के किनारे सुरक्षा व्यवस्था तथा लोगों की आवाजाही का जायजा लिया। इस दौरान मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों से बातचीत करते हुए जिलाधिकारी ने नदी के बढ़ते जलस्तर को देखते हुए नदी के किनारे नहीं जाने और पानी के नजदीक पहुंचने से बचने की अपील की। उन्होंने लोगों से कहा कि प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन करें और किसी भी तरह का जोखिम न उठाएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सोन नदी के जलस्तर पर प्रशासन की लगातार नजर बनी हुई है। संबंधित विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों को सतर्क रहने के निर्देश दिए गए हैं। जलस्तर में वृद्धि की स्थिति में आसपास के क्षेत्रों में तत्काल आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी बागीश शुक्ला, सिंचाई विभाग ओबरा अधिशासी अभियंता रूपेश कुमार खरे, उपजिलाधिकारी रवि कुमार, क्षेत्राधिकारी रणधीर मिश्रा, नगर पंचायत चोपन के अधिशासी अधिकारी अखिलेश सिंह तथा थाना प्रभारी निरीक्षक गोपाल जी गुप्ता सहित राजस्व एवं अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा क्षेत्रीय लेखपाल अम्बुज पांडेय, चंदन शर्मा, लेखपाल अमित सिंह, वीडीओ अजीत यादव सहित केंद्रीय जल आयोग एवं अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी भी मौके पर उपस्थित रहे। अधिकारियों ने संयुक्त रूप से नदी के जलस्तर और घाटों की स्थिति का निरीक्षण कर आवश्यक सुरक्षा एवं बचाव उपायों को लेकर चर्चा की। प्रशासन की इस सक्रियता के बाद सोन नदी के आसपास रहने वाले लोगों को भी सतर्क रहने की सलाह दी गई है। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी को गंभीरता से लिया जा रहा है और स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। इस दौरान संजीव तिवारी, प्रदीप अग्रवाल, लवकुश भारती, सुनील सिंह आदि मौजूद रहे

दो साल की बच्ची की मौत पर निजी अस्पताल में हंगामा, परिजनों ने दी तहरीर

ब्यूरो चीफ सोनभद्र/ समाज जागरण

सोनभद्र। दो साल तीन माह की बच्ची की मौत के बाद गुरुवार को रॉबर्ट्सगंज स्थित निजी अस्पताल में परिजनों ने हंगामा किया। मृतक बच्ची सगुन, चुर्क वार्ड नंबर-1 निवासी सुरेंद्र की पुत्री थी। परिजनों ने इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए थाना रॉबर्ट्सगंज में तहरीर देकर जांच और कार्रवाई की मांग की है। परिजनों के मुताबिक, सगुन पिछले तीन दिनों से बुखार से पीड़ित थी। गुरुवार सुबह करीब 3:30 बजे उसकी तबीयत खराब होने पर उसे नेशनल बाल चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। आरोप है कि अस्पताल में एक स्वास्थ्यकर्मी द्वारा इंजेक्शन लगाए जाने के बाद बच्ची के शरीर में अकड़न आने लगी। इसके कुछ ही देर बाद बच्ची की मौत हो गई। बच्ची की मौत की जानकारी मिलते ही परिजन आक्रोशित हो गए और अस्पताल में हंगामा शुरू कर दिया। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। इसके बाद थाना रॉबर्ट्सगंज में तहरीर देकर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की गुहार लगाई गई। मामले में पुलिस से जांच कर वास्तविक कारण सामने लाने की मांग की गई है। हालांकि, इंजेक्शन लगाने और बच्ची की मौत के बीच संबंध तथा अस्पताल में लापरवाही के आरोपों की अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। पुलिस तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

दुष्कर्म व छेड़खानी के आरोपी लल्लू मुखिया सिलीगुड़ी से गिरफ्तार

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

पौआखाली थाना कांड संख्या 120/26 में दुष्कर्म एवं छेड़खानी के आरोप में वांछित प्राथमिकी अभियुक्त अहमद हुसैन उर्फ लल्लू उर्फ लल्लू मुखिया को किशनगंज पुलिस की विशेष टीम ने पश्चिम बंगाल के सिलीगुड़ी से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मानवीय एवं तकनीकी सूचना के आधार पर गुरुवार रात नॉर्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज, सिलीगुड़ी के पास स्थित एक होटल में छापेमारी कर आरोपी को गिरफ्तार किया। कार्रवाई में पश्चिम बंगाल पुलिस का भी सहयोग लिया गया।

पुलिस के अनुसार, 29 जुलाई 2026 को पौआखाली थाना क्षेत्र की एक महिला ने लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि 28 जुलाई की रात पंचायती कराने के बहाने पौआखाली नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि अहमद हुसैन उर्फ लल्लू उन्हें, उनके पति और बेटी को किशनगंज के एक होटल में ले गया। आरोप है कि होटल के कमरे में नशीला पदार्थ खिलाकर महिला के साथ दुष्कर्म किया गया तथा उनकी बेटी के साथ छेड़खानी की गई।

शिकायत के आधार पर पौआखाली थाना में कांड संख्या 120/26 दर्ज किया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-द्वितीय मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई। टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एफएसएल टीम से घटनास्थल का निरीक्षण कराया तथा पीड़िता का चिकित्सीय परीक्षण महिला पुलिस अधिकारी की देखरेख में कराया। साथ ही वैज्ञानिक साक्ष्य भी एकत्र किए गए।

पुलिस के मुताबिक, अनुसंधान के दौरान प्राप्त साक्ष्यों के आधार पर मामले में भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में संशोधन करते हुए धारा 74, 75 एवं 76 भी जोड़ी गई तथा पॉक्सो एक्ट की धाराएं भी लगाई गईं। इसके बाद से ही प्राथमिकी अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए जिला आसूचना इकाई लगातार मानवीय एवं तकनीकी सूचना जुटा रही थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी भी की जा रही थी।

इसी क्रम में 3 सितंबर की रात एसडीपीओ-द्वितीय मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम ने सिलीगुड़ी के नॉर्थ बंगाल मेडिकल कॉलेज के पास स्थित होटल में छापेमारी कर अहमद हुसैन उर्फ लल्लू उर्फ लल्लू मुखिया को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस ने बताया कि मामले में अन्य बिंदुओं पर भी वैज्ञानिक साक्ष्य संकलन की कार्रवाई जारी है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ पौआखाली एवं सुखानी थाना में वर्ष 2009 से अब तक कुल नौ कांड दर्ज हैं। इनमें धोखाधड़ी, मारपीट, चोरी, सरकारी कार्य में बाधा, आर्म्स एक्ट सहित विभिन्न धाराओं के मामले शामिल हैं। वर्ष 2026 में भी उसके खिलाफ पौआखाली थाना में कई मामले दर्ज किए गए हैं।

गिरफ्तार अभियुक्त अहमद हुसैन उर्फ लल्लू उर्फ लल्लू मुखिया (45), पिता स्व. हसन अब्बास, निवासी पौआखाली, थाना पौआखाली, जिला किशनगंज को पुलिस द्वारा न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।

गिरफ्तारी अभियान में एसडीपीओ-द्वितीय मनोज कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला आसूचना इकाई एवं पौआखाली थाना के पुलिस पदाधिकारी और जवान शामिल थे। टीम में जिला आसूचना इकाई के प्रभारी पुलिस निरीक्षक मो. मुश्ताक, पौआखाली थानाध्यक्ष शंख राज कर्ण, पुलिस अवर निरीक्षक अरुण कुमार, मेघा कुमारी, सोना कुमार, पीटीसी मुकेश कश्यप सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे।

पूर्णिया में एक लाख चार हजार रुपये रिश्वत लेते BSEIDCL के कार्यपालक अभियंता गिरफ्तार

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

पटना। भ्रष्टाचार के खिलाफ निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की कार्रवाई में बड़ी सफलता मिली है। ब्यूरो की मुख्यालय टीम ने बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना विकास निगम लिमिटेड (BSEIDCL), पूर्णिया के कार्यपालक अभियंता द्विजेन्द्र कुमार मिश्र को एक लाख चार हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी की गिरफ्तारी गुरुवार को पटना के बेली रोड स्थित नेहरू पथ पर पटना जू के समीप गोल्फ क्लब के गेट के बगल से की गई।

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के अनुसार, पटना के कंकड़बाग निवासी राम सागर शर्मा ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उन्होंने BSEIDCL के तहत कटिहार जिले के सरकारी विद्यालय में निर्माण कार्य कराया था। इस कार्य के प्रथम भुगतान के रूप में उनके खाते में 1,54,19,329 रुपये की राशि प्राप्त हुई थी। आरोप है कि उक्त भुगतान के एवज में कार्यपालक अभियंता द्वारा दो प्रतिशत कमीशन के रूप में तीन लाख रुपये रिश्वत की मांग की जा रही थी।

शिकायत का निगरानी ब्यूरो द्वारा सत्यापन कराया गया। सत्यापन के दौरान आरोपी द्वारा एक लाख चार हजार रुपये रिश्वत की मांग किए जाने की पुष्टि हुई। इसके बाद निगरानी थाना कांड संख्या 104/26, दिनांक 2 सितंबर 2026 को प्राथमिकी दर्ज की गई। अनुसंधानकर्ता पुलिस निरीक्षक अणु प्रिया के अनुरोध पर पुलिस उपाधीक्षक विकास कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में धावादल का गठन किया गया। धावादल ने कार्रवाई करते हुए कार्यपालक अभियंता द्विजेन्द्र कुमार मिश्र को एक लाख चार हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

आवास की तलाशी में 8.36 लाख रुपये नकद बरामद

गिरफ्तारी के बाद आरोपी के रूपसपुर, पटना स्थित आवास की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 8.36 लाख रुपये अतिरिक्त नकद, रूपसपुर स्थित एक फ्लैट के अलावा करीब एक करोड़ रुपये के पारिवारिक निवेश से संबंधित दस्तावेज, हुंडई आई-20 कार, दो बैंक लॉकर के कागजात तथा सोने-चांदी के आभूषण बरामद किए गए हैं। आभूषणों का अधिकृत मूल्यांकन कराया जा रहा है। मामले में आगे की तलाशी एवं अनुसंधान जारी है। निगरानी ब्यूरो के अनुसार, द्विजेन्द्र कुमार मिश्र वर्ष 2021 में जल संसाधन विभाग से कार्यपालक अभियंता के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वर्ष 2023 से वे आउटसोर्सिंग एजेंसी के माध्यम से इरएक्ऊछ, पूर्णिया में कार्यपालक अभियंता के पद पर सेवा दे रहे थे।पूछताछ के बाद आरोपी को विशेष न्यायालय, निगरानी, पटना में पेश किया जाएगा।

ई-केवाईसी नहीं कराने पर रुक सकती है पीएम किसान की अगली किस्त

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के लाभुक किसानों के लिए ई-केवाईसी कराना अनिवार्य कर दिया गया है। जिन किसानों का ई-केवाईसी पूरा नहीं होगा, उन्हें प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त के लाभ से वंचित होना पड़ सकता है।

किशनगंज जिले में वर्तमान में 1,08,556 किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना का लाभ प्राप्त कर रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2026-27 में योजना के सभी पात्र लाभुकों का ई-केवाईसी अनिवार्य किया गया है। ई-केवाईसी पूर्ण कराने के लिए कृषि विभाग की ओर से पंचायत एवं ग्राम स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

ई-केवाईसी कराने की जिम्मेदारी संबंधित पंचायत के कृषि समन्वयक एवं किसान सलाहकारों को दी गई है। किसान अपने पंचायत के कृषि समन्वयक या किसान सलाहकार से संपर्क कर ई-केवाईसी करा सकते हैं।

इसके अलावा किसान PM-KISAN GOI अस्त्रस्त्र के माध्यम से घर बैठे अपने मोबाइल से फेसियल ई-केवाईसी कर सकते हैं। वहीं, नजदीकी CSC/वसुधा केंद्र पर जाकर बायोमेट्रिक के माध्यम से भी ई-केवाईसी कराया जा सकता है। कृषि विभाग ने जिन किसानों का ई-केवाईसी अभी लंबित है, उनसे अपील की है कि वे जल्द से जल्द ई-केवाईसी पूरा करा लें, ताकि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की आगामी किस्त का लाभ प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो।

सोलर रथ के जरिए जिले में पीएम सूर्य घर योजना का होगा व्यापक प्रचार-प्रसार

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

3 सितंबर। जिले में सौर ऊर्जा के प्रति आम लोगों को जागरूक करने और स्वच्छ एवं हरित ऊर्जा के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार को जिलाधिकारी नवीन कुमार ने समाहरणालय परिसर से सोलर जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

सोलर जागरूकता रथ के माध्यम से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत घरों की छत पर सोलर पैनल लगवाने से संबंधित जानकारी शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को दी जाएगी। इस दौरान केंद्र एवं बिहार सरकार की ओर से मिलने वाली सब्सिडी, आवेदन प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज, सोलर पैनल की स्थापना, बिजली बिल में संभावित बचत तथा योजना के अन्य लाभों की जानकारी विशेषज्ञों द्वारा दी जाएगी।

योजना के तहत 1 किलोवाट सोलर पर 30 हजार रुपये और 10 हजार रुपये, 2 किलोवाट पर 60 हजार रुपये और 20 हजार रुपये तथा 3 किलोवाट पर 78 हजार रुपये और 20 हजार रुपये तक की सब्सिडी का प्रावधान बताया गया है। बिहार में पात्र घरेलू उपभोक्ताओं को राज्य सरकार की ओर से अधिकतम 20 हजार रुपये तक अतिरिक्त सहायता दिए जाने की जानकारी भी दी जा रही है। अंतिम राशि लाभुक की पात्रता, स्वीकृति एवं लागू सरकारी दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित होगी।

जिले में अधिकृत सोलर विक्रेताओं एवं विभिन्न बैंकों के शाखा प्रबंधकों द्वारा पात्र लाभुकों को आसान किस्तों पर ऋण सुविधा तथा आवेदन प्रक्रिया की जानकारी भी उपलब्ध कराई जा रही है।

जिलाधिकारी ने जिले के सभी जनप्रतिनिधियों, मुखिया, वार्ड सदस्यों एवं आम नागरिकों से अपील की कि वे प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने क्षेत्र के लोगों को भी योजना के प्रति जागरूक करते हुए अधिकाधिक परिवारों को इससे आच्छादित कराने में सहयोग करें।

इस अवसर पर अपर समाहर्ता आपदा प्रबंधन, अनुमंडल पदाधिकारी किशनगंज, विद्युत अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता विद्युत, जिला खेल पदाधिकारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

न्यू अलीपुरद्वार स्टेशन पर मानव तस्करी का भंडाफोड़: 5 युवतियां मुक्त, 4 तस्कर गिरफ्तार

समाज जागरण संवाददाता

खोरीबारी (सिलीगुड़ी) । न्यू अलीपुरद्वार रेलवे स्टेशन पर बुधवार को जीआरपी, आरपीएफ और सशस्त्र सीमा बल (SSB) की तत्परता से एक बड़ा मानव तस्करी का मामला उजागर हुआ है। खुफिया सूचना के आधार पर की गई संयुक्त कार्रवाई में 5 युवतियों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया गया, जबकि मामले में शामिल 4 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया गया है।

नौकरी का झांसा देकर बेंगलुरु ले जाने की थी तैयारी

जानकारी के अनुसार, 02 सितंबर की शाम 34वीं वाहिनी एसएसबी की इंटेलिजेंस विंग को न्यू अलीपुरद्वार रेलवे स्टेशन पर मानव तस्करों के मौजूद होने की सूचना मिली थी। आरोपी संकोश टी गार्डन (कुमारग्राम) की रहने वाली 5 युवतियों को बस से स्टेशन लाए थे और उन्हें 'डाउन SMVT बेंगलुरु एक्सप्रेस' (ट्रेन सं. 12552) से बेंगलुरु ले जाने की फिराक में थे। सूचना मिलते ही आरपीएफ और जीआरपी की संयुक्त टीम ने स्टेशन परिसर और प्लेटफॉर्मों पर गहन तलाशी अभियान चलाया। प्लेटफॉर्म नंबर 2 पर संदिग्ध अवस्था में घूम रहे 3 पुरुषों और लड़कियों को रोककर पूछताछ की गई।

पूछताछ में खुला राज, नहीं दिखा सके दस्तावेज

महिला कांस्टेबल की मौजूदगी में जब बचाई गई युवतियों–अंसिका उरांव (21), रितु उरांव (21), सोनिया जालक्सो (21), प्रीति एक्का (23) और रजंती उरांव (20)–से अलग-अलग पूछताछ की गई, तो उन्होंने बताया कि उन्हें बेंगलुरु में नौकरी दिलाने का वादा करके लाया गया था। हालांकि, आरोपी किसी भी तरह का नियुक्ति पत्र, यात्रा दस्तावेज या नौकरी से संबंधित विवरण पेश करने में पूरी तरह असमर्थ रहे।

मामला दर्ज, जांच जारी

मामले में गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अल्बिना खरिया, सुमन रावा, अभियान मुंडा और अंकित मंच के रूप में हुई है। लिखित शिकायत के आधार पर अलीपुरद्वार जंक्शन जीआरपीएस में केस नंबर 47/26 (दिनांक 02.09.2026), धारा 143(3)/61(2) BNS के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। मामले की आगे की जांच सब-इंस्पेक्टर (SI) सुजन लामा को सौंपी गई है।

स्वास्थ्य व बिजली संबंधी शिकायतों के लिए 24×7 WhatsApp सुविधा शुरू

वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।

आमजनों की समस्याओं एवं शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निष्पादन के लिए जिला प्रशासन ने स्वास्थ्य एवं विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों के लिए 24×7 WhatsApp सुविधा शुरू की है। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के निर्देश पर जिला नियंत्रण कक्ष (आपदा प्रबंधन), किशनगंज में यह व्यवस्था लागू की गई है। स्वास्थ्य विभाग से संबंधित शिकायतों के लिए 9973666016 तथा विद्युत विभाग से संबंधित शिकायतों के लिए 9939973003 WhatsApp नंबर जारी किया गया है। आमजन इन नंबरों पर अपनी समस्या या शिकायत भेज सकते हैं।

प्राप्त शिकायतों में शिकायतकर्ता का नाम, संपर्क नंबर, शिकायत प्राप्त होने का समय, संबंधित विभाग को सूचना देने का समय और शिकायत के निष्पादन की स्थिति दर्ज की जाएगी। प्रतिनियुक्त कर्मियों को शिकायतों को अनावश्यक रूप से लंबित नहीं रखने तथा संबंधित विभाग के नोडल पदाधिकारी से समन्वय स्थापित कर जल्द समाधान कराने का निर्देश दिया गया है।

जिला प्रशासन ने आमजनों से अपील की है कि स्वास्थ्य एवं विद्युत विभाग से जुड़ी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्धारित WhatsApp नंबर का उपयोग करें।

आर.टी. कॉन्वेंट स्कूल में कृष्णमय हुआ वातावरण, धूमधाम से मना जन्माष्टमी उत्सव

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार)नबीनगर के आर.टी. कॉन्वेंट स्कूल में गुरुवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।विद्यालय परिसर में सुबह से ही कृष्णमय माहौल देखने को मिला। प्ले ग्रुप से कक्षा द्वितीय तक के नौनिहाल राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में सजे। सिर पर मोरपंख और हाथ में बांसुरी लिए नन्हे कान्हा और राधा बने बच्चों ने सबका मन मोह लिया।कक्षा तृतीय से पंचम तक के विद्यार्थियों ने बांसुरी और राधा-कृष्ण के आकर्षक चित्र बनाकर अपनी कलात्मक प्रतिभा दिखाई। वहीं कक्षा षष्ठ से अष्टम तक के विद्यार्थियों के लिए मटकी फोड़ कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया।विद्यालय के प्रधानाचार्य ने सभी विद्यार्थियों और अभिभावकों को जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को अपनी समृद्ध संस्कृति और संस्कारों से जोड़ते हैं और उनमें आत्मविश्वास व सहयोग की भावना विकसित करते हैं।

नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म मामला: तीसरे आरोपी ने कोर्ट में किया आत्मसमर्पण

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

औरंगाबाद जिले के कुटुंबा थाना क्षेत्र में नाबालिग छात्रा से सामूहिक दुष्कर्म के मामले में पुलिस के दबिश से घबराकर तीसरे आरोपी ने न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया है।आत्मसमर्पण करने वाले आरोपी की पहचान राजू कुमार उर्फ झुन्नू के रूप में हुई है, जिसने गुरुवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण किया। इससे पहले इस घटना में प्रयुक्त कार को पुलिस द्वारा एक दिन पूर्व अंबा चौक से बरामद कर लिया गया था। गौरतलब है कि दो दिन पूर्व घर से कुटुंबा अस्पताल जा रही नाबालिग छात्रा को कार में अपहरण कर तीन व्यक्तियों द्वारा सामूहिक बालात्कार किया गया था जिसमें पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों प्रिंस कुमार और रौशन कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया था। जबकि तीसरा आरोपी राजू कुमार उर्फ झूनू फरार हो गया था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही थी। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि तीसरा आरोपी राजू कुमार उर्फ झुन्नू ने आज न्यायालय मे आत्मसमर्पण कर दिया है।

पौथू पुलिस की कार्रवाई, नामजद आरोपी गिरफ्तार

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

औरंगाबाद जिले के पौथू थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार किया है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान अनिल शर्मा उर्फ अनिल कुमार, पिता स्व. रामजन्म शर्मा, ग्राम बेलहरिया, थाना पौथू, जिला औरंगाबाद के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि आरोपी को पौथू थाना कांड संख्या 83/26, के मामले में ग्राम बेलहरिया से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

वारंटी अभियुक्तों पर बड़ेम थाना पुलिस की कार्रवाई, दो गिरफ्तार

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार)नबीनगर प्रखंड के बड़ेम थाना पुलिस ने न्यायालय के वारंट पर दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान मनोज सिंह, ग्राम- कंकेर और योगेंद्र राम, ग्राम- बसंतपुर के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष अमरजीत चौधरी ने बताया कि दोनों को उनके घर से गिरफ्तार किया है। दोनों के खिलाफ कोर्ट से वारंट जारी था। दोनों को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया है

घर में सफाई के दौरान सर्पदंश से बुजुर्ग महिला की मौत

समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)

नबीनगर (बिहार) नवीनगर प्रखंड के माली थाना क्षेत्र के जय हिंद तेंदुआ पंचायत के चनौती गांव में सर्पदंश से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई।मृतका की पहचान स्व. बलकेश्वर सिंह की 65 वर्षीय पत्नी पार्वती देवी के रूप में

हुई है।जानकारी के अनुसार बुधवार दोपहर वह घर की सफाई कर रही थीं, इसी दौरान घर के एक कोने में छिपे विषैले सांप ने उन्हें डंस लिया। तबीयत बिगड़ने पर परिजन पहले झाड़-फूंक के लिए ले गए, जिससे इलाज में देरी हुई।बाद में उन्हें नवीनगर रेफरल अस्पताल लाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।ग्रामीणों ने बताया कि झाड़-फूंक में समय गंवाने से महिला की जान चली गई।

पटना में 'डिजिटल अरेस्ट' और साइबर ठगी का भंडाफोड़

3 शातिर गिरफ्तार, करोड़ों की ठगी का खुलासा

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ राजधानी पटना में साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट के नाम पर करोड़ों रुपये ठगने वाले एक बड़े संगठित गिरोह का पदार्फाश किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गिरोह के तीन शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया है। ये आरोपी देश के विभिन्न राज्यों में सक्रिय रहकर बड़े पैमाने पर वित्तीय ठगी को अंजाम दे रहे थे। राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल पर इन अपराधियों के खिलाफ पहले से ही कई गंभीर शिकायतें दर्ज पाई गई हैं। पुलिस द्वारा पकड़े गए तीनों शातिर अपराधियों की पहचान गौरव कुमारनिवासीः न्यू कॉलोनी, खगौल, दानापुर, आदर्श कुमार निवासी ट्रांसपोर्टनगर व अमन राज निवासी कुम्हरार के रूप में हुई है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ पटना साइबर थाने में मामला दर्ज कर लिया है और उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। साइबर ठगी के इस खेल में इस्तेमाल होने वाले कई आपत्तिजनक साक्ष्य पुलिस के हाथ लगे हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध गतिविधियों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जब्त की है, जिसमें मुख्य रूप से एक राजनीतिक पार्टी के झंडे लगी संदिग्ध कार, 6 आधुनिक मोबाइल फोन, 2 लैपटॉप, 3 बैंक चेकबुक 2 बैंक पासबुक व 5 विभिन्न बैंकों के एटीएम कार्ड शामिल है। साइबर थाना पुलिस को तकनीकी अनुसंधान और डिजिटल सर्विलांस के जरिए इस गिरोह की गतिविधियों का सुराग मिला। जांच में यह स्पष्ट हुआ कि यह एक हाई-टेक और संगठित गिरोह है, जो भोले-भाले नागरिकों को डिजिटल अरेस्ट करने का डर दिखाकर या तरह-तरह के झांसे देकर करोड़ों रुपये ऐंठता था। पुलिस अब इस बात की गहन जांच कर रही है कि इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं और इनके तार देश के किन अन्य राज्यों तक जुड़े हुए हैं।

पटना के दानापुर में गंगा का तांडव खतरे के निशान से साढ़े तीन फीट ऊपर बहा पानी, शहरी और सैन्य क्षेत्रों में घुसा सैलाब

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:; वेद प्रकाश

पटना/ जिले के दानापुर में गंगा नदी ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। गंगा का जलस्तर खतरे के निशान से करीब साढ़े तीन से चार फीट ऊपर बह रहा है, जिससे स्थिति गंभीर बनी हुई है। बाढ़ के विकराल रूप के कारण दियारा क्षेत्र की सात पंचायतें पहले ही पूरी तरह जलमग्न हो चुकी हैं, जिससे करीब तीन लाख की आबादी प्रभावित है। गंगा के बढ़ते जलस्तर के कारण अब शहरी और सैन्य क्षेत्रों में भी पानी का रिसाव शुरू हो गया है। सेना क्षेत्र के पोस्ट ऑफिस मैदान, बीआरसी मैदान, सिग्नल कोर, वैशाली एन्क्लेव और कोणार्क एन्क्लेव में नालों के जरिए पानी प्रवेश कर गया है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए जल संसाधन विभाग और प्रशासन ने युद्ध स्तर पर कार्रवाई करते हुए बालू के बोरों से नालों और सभी स्लुइस गेटों को बंद करने का काम शुरू कर दिया है। इसके अलावा, शहरी क्षेत्र के पेठिया बाजार स्थित शिव मंदिर और कागजी मोहल्ला के पास भी पानी के रिसाव को रोकने के प्रयास किए जा रहे हैं। दियारा इलाके के गंगहरा, हेतनपुर, कासिमचक, पुरानी पानापुर, पतलापुर, मानस और अकिलपुर पंचायतों की स्थिति सबसे खराब है। यहां सड़कों और खेतों में तीन से चार फीट तक पानी बह रहा है, जबकि लोगों के घरों में डेढ़ से दो फीट तक बाढ़ का पानी घुस गया है। मजबूरन बाढ़ पीड़ित अपने घरों को छोड़कर ऊंचे स्थानों और राहत शिविरों की ओर पलायन कर रहे हैं। कासिमचक पंचायत के कई पीड़ित परिवार नावों के जरिए सामान लेकर बलदेव स्कूल स्थित बाढ़ राहत शिविर सह सामुदायिक किचन में शरण ले चुके हैं। सुरक्षा कारणों से दियारा के छह पंचायतों की बिजली आपूर्ति बुधवार सुबह से ही बंद कर दी गई है, जिससे पूरा क्षेत्र अंधेरे में डूबा है और पेयजल संकट गहरा गया है। बाढ़ के पानी से किसानों की सैकड़ों एकड़ में लगी मकई और हरी सब्जियों की फसलें भी नष्ट हो गई हैं। एसडीओ वीरूपाक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि प्रशासन पूरी तरह सजग है और जलस्तर पर लगातार नजर रखी जा रही है। प्रभावित इलाकों में सरकारी स्तर पर 12 नावों का परिचालन किया जा रहा है, साथ ही मेडिकल टीम के लिए भी एक नाव तैनात करने का निर्देश दिया गया है। जरूरत पड़ने पर एसडीआरएफ की टीम को भी बुलाया जाएगा। सीओ प्रदीप कुमार गुप्ता को डूबे हुए घरों और झोपड़ियों का आकलन करने का निर्देश दिया गया है।

वहीं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों–पूर्व जिला पार्षद ओमप्रकाश यादव, भाजपा नेता रंजीत कुमार यादव, राजद महासचिव केडी यादव, मुखिया प्रतिनिधि वकील राय व सतीश कुमार और जदयू नेता संजय सिंह ने मुख्यमंत्री, आपदा प्रबंधन मंत्री, डीएम और एसडीओ से दियारा क्षेत्र में युद्ध स्तर पर राहत और बचाव कार्य चलाने की मांग की है।

ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में दमखम दिखाएंगे जमशेदपुर के 30 खिलाड़ी

सनशाइन मार्शल आर्ट अकादमी का दल 5-6 सितंबर को कोलकाता में लेगा हिस्सा, विधायक सरयू राय ने दिया 'विजयी भव' का आशीर्वाद

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

जमशेदपुर। सनशाइन मार्शल आर्ट अकादमी के तत्वावधान में जमशेदपुर के 30 होनहार कराटे खिलाड़ी द्वितीय ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए कोलकाता रवाना होंगे। प्रतियोगिता का आयोजन 5 और 6 सितंबर को कोलकाता में किया जाएगा। जमशेदपुर से प्रतियोगिता में भाग लेने वाले दल में 12 लड़कियां और 18 लड़के शामिल हैं। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर अधिक से अधिक पदक जीतने की तैयारी की है।

प्रतियोगिता को लेकर खिलाड़ियों में खासा उत्साह है। अकादमी के प्रशिक्षक गणेश सिंह, अमित सोनकर और महिला प्रशिक्षक लीना सिंह ने बताया कि सभी खिलाड़ी प्रतियोगिता के लिए पूरी तरह तैयार हैं। पिछले दिनों से खिलाड़ियों को नियमित रूप से अभ्यास कराया जा रहा है और प्रतियोगिता के दौरान बेहतर प्रदर्शन के लिए उन्हें तकनीकी एवं मानसिक रूप से भी तैयार किया गया है। प्रशिक्षकों ने कहा कि खिलाड़ियों का लक्ष्य व्यक्तिगत स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ-साथ

जमशेदपुर का नाम रोशन करना है। उन्होंने कहा कि ऑल इंडिया स्तर की प्रतियोगिता में देश के विभिन्न हिस्सों से प्रतिभागी पहुंचेंगे। ऐसे में खिलाड़ियों को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। इसके बावजूद अकादमी के खिलाड़ियों में आत्मविश्वास है। दल का प्रयास रहेगा कि सभी खिलाड़ी अपनी-अपनी श्रेणी में शानदार प्रदर्शन करते हुए अधिक से अधिक पदक हासिल करें और प्रतियोगिता के बाद सफलता के साथ जमशेदपुर लौटें।

प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए कोलकाता रवाना होने से पहले गुरुवार को सनशाइन मार्शल आर्ट अकादमी के खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों ने जमशेदपुर पश्चिम के विधायक सरयू राय से मुलाकात की। इस दौरान खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता की तैयारियों और अपने लक्ष्य की जानकारी विधायक को दी। खिलाड़ियों से बातचीत करते हुए सरयू राय ने उनका उत्साह बढ़ाया और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।

विधायक सरयू राय ने बच्चों को ह्यविजयी भवह्न का आशीर्वाद देते हुए कहा कि खेल के क्षेत्र में मेहनत, अनुशासन और आत्मविश्वास सफलता की कुंजी है। उन्होंने खिलाड़ियों से पूरी लगन के साथ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने और अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने का आह्वान किया। विधायक से प्रोत्साहन और आशीर्वाद मिलने के बाद खिलाड़ियों में भी उत्साह और बढ़ गया।

सनशाइन मार्शल आर्ट अकादमी के प्रशिक्षकों ने उम्मीद जताई कि जमशेदपुर का यह 30 सदस्यीय दल प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए शहर का नाम रोशन करेगा।

एसआईआर दावा-आपत्ति को लेकर जिला कांग्रेस का प्रशिक्षण शिविर, पात्र मतदाताओं का नाम सूची से छूटने नहीं देने का संकल्प

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

जमशेदपुर झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में एसआईआर (विशेष गहन पुनरीक्षण) के तहत दावा एवं आपत्ति प्रक्रिया को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन गुरुवार को कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय में किया गया। जिला कांग्रेस अध्यक्ष परविंदर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित शिविर में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं को एसआईआर प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई।

प्रशिक्षण शिविर में मतदाता सूची में नाम जोड़ने, नाम अथवा अन्य विवरण में सुधार करने तथा मतदाताओं से संबंधित आपत्तियों के निराकरण की प्रक्रिया के बारे में कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक कौशल प्रधान ने एसआईआर से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर जानकारी देते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

कौशल प्रधान ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान यदि किसी पात्र मतदाता का नाम किसी कारण से मतदाता सूची में छूट गया है, तो वह संबंधित बीएलओ से संपर्क कर दावा पत्र जमा कर सकता है। वहीं, जिन मतदाताओं को किसी कारणवश आपत्ति या नोटिस प्राप्त हुआ है, उन्हें घबराने की जरूरत नहीं है। ऐसे मतदाता आवश्यक प्रमाण-पत्र सक्षम पदाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर अपना पक्ष रख सकते हैं।

उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम, पता, उम्र, पिता या पति के नाम सहित किसी अन्य विवरण में त्रुटि अथवा परिवर्तन होने पर निर्धारित फॉर्म-8 भरकर संबंधित बीएलओ के पास जमा किया जा सकता है। इसके माध्यम से मतदाता सूची में आवश्यक संशोधन कराया जा सकता है।

प्रशिक्षण के दौरान निर्वाचन आयोग की ओर से उपलब्ध कराई गई

विभिन्न सूचियों पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया। Absen (अनुपस्थित), Shifted (स्थानांतरित) और Death Cases (मृतक) सहित अन्य चिन्हित मतदाताओं के संबंध में बूथ स्तर पर वास्तविक स्थिति की जानकारी प्राप्त कर उसका सत्यापन करने में कांग्रेस कार्यकताओं को सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया गया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष परविंदर सिंह ने कहा कि एसआईआर प्रक्रिया के दौरान किसी भी पात्र मतदाता का नाम मतदाता सूची से छूटने नहीं दिया जाएगा। कांग्रेस के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बूथ स्तर तक पहुंचकर लोगों को जागरूक करेंगे तथा दावा, आपत्ति और नाम सुधार से संबंधित समस्याओं के समाधान में हरसंभव सहयोग करेंगे।

उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना आवश्यक है। कांग्रेस कार्यकर्ता पूरी जिम्मेदारी के साथ मतदाताओं के बीच पहुंचेंगे और उन्हें एसआईआर प्रक्रिया की जानकारी देने के साथ उनके मताधिकार की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाएंगे।

शिविर का संचालन एवं प्रबंधन संजय सिंह आजाद, उपाध्यक्ष (संगठन) ने किया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव सह 49 विधानसभा प्रभारी ब्रजेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष राजकिशोर यादव, कार्यकारी अध्यक्ष अवधेश सिंह, 44 बहरागोड़ा विधानसभा प्रभारी अरुण कुमार सिंह, 48 विधानसभा प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह, प्रखंड प्रभारी राजेश चौधरी, सुनील प्रसाद, प्रखंड अध्यक्ष आशीष ठाकुर, राजेश कुमार, जिला प्रशिक्षक अतुल गुप्ता, उपाध्यक्ष अंसार खान, महामंत्री अमित श्रीवास्तव, सचिव फिरोज खान, सुमित सोनकर, सेवादल के मुन्ना सिंह तथा कोषाध्यक्ष गुरदीप सिंह सोहल समेत अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे। वक्ताओं ने एसआईआर प्रक्रिया को लेकर अपने विचार एवं अनुभव साझा किए और बूथ स्तर पर मतदाताओं की सहायता के लिए सक्रिय अभियान चलाने का संकल्प लिया।

टाटा स्टील का वार्षिक बोनस समझौता: 25,603 कर्मचारियों में बंटेंगे 315 करोड़ रुपये, जमशेदपुर के 11,021 कर्मचारियों को मिलेगा 163.85 करोड़

समाज जागरण चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)

जमशेदपुर। टाटा स्टील प्रबंधन और टाटा वर्कर्स यूनियन के बीच वित्तीय वर्ष 2025-26 के वार्षिक बोनस को लेकर गुरुवार को समझौता संपन्न हो गया। समझौते के तहत टाटा स्टील के भारत स्थित विभिन्न परिचालनों में कार्यरत कुल 25,603 पात्र कर्मचारियों के बीच 315 करोड़ रुपये की बोनस राशि वितरित की जाएगी। बोनस समझौता होने के बाद कंपनी के कर्मचारियों में खुशी और उत्साह का माहौल है।

समझौते के अनुसार वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए पूर्व से लागू वार्षिक बोनस योजना को ही जारी रखा गया है। बोनस राशि का निर्धारण कंपनी के प्रदर्शन से जुड़े विभिन्न मानकों के आधार पर किया गया। इनमें भारत में टाटा स्टील के

परिचालनों का समायोजित शुद्ध लाभ, बिक्री योग्य स्टील की प्रति टन लाभप्रदता, उत्पादकता और सुरक्षा प्रदर्शन को प्रमुख आधार बनाया गया है। बोनस की गणना में टाटा स्टील मेरामंडली के लाभ को शामिल नहीं किया गया है।

11,035.24 करोड़ रुपये रहा समायोजित शुद्ध लाभ

वित्तीय वर्ष 2025-26 में असाधारण मदों को समायोजित करने के बाद टाटा स्टील का शुद्ध लाभ 11,035.24 करोड़ रुपये रहा। इस अवधि में बिक्री योग्य स्टील का उत्पादन 1.611 करोड़ टन दर्ज किया गया। इसके आधार पर बिक्री योग्य स्टील पर प्रति टन लाभ 6,852 रुपये रहा।

कंपनी का कुल क्रूड स्टील उत्पादन 1.726 करोड़ टन रहा, जबकि उत्पादकता 674.2 टन प्रति कर्मचारी प्रति वर्ष दर्ज की गई। सुरक्षा प्रदर्शन के लिहाज से Lost Time Injury Frequency Rate (LTIFR) 0.39 रहा। इन सभी प्रदर्शन मानकों के आधार पर बोनस की कुल राशि 314.53 करोड़ रुपये निर्धारित की गई। बाद में इसे राउंड ऑफ कर 315 करोड़ रुपये कर दिया गया।

जमशेदपुर के 11,021 कर्मचारियों में बंटेंगे 163.85 करोड़

बोनस समझौते का सबसे बड़ा लाभ जमशेदपुर प्लांट और ट्यूब्स डिवीजन के कर्मचारियों को मिलेगा। दोनों इकाइयों के करीब 11,021 पात्र कर्मचारियों के बीच 163.85 करोड़ रुपये की बोनस राशि वितरित की जाएगी। इस आधार पर जमशेदपुर और ट्यूब्स डिवीजन के कर्मचारियों का औसत बोनस करीब 1,48,675 रुपये होगा।

समझौते के तहत वास्तविक उपस्थिति के आधार पर OS सीरीज में अधिकतम बोनस 4,52,512 रुपये तक निर्धारित किया गया है। वहीं NS सीरीज में अधिकतम बोनस 1,28,448 रुपये तक मिलेगा। पूर्ण उपस्थिति वाले NS सीरीज के कर्मचारियों के लिए न्यूनतम बोनस 39,016 रुपये निर्धारित किया गया है।

वार्षिक बोनस समझौता होने के बाद टाटा स्टील के कर्मचारियों के बीच उत्साह का माहौल है। कंपनी के प्रदर्शन से जुड़े निर्धारित मानकों के आधार पर बोनस राशि तय किए जाने से बड़ी संख्या में कर्मचारियों को सीधे आर्थिक लाभ मिलेगा। प्रबंधन और यूनियन के बीच संपन्न यह समझौता कर्मचारियों के हित में महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

पटना के पालीगंज में हत्या के प्रयास के मामले में दो अभियुक्त गिरफ्तार

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के पालीगंज थाना क्षेत्र में पुलिस ने कानून व्यवस्था को मजबूत करते हुए अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने हत्या के प्रयास (जानलेवा हमला) के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो नामजद अभियुक्तों को महाबलीपुर इलाके से गिरफ्तार किया है। इसके अलावा, पुलिस ने एक अन्य मामले में फरार चल रहे एक वारंटी को भी धर दबोचा है।पालीगंज थाना पुलिस के अनुसार, हाल ही में दर्ज किए गए हत्या के प्रयास के मामले (पालीगंज थाना कांड संख्या 464/26) में पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। इसी क्रम में गुप्त सूचना और तकनीकी अनुसंधान के आधार पर महाबलीपुर में छापेमारी कर दो शातिर अभियुक्तों को दबोच लिया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान मंगल पांडेय पिता बच्चू पांडेय व कुणाल कुमार पिता मंगल पांडेय के रूप में हुआ है। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया और कागजी कार्रवाई पूरी करने के बाद दोनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वही एक अन्य कार्रवाई के दौरान, पालीगंज थाना पुलिस ने वारंटियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में सफलता हासिल की। पुलिस ने पालीगंज थाना कांड संख्या 157/बी से जुड़े फरार वारंटी अजय यादव पिता रामपाल यादव को पड़याचक इलाके से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, आरोपी लंबे समय से वांछित चल रहा था। गिरफ्तार वारंटी को भी सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। पालीगंज थाना पुलिस ने स्पष्ट किया है कि क्षेत्र में किसी भी तरह के अपराध, हिंसा या कानून का उल्लंघन करने वाले तत्वों को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ आगे भी इस तरह की विशेष छापेमारी और ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी रखेगी, ताकि इलाके में शांति और कानून का राज कायम रह सके।

पटना के फुलवारी शरीफ में पुनपुन दरधा नदी के उफान पर

पानी के तेज बहाव में 8 वर्षीय बच्ची की डूबकर मौत, कई गांवों का संपर्क टूटा

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ के गौरीचक थाना क्षेत्र स्थित छोटकी सपहुआ गांव में बाढ़ और जलजमाव के बीच एक दर्दनाक हादसा हो गया। पुनपुन और दरधा नदी के बढ़ते जलस्तर के कारण पानी के तेज बहाव की चपेट में आने से आठ वर्षीय बच्ची रीना कुमारी पिताः स्वर्गीय जितेंद्र मांझी की डूबकर मौत हो गई। इस हृदय विदारक घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, रीना कुमारी गुरुवार सुबह शौच के लिए घर से बाहर निकली थी। इलाके में नदियों का जलस्तर बढ़ने से निचले इलाकों में पानी फैला हुआ है। इसी दौरान पानी के तेज बहाव वाले रास्ते से गुजरते समय उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में चली गई।

बहाव तेज होने के कारण वह संभल नहीं सकी और डूब गई। ग्रामीणों ने काफी मशक्कत के बाद उसे पानी से बाहर निकाला, लेकिन तब तक उसकी सांसें थम चुकी थीं। सूचना मिलने पर गौरीचक थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आगे की कार्रवाई में जुट गई। पुनपुन और दरधा नदी के उफान से फतुहा प्रखंड के ग्रामीण इलाकों में बाढ़ का खतरा गहरा गया है। गौरीचक से अलावलपुर, पियररिया, जमालपुर और यमुनापुर को जोड़ने वाले मुख्य संपर्क मार्ग पर पानी चढ़ जाने से इन गांवों का सड़क संपर्क पूरी तरह बाधित हो गया है। इससे लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया है।बढ़ते खतरे और संपर्क टूटने के बावजूद जनप्रतिनिधियों के क्षेत्र में न पहुंचने से ग्रामीणों में भारी नाराजगी है। लोगों ने जिला प्रशासन से संवेदनशील स्थानों पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने, नावों का परिचालन करने, चिकित्सा दल तैनात करने और बाढ़ से निपटने के लिए समय रहते राहत सामग्री उपलब्ध कराने की पुरजोर मांग की है।

पटना के फुलवारी शरीफ में हैवान बना नशेड़ी बेटा

मां और सास को लाठी-डंडों से पीटा; 4 साल की बच्ची को किया कैद

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के फुलवारी शरीफ के गोपालपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सोना गोपालपुर गांव में नशे की लत ने रिश्तों को तार-तार कर दिया। नशे में धुत एक कलयुगी बेटे ने अपनी ही मां और सास को घर में बंद कर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड से बेरहमी से पीटा। इस खौफनाक हमले में दोनों महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं, जो लहूलुहान हालत में किसी तरह घर से बाहर निकलकर सड़क पर गिर पड़ीं। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने दोनों को गंभीर हालत में इलाज के लिए पीएमसीएच भेजा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। इसी दौरान ग्रामीणों ने पुलिस को जानकारी दी कि आरोपी ने अपनी चार साल की मासूम बच्ची को भी घर के अंदर बंद कर रखा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए डीएसपी सदर-2 रंजन कुमार और

गोपालपुर थानाध्यक्ष अमित कुमार भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घर का दरवाजा तोड़ा और अंदर बंद चार साल की मासूम बच्ची को सकुशल बाहर निकाला। इसके बाद पुलिस ने मुख्य आरोपी राजपाल यादव पिताः बद्री यादव को हिरासत में ले लिया। डीएसपी रंजन कुमार ने बताया कि आरोपी राजपाल यादव नशे का आदी है और शुरूआती जांच में वह मानसिक रूप से भी अस्वस्थ प्रतीत हो रहा है। उसने अपनी मां और सास पर जानलेवा हमला किया, जिससे उनकी स्थिति बेहद नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर थाने भेज दिया है और पूरे मामले की गहराई से कानूनी जांच की जा रही है। इस दर्दनाक घटना ने एक बार फिर समाज में नशे की भयावह होती तस्वीर को उजागर कर दिया है। जिस मां ने बेटे को पाल-पोसकर बड़ा किया, उसे ही नशे में अंधे हुए बेटे की दरिंदगी का शिकार बनना पड़ा। स्थानीय लोगों का कहना है कि नशे की लत आज परिवारों को अंदर से खोखला कर रही है। इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए युवाओं को नशे की गिरफ्त से बाहर निकालने और समाज में जागरूकता फैलाने की सख्त जरूरत है।

पटना के मसौढ़ी में प्रेमी के साथ रहने की जिद में मोबाइल टावर पर चढ़ी तीन बच्चों की मां पांच घंटे चला हाईवोल्टेज ड्रामा

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के मसौढ़ी में गुरुवार की सुबह एक अजीबोगरीब और हाईवोल्टेज ड्रामा देखने को मिला। प्रेमी के साथ रहने की जिद पर एक तीन बच्चों की शादीशुदा महिला करीब 200 फीट ऊंचे मोबाइल टावर पर जा चढ़ी। महिला को टावर पर चढ़ा देख आसपास के लोगों की सांसें अटक गईं और देखते ही देखते वहां भारी भीड़ जमा हो गई। करीब पांच घंटे तक चले इस ड्रामे के बाद पुलिस और स्थानीय लोगों की सूझबूझ से महिला को सुरक्षित नीचे उतार लिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, महिला की पहचान गौरीचक निवासी लक्ष्मी कुमारी के रूप में हुई है, जो वर्तमान में मसौढ़ी में किराए के मकान पर रहती है। उसके पति राजू राम हलवाई का काम करते हैं। बताया जा रहा है कि लक्ष्मी का पिछले कई वर्षों से मसौढ़ी अनुमंडल अस्पताल के पास स्थित एक निजी स्कूल के ड्राइवर मंटू कुमार के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा है। मंटू भी पहले से शादीशुदा है। इसी विवाद को लेकर बुधवार को

दोनों पक्षों के बीच समझौते की कोशिश हुई थी, जिसके लिए वे मसौढ़ी कोर्ट भी पहुंचे थे, लेकिन वहां किसी बात पर सहमति नहीं बन पाई। इसके अगले दिन यानी गुरुवार की सुबह करीब पांच बजे लक्ष्मी अचानक वीर कुंवर सिंह कॉलोनी स्थित मोबाइल टावर पर जा चढ़ी और अपने प्रेमी को मौके पर बुलाने की जिद करने लगी। टावर पर चढ़ी महिला का कहना था कि वह अपने प्रेमी मंटू कुमार के साथ ही रहना चाहती है। इस दौरान उसने प्रेमी पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उसने उसके साथ यौन शोषण किया है, मारपीट की है और उसके पैसे भी ठग लिए हैं। सुबह-सुबह टावर पर महिला को देख स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना मसौढ़ी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही मसौढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को नीचे उतारने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। पुलिस अधिकारियों और स्थानीय लोगों ने लगातार घंटों तक लाउडस्पीकर और बातचीत के जरिए महिला को समझाया-बुझाया। लगभग पांच घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद महिला सुरक्षित नीचे उतरने के लिए राजी हुई। इसके बाद पुलिस ने राहत की सांस ली और उसे तुरंत अपने साथ थाने ले गई। पुलिस इस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और दोनों पक्षों से पूछताछ की जा रही है।

पटना के गोपालपुर में नकली शराब बनाने के ठिकाने पर मद्य निषेध विभाग की छापेमारी

तीन गिरफ्तार, भारी मात्रा में सामान जब्त

समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश

पटना/ जिले के गोपालपुर थाना क्षेत्र स्थित बैरिया बस स्टैंड के पास पिलर नंबर 187 के समीप मद्य निषेध विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक बड़े अवैध ठिकाने पर छापेमारी की। निरीक्षक मद्य निषेध सुनील साव के नेतृत्व में गुरुवार दोपहर करीब तीन बजे की गई इस कार्रवाई के दौरान नकली शराब बनाने के सामान और भारी मात्रा में अवैध शराब के साथ तीन शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। विभाग को एक दिन पहले ही इस क्षेत्र में अवैध तरीके से नकली शराब तैयार किए जाने की पुख्ता सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही विभाग ने मौके की रेकी कर स्थिति की पुष्टि की और निरीक्षक सुनील साव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित कर छापेमारी को अंजाम दिया। छापेमारी के दौरान टीम ने मौके से भारी मात्रा में विदेशी शराब की खाली व भरी बोतलें, स्प्रिट और पैकेजिंग सामग्री जब्त की। बरामद सामानों में रॉयल चैलेंज की करीब 1000 भरी

बोतलें, रॉयल ग्रीन की 221 बोतलें, 8 पीएम की 100 खाली बोतलें, व्हीजल डायल्यूशन की 510 खाली बोतलें और 120 खाली डिब्बे, गैलन में रखा 15 लीटर तैयार शराब और 18 लीटर स्प्रिट, शराब की पैकिंग में इस्तेमाल होने वाले रैपर, खाली ढक्कन, एक पंचिंग मशीन और दो हाइड्रोमीटर सेट व इसके अलावा अवैध गतिविधियों में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल भी जब्त की गई है।इस कार्रवाई के दौरान पुलिस ने मौके से तीन लोगों को धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान युशरूपुर निवासी मणिकांत, आलमगंज निवासी अजीत कुमार और खाजेकला निवासी मोहम्मद अख्तर के रूप में हुई है। विभाग की टीम अब तीनों से कड़ाई से पूछताछ कर यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस अवैध कारोबार के पीछे और कौन-कौन लोग शामिल हैं और इसका नेटवर्क कहां तक फैला हुआ है। छापेमारी दल में निरीक्षक सुनील साव, सहायक अवर निरीक्षक रुपेश कुमार के साथ-साथ सिपाही संदीप, विनय और कृष्णा शामिल रहे।

झारखंड के बिजली संयंत्र के नाम पर 290 करोड़ रुपये के कर्ज का कथित फर्जीवाड़ा, कोलकाता में ईडी की 11 ठिकानों पर छापेमारी

कोहिनूर पावर प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े मामले में कार्रवाई, कर्ज की राशि दूसरी कंपनियों और निजी उपयोग में लगाए जाने का आरोप

समाज जागरण

कोलकाता। झारखंड में 66 मेगावाट क्षमता का बिजली संयंत्र स्थापित करने के नाम पर बैंकों से लिए गए करीब 290 करोड़ रुपये के ऋण में कथित फर्जीवाड़े की जांच के तहत प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोलकाता में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की कोलकाता क्षेत्र-एक की टीम ने कोहिनूर पावर प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े 11 ठिकानों पर एक साथ तलाशी अभियान शुरू किया है।

जांच एजेंसी के अनुसार, कंपनी ने झारखंड में 66 मेगावाट क्षमता का बिजली संयंत्र स्थापित करने के उद्देश्य से विभिन्न बैंकों से करीब 290 करोड़ रुपये का ऋण लिया था। आरोप है कि ऋण की पूरी राशि निर्धारित परियोजना में खर्च नहीं की गई। जांच में यह भी आरोप सामने आया है कि कर्ज की रकम का एक हिस्सा समूह की अन्य कंपनियों और निजी उपयोग में स्थानांतरित किया गया।

ऋण की राशि के कथित दुरुपयोग के बाद कंपनी गंभीर आर्थिक संकट में फंस गई। मामला बाद में राष्ट्रीय कंपनी विधि अधिकरण (एनसीएलटी) तक पहुंचा, जहां कंपनी के परिसमापन की प्रक्रिया शुरू हुई। बताया जा रहा है कि परिसमापन के दौरान करीब सात करोड़ रुपये ही वसूल किए जा सके। इससे बैंकों और अन्य कर्जदाताओं को भारी आर्थिक नुकसान होने की आशंका जताई गई है।

प्रमोटरों और निदेशकों के परिसरों पर भी तलाशी

ईडी की कार्रवाई कंपनी समूह के प्रमोटरों प्रशांत बोथरा और विजय बोथरा से जुड़े परिसरों तक भी पहुंची है। इसके अलावा कंपनी के अन्य निदेशकों और लेखा परीक्षकों से जुड़े ठिकानों की भी तलाशी ली जा रही है।

जांच एजेंसी की टीमें कंपनी समूह तथा उससे जुड़ी अन्य कंपनियों के कार्यालयों में भी दस्तावेज, वित्तीय अभिलेख और अन्य महत्वपूर्ण रिकॉर्ड खंगाल रही हैं। जांच का मुख्य केंद्र यह पता लगाना है कि बैंकों से प्राप्त ऋण की रकम किन-किन खातों में भेजी गई और उसका वास्तविक इस्तेमाल किस प्रकार किया गया।

ईडी की कार्रवाई के दौरान वित्तीय लेनदेन, कंपनियों के बीच धन के हस्तांतरण और परियोजना से जुड़े दस्तावेजों की भी जांच की जा रही है। एजेंसी को आशंका है कि ऋण की राशि का निर्धारित उद्देश्य से इतर इस्तेमाल किया गया हो सकता है।

झारखंड में फिर सक्रिय हुआ मानसून, 18 जिलों में बारिश और वज्रपात का अलर्ट

देवघर, जमशेदपुर, रांची, रामगढ़ समेत कई जिलों में गरज-चमक के साथ भारी बारिश की संभावना; किसानों से सावधानी बरतने की अपील

समाज जागरण

रांची। झारखंड में मानसून एक बार फिर सक्रिय हो गया है। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश के कई हिस्सों में तीन और चार सितंबर को गरज-चमक के साथ बारिश होने की संभावना है। इस दौरान आकाशीय बिजली गिरने और तेज हवा चलने की स्थिति भी बन सकती है। देवघर, जमशेदपुर, रामगढ़, रांची समेत करीब 18 जिलों में बारिश को लेकर चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार गुरुवार को राज्य के कई जिलों में आसमान में बादल छाए रहेंगे और हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। वहीं कुछ स्थानों पर भारी बारिश के साथ गरज-चमक और वज्रपात की स्थिति बनने की आशंका है। अलग-अलग जिलों के लिए मौसम विभाग ने अलग-अलग समय के अनुसार चेतावनी जारी की है। ऐसे में दिनभर मौसम में बदलाव देखने को मिल सकता है।

इन जिलों में बारिश की संभावना

जिन जिलों में बारिश की संभावना जताई गई है, उनमें देवघर, पूर्वी सिंहभूम (जमशेदपुर), पश्चिमी सिंहभूम, बोकारो, रांची, रामगढ़, खूंटी, चतरा, पलामू, दुमका, सिमडेगा, हजारीबाग, धनबाद, गिरिडीह और गुमला समेत आसपास के क्षेत्र शामिल हैं। कई स्थानों पर भारी बारिश के साथ वज्रपात की भी आशंका जताई गई है।